www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, बुधवार, 13 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -158 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

पंजाब दौरे पर जाएंगे केजरीवाल 02

■ 13 साल बाद भी अधूरी है 80 क्यूसेक गंगाजल परियोजना
■ नगर आयुक्त ने लाइब्रेरी का किया निरीक्षण विद्यार्थियों को... 04

■ पाक राष्ट्रपति पर पद छोड़ने से पहले चुनाव की तारीखों...
■ भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम में दोनों देशों में कार्यालय... 07

रिजेक्शन के बावजूद मैं इस भरोसे पर रही ... 10

भारतीय रिज़र्व बैंक
आर बी - आय ओ एस
RB - IOS
RESERVE BANK OF INDIA

G20
भारत 2023 INDIA

# रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना



शिकायत दर्ज करने के लिए
https://cms.rbi.org.in
पर जाएँ

## आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा

30 दिनों के भीतर शिकायतों का निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंकों/एनबीएफ़सी/क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों/पेमेन्ट प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, आप उनकी शिकायत आरबीआई लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं

ऑनलाइन https://cms.rbi.org.in पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ – 160017 पर शिकायत दर्ज़ करें

अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें शामिल हैं

अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली (https://cms.rbi.org.in) पर देखें

अधिक जानकारी के लिए **14448** पर कॉल करें.

समय: कार्यदिवसों पर, राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर:
- हिंदी और अंग्रेजी के लिए सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक
- 10 क्षेत्रीय भाषाओं (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) के लिए सुबह 9:30 बजे से शाम 5:15 बजे तक




जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला : चांद तो रात में निकलता हैं, आज दिन में कैसे निकल आया ?
लड़की बोली : अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।

# दिल्ली सरकार ने एमसीडी स्कूलों में टीचिंग लर्निंग मैथड को दिए चार करोड़

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। एमसीडी के स्कूलों को पहली बार टीचिंग लर्निंग मैथड टीएलएम के लिए फंड जारी किया गया है। एमसीडी के 1531 स्कूलों को टीचिंग लर्निंग मैथड सामग्री के लिए 4 करोड़ से अधिक राशि जारी की गई है। इसका इस्तेमाल टीचिंग लर्निंग मैथड को प्रभावी बनाने और बच्चों में पढ़ाई के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम की आप सरकार ने टीचिंग लर्निंग मैथड सामग्री के लिए फंड जारी किया है।

इसका इस्तेमाल सत्र 2023-24 के छात्रों के लिए स्टेशनरी का सामान, मूल्यांकन, असाइनमेंट की फोटोकॉपी, टीएलएम की लागत आदि के लिए किया जाएगा। एमसीडी के स्कूलों में एक से पांचवीं तक पढ़ रहे 8.16 लाख छात्रों के लिए यह राशि जारी की गई है। स्कूलों को फंड छात्रों की संख्या के हिसाब से आवंटित किया गया है। इसमें बुधवार को होने वाली सह पाठ्यचर्या



- **एक से पांचवीं तक पढ़ रहे 8.16 लाख छात्रों के लिए जारी गई राशि**
- **एमसीडी के स्कूलों में छात्रों की संख्या के हिसाब से आबंटित किया गया फंड**

गतिविधियों पर होने वाला व्यय भी शामिल है। यह राशि जोनल डीसीएएस, एओएस के जरिए जोनल डीडीईएस, एडीईएस अग्रिम तौर पर ले सकेंगे। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि। आम आदमी पार्टी की हमेशा से शिक्षा प्राथमिकता रही है। एमसीडी के स्कूलों में केजरीवाल मॉडल को लागू किया जा रहा है। टीचिंग लर्निंग मैथड सामग्री के लिए 4 करोड़ से अधिक राशि जारी कर दी गई है। इस फंड की मदद से वर्कशीट कल्चर को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्टेशनरी, असाइनमेंट समय ये बच्चों को मिलेंगे।

### केजरीवाल सरकार की ओर से दिया गया प्लान फंड

दिल्ली की केजरीवाल सरकार की ओर प्लान फंड दिया गया है। पिछले दिनों प्लान फंड के तहत करीब 150 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसी प्लान फंड से पहली बार टीएलएम के लिए 4.08 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इससे पहले बच्चों को स्टेशनरी संबंधी कार्यों के लिए 10 से 12 रुपए प्रति छात्र मिलते थे। लेकिन अब टीएलएम के लिए 50 रुपए प्रति छात्र दिए गए हैं।

**एमसीडी स्कूलों में नहीं था वर्कशीट का कल्चर**

दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में अभी तक वर्कशीट का कल्चर नहीं था। लेकिन अब बच्चों में अभ्यास का बढ़ावा देने के लिए वर्कशीट दी जाएंगी। इससे बच्चे घर पर अच्छे से प्रेक्टिस कर सकते हैं। टीएलएम फंड से स्टेशनरी, प्रिंटआउट संबंधी कार्य किए जाएंगे।

टीएलएम के लिए विशेष फंड देने का उद्देश्य है कि वर्कशीट प्रोपर रहे और छात्र प्रिंट आउट ले सकें। संसाधनों के अभाव में छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। टीएलएम के तहत बच्चों की पढ़ाई को लेकर पहली बार लेसन प्लान बनाए गए हैं।

## तीन दिवसीय पंजाब दौरे पर जाएंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर पंजाब जाएंगे। 13 से 15 सितम्बर तक के इस दौरे में वह कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और विधानसभा चुनाव के दौरान पंजाब की जनता से की गई कुछ बड़ी गारंटियों को भी पूरा करेंगे। इसमें शिक्षा की गारंटी के अंतर्गत अमृतसर में पहले स्कूल ऑफ एमिनेंस का उद्घाटन करेंगे और पंजाब के उद्योगपतियों के साथ टाउनहॉल में मीटिंग कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा इंडस्ट्री को लेकर पॉलिसी संबंधी बड़ी घोषणा भी किए जाने की उम्मीद है।



इसके अलावा अमृतसर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। 15 सितम्बर को लुधियाना और मोहाली में टाउनहॉल मीटिंग के बाद वापस दिल्ली आएंगे। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान भी मौजूद रहेंगे। अब तक इन प्रमुख गारंटियों को पूरी कर चुकी है आम आदमी पार्टी की सरकार। पंजाब के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बनी आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब की जनता को दी गई कई गारंटियों को अब तक पूरी कर चुकी है।

## ग्रामीणों को जारी हुआ हाउस टैक्स नोटिस तुरंत हों वापस : कमलजीत

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा महासचिव कमलजीत सहरावत, एमसीडी में एलओपी सरदार राजा इकबाल सिंह, डिप्टी। एमसीडी में भाजपा नेता जय भगवान यादव और दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने एक संवाददाता सम्मेलन में एमसीडी की विकास और रख रखाव गतिविधियों को रोकने और संपत्ति की दरें बढ़ाकर दिल्ली के नागरिकों पर अवांछित दबाव डालने के लिए आम आदमी पार्टी की निंदा की। दिल्ली भाजपा महासचिव कमलजीत सहरावत ने दिल्ली के ग्रामीणों पर हाउस टैक्स देने का दबाव बनाने के लिए मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय और आप के नगर निगम नेतृत्व की निंदा की। कमलजीत सहरावत ने कहा कि लगभग 8 वर्षों तक अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपने द्वारा गठित म्यूनिसिपल सुधार समिति के माध्यम से पूर्ववर्ती तीनों भाजपा शासित एमसीडी पर ग्रामीणों पर हाउस टैक्स लगाने के लिए दबाव डाला, लेकिन भाजपा नेतृत्व कभी भी म्यूनिसिपल सुधार समिति के दबाव के आगे नहीं झुका। भाजपा ने गांव में 200 वर्ग मीटर तक के मकानों पर कभी कोई हाउस टैक्स नहीं लगाया। और सबसे बढ़कर, दिल्ली सरकार की म्यूनिसिपल सुधार समिति के




- **हाउस टैक्स देने का दबाव बनाने के लिए की निगम नेतृत्व की निंदा**

दबाव के बावजूद कभी भी ग्रामीणों को वसूली नोटिस जारी नहीं किए गए। एमसीडी चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने हाउस टैक्स माफ करने का वादा किया था, लेकिन आज आप शासित एमसीडी ने न केवल दिल्ली के ग्रामीणों पर बल्कि ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों पर भी भारी हाउस टैक्स लगा दिया है, जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं और इसे वापस लेने की मांग करते हैं। एमसीडी में एलओपी सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि बीजेपी के वरिष्ठ पार्षदों ने कल मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय से मुलाकात की और ग्रामीणों को जारी किए जा रहे हाउस टैक्स नोटिस को तुरंत वापस लेने और चंद्रमा पर सफलता से पहुंचने पर इसरो वैज्ञानिकों एवं केंद्र सरकार को बधाई देने के लिए एमसीडी का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग करते हुए दो ज्ञापन सौंपे।

**सार संक्षेप**

### एम्स अपने कर्मचारियों के लिए लागू करेगा एफआर-एईबीएएस

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने अपने कर्मचारियों के लिए टच फ्री फेशियल रिकॉग्निशन आधारित आधार सक्षम बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम (एफआर-एईबीएएस) लागू करने का फैसला किया है। एम्स द्वारा यह निर्णय यह ध्यान में रखते हुए लिया गया कि प्रमुख संस्थान में संक्रमण का खतरा है। एम्स के निदेशक एम. श्रीनिवास द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है, सभी कर्मचारियों के लिए आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) को जल्द से जल्द लागू करने का निर्णय लिया गया है। निदेशक द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन की एक प्रति आईएएनएस के पास है, जिसमें निदेशक ने इस संबंध में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग का भी हवाला दिया है। कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, चूंकि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने अब चेहरे की पहचान आधारित एईबीएएस को सक्षम कर दिया है और यह ध्यान में रखते हुए कि अस्पताल के वातावरण में संक्रमण का खतरा है, एम्स नई दिल्ली में स्पर्श मुक्त चेहरे की पहचान आधारित एईबीएएस को लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसमें आगे कहा गया है, कंप्यूटर प्रकोष्ठ से अनुरोध है कि वह 31 अक्टूबर तक एफआर-एईबीएएस प्रणाली को चालू करने को एनआईसी, एनआईसीएसआई को एफआर-एईबीएएस के लिए आवश्यक कार्य आदेश तुरंत जारी करे।

### प्रदूषण से नहीं बल्कि दिवाली के त्योहार से लड़ रही सरकार : मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा पटाखों पर लगाए गए बैन को तुष्टिकरण की राजनीति करार देते हुए भाजपा ने आरोप लगाया है कि पिछले कुछ सालों से अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार प्रदूषण से नहीं बल्कि दिवाली के त्योहार से लड़ रही है। भाजपा ने ग्रीन पटाखों को चलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय को भी लागू करने की मांग की है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए हर साल पटाखों पर बैन लगा देती है और पिछले कुछ सालों से अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार प्रदूषण से नहीं बल्कि दिवाली के त्योहार और उत्साह से लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही दिवाली का त्योहार नजदीक आता है वैसे ही केजरीवाल सरकार पटाखों पर बैन लगा देती है। जबकि, आईआईटी दिल्ली की रिपोर्ट के अनुसार पटाखों से सिर्फ 2 फीसदी प्रदूषण फैलता है।

## वीर सावरकर अस्पताल में होगा प्रसूति सेवाओं का विस्तार

### मेयर शैली ओबरॉय ने वीर सावरकर अस्पताल का निरीक्षण किया

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का जायज़ा लेने और दिल्ली के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय अस्पतालों का लगातार निरीक्षण कर रहीं है। इसी कड़ी में आज मेयर ने शाहदरा उत्तरी क्षेत्र, करावल नगर स्थित वीर सावरकर अस्पताल का दौरा किया। मेयर ने सबसे पहले अस्पताल में प्रसूति वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर के संज्ञान में आया कि अस्पताल में सामान्य प्रसव की सुविधा तो है लेकिन सिजेरियन प्रसव के लिए ऑपरेशन थिएटर की सुविधा नहीं है। इसके लिए मरीज को स्वामी दयानद अस्पताल में रेफेर किया जाता है। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर समाधान निकाला जाएगा और सिजेरियन की सुविधा उपलब्ध करायी जाएंगी। इस दौरान मेयर ने वीर सावरकर अस्पताल में सफाई



व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में इलाज कराने आये मरीजों से बात कर दवाओं की उपलब्धता और इलाज संबंधी सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा वेटिंग एरिया में मरीजों और उनके तीमारदारों के बैठने के लिए बैंच और पंखे लगाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम में लगातार सुधार के कार्य चल रहे हैं दिल्ली सरकार की तर्ज पर निगम अस्पतालों और डिस्पेंसरी में भी सुधार किया जाएगा।

### मेयर व डिप्टी मेयर ने वार्डों में किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

मेयर डॉ.शैली ओबरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल लगातार वार्डों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसके साथ अलग-अलग वार्डों में औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने आज वार्ड-242 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहीं डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल मटिया महल वार्ड नंबर 76 में छत्ता लाल मियां इलाके में साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल को गली, नुक्कड़ में कई जगह सफाई की कमी दिखी। वहां कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान सजाए गए भारत मंडपम का एक मनमोहक दृश्य। फोटो इम्तियाज खान

## तीर्थ यात्रा का राजनीतिकरण कर रही है सरकार : भाजपा

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा के दिल्ली प्रदेश की प्रवक्ताओं शिखा राय और नियोमा गुप्ता ने अरविंद केजरीवाल सरकार पर तीर्थ यात्रा का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दिल्ली की मंत्री आतिशी स्टेडियमों में बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित करती हैं और बुजुर्ग तीर्थयात्रियों और उनके परिवार के सदस्यों पर अपने साथ समारोह में शामिल होने के लिए दबाव डालती हैं, वह निंदनीय है और किसी भी संवेदनशील सरकार से इसकी उम्मीद नहीं की जाती है। भाजपा की दोनों प्रवक्ताओं ने केजरीवाल सरकार के रवैये की निंदा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री या उनकी मंत्री आतिशी के भाषण सुनने के लिए तीर्थयात्रियों को स्टेडियम में आने के लिए मजबूर करना बेहद असंवेदनशील है। सरकार भले ही तीर्थयात्रा के लिए भुगतान कर रही हो, लेकिन कोई भी सरकार अपने मंत्रियों के भाषण सुनने के लिए बुजुर्गों को अपनी जेब से भुगतान करने के लिए कैसे बाध्य कर सकती है। अगर आतिशी और उनके मुख्यमंत्री बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील हैं तो उन्हें अब आगे से रेल प्रस्थान करने वाले रेलवे स्टेशन पर जाकर तीर्थयात्रियों को विदाई देनी चाहिए। दिल्ली सरकार को स्टेडियमों को किराये पर लेने और विदाई समारोहों के लिए अन्य व्यवस्था करने पर लाखों रुपये खर्च करना बंद करना चाहिए। यह भी बताना चाहिए कि सहायता टीमों की आड़ में प्रत्येक तीर्थयात्री समूह के साथ कितने आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं को भेजा जाता है।

## महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की

### संरक्षा को बेहतर बनाने में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को संरक्षा पुरस्कार दिए गए

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने जिनमें प्लेटफार्मों का विस्तार, वाशेबल एप्रनों, प्लेटफार्मों का लेवल उठाने, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट-ओवर-ब्रिज, एस्केलेटर, लिफ्ट और दिव्यांगजनों के लिए सुविधा, स्टेशनों के मुख्य दवार सहित स्टेशन इमारतों में सुधार इत्यादि उपलब्ध कराने पर बल दिया । उन्होंने गतिशीलता में वृद्धि और अन्य विकासात्मक ढांचागत कार्यों व माल लदान के कार्यों की समीक्षा की । कार्य-प्रगति की समीक्षा करने के साथ-साथ, महाप्रबंधक ने रेल यात्रियों और रेल संपत्ति की



- **संरक्षा और ढांचागत कार्यों की समीक्षा**
- **समयपालनबद्धता को बेहतर बनाने पर बल**
- **माल लदान और आय में वृद्धि पर बल**

संरक्षा और सुरक्षा में उच्च मानकों को बनाए रखने में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले 9 सजग कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया । उन्होंने रेलगाड़ियों की समयपालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड को बनाए रखने, गतिशीलता में वृद्धि से जुड़े कार्यों को तेज करने और प्रगति की जांच करने के अभियान चलाने के निर्देश दिए । उन्होंने चल रहे मानसून सीजन के दौरान संरक्षा बढ़ाने पर बल दिया और रेल परिचालन के दौरान आने वाली बाधाओं को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों और रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की।

## सनातन विवाद को राजनीतिक रंग देने की कोशिश में भाजपा

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। सनातन धर्म को लेकर राजनीतिक दलों में बहस शुरू हो गई है। द्रमुख नेता उदयनिधि स्टालिन के विवादित बयान के बाद यह राजनीतिक रंग लेता दिखाई पड़ रहा है। भाजपा अब इस मुद्दे को ढंठा नहीं होने देना चाहती है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसको लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन नेताओ को इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि मोहब्बत की दुकान के नाम पर सनातन धर्म के खिलाफ नफरत का सामान क्यों बेचा जा रहा है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने इस मामले में कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष को घेरने की कोशिश की है। चुनावी साल में मामले को चुनावी रंग देने की जद्दोजहद करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सनातन का विरोध तथाकथित घमंडिया गठबंधन का संकल्प है। शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि वे कहते हैं अगर प्रभु श्रीराम के मंदिर का उद्घाटन होगा तो गोधरा जैसा नरसंहार हो जाएगा। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि इसका मतलब है। स्वर्गीय बालासाहब ठाकरे के बेटे ऐसी बात कर रहे हैं, जिन्होंने राममंदिर आंदोलन के दौरान देश में नई ऊंचाई और साहस का परिचय दिखाया था। उन्होंने कहा कि सनातन पर घमंडिया गठबंधन के लोग तरह-तरह से हमला कर रहे हैं,लेकिन कांग्रेस के दिग्गज नेता सोनिया और प्रियंका खामोश हैं। रविशंकर ने कहा कि हिंदुस्तान सनातन का अपमान नहीं सहेगा। इसको लेकर वोट बैंक की राजनीति हो रही है। उन्होंने इस मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद, जदयू नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी कटघरे में खड़ा किया।

**कांग्रेस पर किया तीखा हमला**

# जी-20 की तर्ज पर चमकेगी राजधानी

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली को खूबसूरत बनाने के क्रम में सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने दक्षिणी दिल्ली में साकेत में प्रेस एन्क्लेव रोड, मंदिर मार्ग सहित चार मुख्य सड़कों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया व उन्हें सड़कों को रिडिजाइन कर स्वच्छ,सुंदर और यूजर फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली वालों को ये वादा है कि जैसे जी-20 के दौरान दिल्ली के कुछ हिस्सों को चमकाया गया, नया स्वरूप दिया गया ठीक उसी तरह अब दिल्ली की सभी सड़कों को शानदार बनाया जाएगा। पूरी दिल्ली की सड़कों को जी-20 के तर्ज पर चमकाया जाएगा। अभी पिछले कुछ महीनों से जिस प्रकार जी-20 से जुड़े क्षेत्रों में काम किया जा रहा था अब ठीक उसी तरह से ये पूरी दिल्ली में किया जाएगा। इस बाबत कल विभागों के साथ रिव्यु किया गया और आज बिना एक दिन का समय गंवाएं पूरा पीडब्ल्यूडी विभाग ग्राउंड जीरो पर है और जमीनी स्तर पर काम करना शुरू कर चूका है। इस दिशा में आज अधिकारियों के साथ दक्षिणी दिल्ली की इन सड़कों का निरीक्षण कर ये समीक्षा की कि कैसे यहां की सड़कों को बेहतर बनाया जा सकता है, फुटपाथ को नया स्वरुप दिया जा सकता है, हॉर्टिकल्चर के साथ कैसे पूरे स्ट्रेच को खुबसूरत बनाया जा सकता है। साथ ही जरूरत के अनुसार सड़कों को रिडिजाइन भी किया जाए। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों को बेहतर बनाने के क्रम में सभी बारीकियों का ध्यान रखा जाए और इसकी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए हर जरुरी कदम उठाया जाए।



- **दक्षिणी दिल्ली की चार सड़कों का होगा कायाकल्प : आतिशी**
- **साकेत में मुख्य सड़कों का अधिकारियों संग किया निरीक्षण**


G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 82235068 | ओसीटी मशीन (संलग्न विनिर्देशन के अनुसार) | 1 | 10.10.2023 |

**निविदा शर्तें:** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
**निविदा सूचना सं.: 82235068 दिनांक: 11.09.2023** 2806/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**अधिसूचना**

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में सेवाओं की अत्यावश्यकता के कारण मासिक पारिश्रमिक के आधार पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की पुननियुक्ति। 27.09.2023 को या उससे पहले विभिन्न श्रेणियों (कुल 08 रिक्तियों) के लिए दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में मासिक पारिश्रमिक के आधार पर पुनर्नियुक्ति के लिए सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। दिनांक 27.09.23 को पुनर्नियुक्ति के लिए अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 64 1/2 वर्ष है। कर्मचारी को हटाया गया/बर्खास्त किया गया/अनिवार्य सेवानिवृत अनुशासनात्मक कारवाई या लंबित सतर्कता मामलों के परिणामस्वरूप या समीक्षाधीन और सेवानिवृत कर्मचारियों को फिर से नियुक्त किया जा रहा है, सुरक्षा के तहत कवर किया गया संबंधित सेवानिवृति योजना/सुरक्षा कर्मचारियों के लिए गारंटीकृत रोजगार के लिए उदार सक्रिय सेवानिवृति योजना (LARSGESS) पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं। अधिक जानकारी के लिए और आवेदन डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in> हमारे बारे में> डिवीजन> दिल्ली> कार्मिक> दिल्ली डिवीजन पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की फिर से नियुक्ति (कुल 08 एनओ रिक्तियों) और www.nr.indianrailways.gov.in> पर जाएं। समाचार और भर्ती >भर्ती >अधिसूचना। 2822/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

निम्मिलखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अंतर्गत एसएसई/पी-वे/डीएलआई अनुभाग में वर्ष 2023-24 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | ₹ 1,49,99,097.26 (रुपये एक करोड़ उनंचास लाख निन्यानवे हजार सत्तान्नवे और छब्बीस पैसे मात्र) |
| 3. | बयाना राशि (रू) | ₹ 2,25,000/- (रुपये दो लाख पच्चीस हजार मात्र) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | 29.09.2023 को 15.00 बजे तक। |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शतों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/50-2023-24/W-3 दिनांक: 06.09.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2800/23

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 13 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -158 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





किसान दुनिया के सच्चे संरक्षक : मुर्मु 08

■ 13 साल बाद भी अधूरी है 80 क्यूसेक गंगाजल...
■ 17वें फ्लोर से कूदकर महिला ने की आत्महत्या 04

■ पाक राष्ट्रपति पर पद छोड़ने से पहले चुनाव की तारीखों...
■ मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या 2,681 हुई... 07

रिजेक्शन के बावजूद मैं इस भरोसे पर रही... 10

## सार संक्षेप

### विमान में खराबी दूर होने के बाद ट्रूडो हुए रवाना



**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो , जो पिछले दो दिनों से यहां राष्ट्रीय राजधानी में फंसे हुए थे, आखिरकार मंगलवार दोपहर को विमान की तकनीकी खराबी ठीक होने के बाद कनाडा के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री ट्रूडो 10 सितम्बर को जी20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद विमान में तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली में फंस गए थे।

### ईडी के सामने पेश हुई टीएमसी सांसद नुसरत जहां



**कोलकाता।** टीएमसी सांसद नुसरत जहां मंगलवार को ईडी के स्थानीय कार्यालय पहुंचीं। जहां ईडी अधिकारियों ने उनसे छह घंटे से अधिक समय पूछताछ की। ईडी ने नुसरत जहां को फ्लैट देने का वादा करके वरिष्ठ नागरिकों को कथित रूप से ठगने के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। नुसरत जहां लगभग 6.30 घंटे की पूछताछ का सामना करने के बाद कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में ईडी के सॉल्टलेक दफ्तर से बाहर आईं। नुसरत जहां सुबह करीब 10.50 बजे ईडी दफ्तर पहुंचीं थी।

### कश्मीर में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के बनिहाल क्षेत्र के वागन में मंगलवार की सुबह एक ट्रक के चट्टान से टकराने के बाद गहरी खाई में गिर जाने से भाई-बहन समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस हादसा उस वक्त हुआ, जब जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा ट्रक बनिहाल में शेरबीबी के पास चट्टान से टकरा गया और सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया।

### गैंगस्टर बिश्नोई के प्रमुख गुर्गे पंजाब में गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई द्वारा समर्थित एक जबरन वसूली रैकेट का भंडाफोड़ किया है। साथ ही पुलिस ने दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान चंडीगढ़ के तरलोचन सिंह उर्फ राहुल चीमा तथा हरियाणा के झज्जर के हरीश उर्फ हैरी उर्फ बाबा के रूप में हुई है।

### डीआरआई ने कच्छ में प्राचीन वस्तुएं जब्त की

**कच्छ।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने कच्छ के मुंद्रा में कंटेनर फ्रेट स्टेशन (सीएफएस) पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आए एक शिपिंग कंटेनर से प्राचीन मूर्तियों और कलाकृतियों सहित प्राचीन वस्तुओं को जब्त किया है।

# राजद्रोह कानून मामले पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

## सुप्रीम कोर्ट ने कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेजा

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता के तहत राजद्रोह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को मंगलवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को विचार के लिए भेज दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इसके साथ ही नए प्रस्तावित दंड संहिता में राजद्रोह प्रावधान को संशोधित करने वाला नया कानून लागू होने तक मामले की जांच स्थगित करने की केंद्र की याचिका भी खारिज कर दी। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत की इस पीठ के समक्ष कहा कि नए प्रस्तावित दंड संहिता में राजद्रोह प्रावधान को संशोधित किया गया है।

**स्थायी समिति के समक्ष विचाराधीन**

प्रस्तावित कानून फिलहाल संसदीय स्थायी समिति के समक्ष विचाराधीन है। इस बीच वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी समेत अन्य ने पीठ के समक्ष कहा कि नया कानून बनने से आईपीसी की धारा 124ए की संवैधानिकता को चुनौती खत्म नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नए कानून को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने 124ए की



■ कोर्ट ने सुनवाई टालने के केंद्र के अनुरोध किया अस्वीकार
■ अदालत के आदेश के कारण राजद्रोह कानून फिलहाल स्थगित

संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टालने के केंद्र के अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया।

पीठ ने कहा, कई कारण हैं-धारा 124 ए कानून की किताब में बनी हुई है और दंडात्मक क़ानून में नए कानून का केवल संभावित प्रभाव होगा और अभियोजन की वैधता 124ए तक बनी रहेगी और चुनौती का मूल्यांकन इस प्रकार किया जाना चाहिए। श्री सिब्बल ने कहा कि केदारनाथ सिंह मामले (पांच सदस्यी संविधान पीठ का फैसला, जिसने प्रावधान की संवैधानिकता को बरकरार रखा था) पर पुनर्विचार करने के लिए मामले को पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जा सकता है या तीन न्यायाधीशों की मौजूदा पीठ ही इस पर फैसला कर सकती है। उन्होंने कहा कि नया कानून बहुत खराब है। इसके रहते मुकदमा चलता रहेगा। पीठ ने कहा कि उसे पांच न्यायाधीशों की पीठ का गठन करना होगा, क्योंकि पांच न्यायाधीशों की पीठ का फैसला उस पर बाध्यकारी है। शीर्ष अदालत के 11 मई, 2022 के आदेश के कारण राजद्रोह कानून फिलहाल स्थगित है।

**लॉ कमीशन ने कहा, राजद्रोह कानून जरूरी**

लॉ कमीशन ने 2 जून को सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आयोग का कहना था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए को आईपीसी में बनाए रखने की आवश्यकता है। इसको हटाने का कोई वाजिब कारण नहीं है। हालांकि स्पष्टता के कुछ संशोधन किए जा सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल लगा दी थी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में एक आदेश दिया है कि जब तक आईपीसी की धारा 124 ए की री-एग्जामिन प्रोसेस पूरी नहीं हो जाती, तब तक इसके तहत कोई मामला दर्ज नहीं होगा। कोर्ट ने पहले से दर्ज मामलों में भी कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने यह भी कहा था कि इस धारा में जेल में बंद आरोपी भी जमानत के लिए अपील कर सकते हैं।

### आसाराम की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम बापू की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वीएन भट्टी की पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद कहा कि याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है। पीठ ने कहा कि अगर निचली अदालत द्वारा याचिकाकर्ता के दोषसिद्धि के खिलाफ अपील पर शीघ्र सुनवाई नहीं की जाती है तो वह सजा निलंबित करने के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष नई याचिका दायर कर सकता है।

# केरल में निपाह वायरस से दो की मौत

## कोझिकोड में निपाह वायरस का 'अलर्ट'

**तिरुवनंतपुरम,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज मंगलवार को कोझिकोड पहुंचीं, जहां कथित तौर पर निपाह वायरस से संक्रमित होने के बाद दो लोगों की मौत हो गई है। राज्य विधानसभा का सत्र चलने के बावजूद मंत्री कोझिकोड पहुंचे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे मौतों के कारणों की जांच कर रहा है और नतीजों का इंतजार है।

रिपोर्ट को संबोधित करते हुए, जॉर्ज ने कहा कि कोझिकोड वायरस के लिए अलर्ट पर है और सभी प्रोटोकॉल लागू हैं और आवश्यकता पड़ने पर लागू किए जाएंगे। उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने से पहले कहा, हम पांच नमूनों के नतीजे आने का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि शुरुआत में जब कोई मौत हुई थी, तो इसे अन्य कारणों से हुई प्राकृतिक मौत के रूप में देखा गया था। लेकिन फिर जल्द ही मृत व्यक्ति के नौ वर्षीय बेटे को बुखार हो गया और एक अन्य को भी बुखार के कारण भर्ती कराया गया है। जब हिस्ट्री खंगाली गई तो अधिकारियों को कुछ संदेह हुआ। इसलिए हम अब परीक्षण के नतीजे आने का इंतजार कर रहे हैं।'




### केंद्र से विशेषज्ञों की टीम भेजी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हमने स्थिति का जायजा लेने और इससे निपटने में राज्य सरकार की मदद के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेजी है।

# मोनू मानेसर हरियाणा में गिरफ्तार

## नासिर-जुनैद हत्याकांड में शामिल होने का है आरोप

**चंडीगढ़,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा पुलिस ने मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर लिया है। मोनू पर 31 जुलाई को नूंह में हुई हिंसा से पहले भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट डालने का केस है। नूंह पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने उसे गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। मोनू को उसी के गांव मानेसर की मार्केट से पकड़ा गया। मोनू को गिरफ्तारी के बाद नूंह कोर्ट में पेश किया गया। जहां पुलिस ने उसका रिमांड मांगा, मगर कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भौंडसी जेल भेज दिया। मोनू मानेसर पर भिवानी में हुए राजस्थान के नासिर-जुनैद हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। इस केस में वह पिछले 8 महीने से फरार था।

**14 दिन की हिरासत में भेजा**



### राजस्थान पुलिस को सौंपा

मोनू की गिरफ्तारी का पता चलते ही राजस्थान पुलिस भी कोर्ट पहुंच गई। मोनू को जेल छोड़ने पहले ही राजस्थान पुलिस को उसका ट्रांजिट रिमांड मिल गया। इसके बाद हरियाणा पुलिस ने उसे राजस्थान पुलिस के हवाले कर दिया। उसे लेकर राजस्थान पुलिस रवाना हो गई है।

# इंडिया गठबंधन की 'समन्वय समिति' की बैठक आज

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। विपक्षी गठबंधन इंडिया के समन्वय समिति की बैठक बुधवार को नईदिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर होगी। इसमें सीटों के बटवारे व चुनाव अभियान पर चर्चा की जाएगी। समन्वय समिति में केवल गठबंधन के वरिष्ठ नेताओ को ही शामिल किया गया है। इसलिए जदयू इस बैठक से बाहर रह सकती है। क्योंकि पार्टी प्रमुख व समन्वय समिति के सदस्य राजीव रंजन ऊर्फ ललन बाबू डेंगू के शिकार हो गए हैं।

**मुंबई में 28 दल एक मंच पर दिखे थे साथ**

समन्वय समिति की बैठक ऐसे समय पर हो रही है,जब गठबंधन ने बिना औपचारिक तालमेल के भी छह राज्यों के सात विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव में चार पर जीत हासिल कर लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए को मजबूत चुनौती पेश करने का संकेत दे दिया है। इससे पहले मुंबई में इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक में 28 विपक्षी दल एक मंच पर साथ दिखे थे। गठबंधन का लक्ष्य जीत की संभावनाओं को अधिकतम करने के लिए एक सीट पर एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने का है। ताकि गैर भाजपा मतदाताओं का बिखराव थामा जा सके। फिलहाल इस साल के आखिर में होने जा रहे पांच राज्यों के चुनाव में गठबंधन के दल अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। जिससे गैर भाजपा मतों में बिखराव हो सकता है। बावजूद अगर इन चुनावों में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया तो लोकसभा चुनाव में अधिकतम सीटो पर चुनाव लड़ने की उसकी दावेदारी और मजबूत हो जाएगी।

आज होने वाली बैठक के पूर्व पटना में पार्टियों में मैराथन बैठकों का दौर चला और आगे की रणनीति को लेकर मंथन किया गया। बैठकों से निकलकर आई जानकारियों पर गौर करें तो इन बैठकों में संगठन पर तो बातचीत की ही गई।





■ पहली बैठक में सीट बंटवारे पर होगी चर्चा
■ प्रमुख शरद पवार के आवास पर होगी बैठक

### समन्वय समिति में शामिल सदस्य

समन्वय समिति में पवार के अलावा कांग्रेस के के.सी. वेणुगोपाल, डीएमके के टीआर बालू, जेएमएम के हेमंत सोरेन, शिवसेना के संजय राउत, राजद के तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, आप के राघव चड्ढा, समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान, जद-यू के लल्लन सिंह, सीपीआई के डी.राजा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। सीपीआई-एम ने अभी तक अपनी पार्टी के नेता का नाम नहीं दिया है।

नौकरी के बदले जमीन का मामला

# लालू के खिलाफ चलेगा केस

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि कथित नौकरी के बदले जमीन मामले में नए आरोप पत्र में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद के खिलाफ गृह मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। लेकिन जांच एजेंसी ने राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गीतांजलि गोयल को सूचित किया कि तीन रेलवे अधिकारियों के खिलाफ मंजूरी अभी तक नहीं मिली है।



**सीबीआई को केंद्र से मिल गई है मंजूरी**

8 अगस्त को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा था कि आरोपी लालू प्रसाद यादव, महीप कपूर, मनोज पांडे और डॉ. पी.एल. बनकर के संबंध में अभी मंजूरी नहीं मिली है। जुलाई में, अदालत ने यादव और अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी प्राप्त करने के लिए सीबीआई को समय दिया था। गोयल ने जांच एजेंसी को समय दिया था, क्योंकि उसने इस आशय की प्रार्थना की थी। मंगलवार को सीबीआई ने कहा कि शेष मंजूरी एक सप्ताह के भीतर मिलने की उम्मीद है।

**21 को होगी अगल सुनवाई**

इसके बाद न्यायाधीश ने मामले को अगली सुनवाई 21 सितंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया। सीबीआई ने 18 मई, 2022 को लालू और उनकी पत्नी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों सहित 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जुलाई में कहा था कि उसने लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती की 6 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति और उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत जुड़ी कंपनियों को जब्त कर लिया है। सीबीआई ने 3 जुलाई को लालू, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

# मोदी का वादा अडानी से है, किसानों से नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा देश के किसानों, गरीबों और आम आदमी से नहीं बल्कि अमेरिका तथा अडानी से है और उसे वह पूरा कर रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार को पहले अपने देश के आम लोगों का हित सोचना चाहिए और उसके बाद ही उसे दूसरे देश के हितों को साधने का काम करना चाहिए। सरकार को अपने सेब उत्पादों को फायदा पहुंचाने का काम करना चाहिए जबकि वह अमेरिका तथा अपने चहेते पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने श्री मोदी के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा, मैंने कमिटमेंट कर दी तो मैं खुद की भी नहीं सुनता, मोदी जी ने ऐसा कमिटमेंट अडानी और अमेरिका से किया है। जब मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं थे तो कहते थे सेब पर 100 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी लगा देंगे। लेकिन अब खबरें हैं कि मोदी जी ने अमेरिक को कमिटमेंट किया है कि अमेरिका के सेब पर 15 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी कर दी गई है, जो कभी 70 प्रतिशत थी। इसका सीधा नुकसान आपदा पीड़ित हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर के सेव उत्पादक किसानों को होना है।''



■ अमेरिका के सेब पर इंपोर्ट ड्यूटी 15 प्रतिशत की

राज्य में थम नहीं रही हिंसा

# मणिपुर में 3 लोगों की गोली मारकर हत्या

**इंफाल,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर के कांगपोपकी जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने तीन आदिवासी लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मणिपुर की राजधानी इंफाल में अधिकारियों ने कहा कि सशस्त्र चरमपंथियों ने इम्फाल पश्चिम और कांगपोपकी जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में इरेंग और करम के बीच गांवों पर हमला किया और तीन ग्रामीणों को मौके पर ही गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। चरमपंथी सुबह-सुबह एक वाहन में आदिवासी बहुल गांवों में आए और सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले चले गए। घटना के विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश भाजपा के 23 विधायकों ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया, जिसमें उन्होंने 10 कुकी विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुकी विधायक राज्य में अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं।

तैयारी *कमल के फूल और खाकी रंग को नई ड्रेस में मिली जगह*

# नई संसद में नई ड्रेस में नजर आएंगे कर्मचारी

**नई दिल्ली, 12 सितम्बर (एजेंसियां)। 18 सितम्बर से शुरू होने जा रहे संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन, 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा। इस विशेष सत्र के दौरान संसद भवन के कर्मचारी भी नई ड्रेस में नजर आएंगे। संसद के इस विशेष सत्र में संसद के सभी पुरुष और महिला कर्मचारी नई ड्रेस में नजर आएंगे।**

बताया जा रहा है कि सभी कर्मचारियों की ड्रेस यहां तक कि जूते तक को बदल दिया गया है। नई ड्रेस में कमल के फूल और खाकी रंग को भी तवज्जो दी गई है। संसद भवन के कर्मचारियों के लिए यह नई ड्रेस निफ्ट द्वारा डिजाइन किया गया है। अब सचिवालय के कर्मचारी बंद गले के सूट की बजाय मेजेंटा या गहरे गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट पहने नजर आएंगे।

संसद भवन के टेबल ऑफिस के स्टाफ यानी सदन में स्पीकर के सामने बैठने वाले स्टाफ भी इसी ड्रेस में नजर आएंगे। इनकी शर्ट भी गहरे गुलाबी रंग की होगी, जिन पर कमल का फूल बना होगा और ये कर्मचारी अब खाकी रंग की पैंट पहने नजर आएंगे।



■ निफ्ट द्वारा डिजाइन की गई है नई ड्रेस
■ गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट भी पहनेंगे

### मार्शल मणिपुरी पगड़ी पहने नजर आएंगे

दोनो सदनों के मार्शल भी नई संसद में मणिपुरी पगड़ी पहने नजर आएंगे। इसके साथ ही संसद भवन के अन्य सुरक्षाकर्मियों की ड्रेस भी बदल दी गई है। अब ये सुरक्षाकर्मी सफारी सूट की बजाय सैनिकों की तरह कैमोफ्लेज ड्रेस पहने नजर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसा कि पहले हुआ करती थी।

**विशेष सत्र में 5 बैठकें होंगी**

18 से 22 सितंबर के दौरान आयोजित होने वाले संसद के इस विशेष सत्र में 5 बैठकें होंगी।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश पर इन दिनों आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णत: अंकुश लगाये जाने प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद गाजियाबाद एवं प्रवर्तन मेरठ की संयुक्त टीम ने ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे डासना टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच के दौरान एक महिन्द्रा बोलेरो पिक-अप वछह लाख रुपए की शराब बरामद की। राकेश कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी

## 13 साल बाद भी अधूरी है 80 क्यूसेक गंगाजल परियोजना

**नोएडा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। 13 साल बाद भी नोएडा को 80 क्यूसेक गंगाजल नहीं मिल सका है। इसकी जिम्मेदारी किसकी है। प्राधिकरण या कार्यदायी संस्था यूपी राज्य निर्माण निगम की ओर से लापरवाही बरती गई। पाइप लाइन बिछाने के बाद 7.10 किमी लंबी लाइन क्षतिग्रस्त भी हो गई। ये लाइन अन्य निर्माण कार्य के दौरान हुई। ऐसे में निगरानी की जिम्मेदारी किसकी थी। प्राधिकरण हमेशा से बोलता आ रहा है कि निर्माण और रखरखाव की जिम्मेदारी यूपीआरएनएन की है। अब इस पूरी परियोजना की जांच होगी। इसके लिए प्राधिकरण ने छह सदस्य की एक जांच समिति बना दी है। इस समिति में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभाष कुमार (अध्यक्ष) होंगे। इसके अलावा प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक, महाप्रबंधक (जल), उप महाप्रबंधक (सिविल), अतिरिक्त महाप्रबंधक उप्र राज्य निर्माण निगम और उप महाप्रबंधक सहयोगी सदस्य होंगे। जांच करने के बाद रिपोर्ट को आगामी बोर्ड में प्रस्तुत किया जाएगा।

- 61 सेक्टरों के 6 लाख लोगों को मिलेगा लाभ
- 2009 में यूपी राजकीय निर्माण निगम के साथ एमओयू हुए थे साइन

नोएडा में वर्तमान में 125 सेक्टरों में 200 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई की जा रही है। प्राधिकरण ने 80 क्यूसेक गंगाजल परियोजना का खाका तैयार किया। 27 फरवरी 2009 को उप्र राज्य निर्माण निगम के साथ प्राधिकरण ने इसका इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए एमओयू साइन किए। परियोजना की लागत 259.53 करोड़ तय की गई। इसका निर्माण कार्य 26 फरवरी 2010 में पूरा होना था। यूपीआरएनएन ने टाइम एक्सटेंशन लिया। अब 2014 में उसे निर्माण पूरा कर देना था। इसके लिए प्राधिकरण ने 2016 ने कंपनी को 218.54 करोड़ का भुगतान भी किया। ये योजना 2015 से फंसी हुई है। इसका निर्माण पूरा नहीं किया जा सका है। योजना के तहत यूपी राजकीय निर्माण निगम को कुल 94.33 किमी लंबी लाइन तैयार कर नोएडा प्राधिकरण को देनी है। इसमें से 17.01 किमी लाइन का निर्माण कर प्राधिकरण को दिया जा चुका है। वहीं 7.10 किमी लंबी लाइन क्षतिग्रस्त है। करीब 2800 मीटर लाइन जमीन विवाद के कारण नहीं बनाई जा सकी है। प्राधिकरण की सीईओ की अध्यक्षता में बैठक में सीईओ ने यूपी राज्य निर्माण निगम को 30 सितम्बर तक क्षतिग्रस्त लाइन ठीक करने की कार्ययोजना देने के लिए कहा है।

**एक नजर में डालते है 80 क्यूसेक गंगाजल**

- योजना 80 क्यूसेक गंगाजल परियोजना
- 27 फरवरी 2009 को नोएडा और यूपीआरएनएन के बीच एमओयू साइन किया जाना
- कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम
- अब किया गया भुगतान 218 करोड़
- कार्य की समाप्ति 26 फरवरी 2010
- टाइम एक्सटेंशन 31 मई 2014
- 2015 से काम लटका हुआ है।

### योजना के पूरा होने लाभान्वित होते 6 लाख लोग

योजना के पूरा होने से नोएडा के 61 सेक्टरों के 6 लाख लोगों तक गंगाजल की सप्लाई होती है। ये सप्लाई 2010 में उनको मिल जानी चाहिए थी। लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका। करीब सात किमी लंबी क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत के लिए नोएडा प्राधिकरण और निर्माण कार्यदायी संस्था के बीच 28.03 करोड़ का एमओयू साइन किया गया। इस एमओयू पर निर्णय होना बाकी है।

### अधूरे पड़े यूजीआर

योजना के लिए सेक्टर-137, 132, 143ए,154 और एक मास्टर यूजीआर सेक्टर-118 में बनाया जाा रहा है। लेकिन अधिकांश का काम अभी अधूरा है। मास्टर यूजीआर में विद्युतीकरण, मोटर ट्रांसफार्मर और जनरेटरों की कमीशिंग का काम अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। इससे जाने वाली 600 और 700 एमएम व्यास की जीआरपी पाइप लाइन जो कि सोरखा के सामने प्रत्येक लगभग 1400 मीटर कुल लंबाई 2800 मीटर लंबाई में डाली जानी थी अभी तक लंबित है।


## नगर आयुक्त ने लाइब्रेरी का किया निरीक्षण विद्यार्थियों को दिए कंपटीशन की तैयारी के गुर



**गाजियाबाद,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त ने सिटी जोन स्थित कंपनी बाग की लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। साथ ही वहां पर अध्ययन कर रहे छात्रों का प्रतियोगिता में सफलता के लिए गुर भी दिए।।

शहर के विद्यार्थी अपनी पढ़ाई व अन्य कंपटीशन की तैयारी के लिए बैठकर स्टडी करते हैं, लाइब्रेरी को वातानुकूलित बनाया गया है विद्यार्थियों की सुविधा की दृष्टिगत सभी व्यवस्था कराई गई हैं, जिस पर नगर आयुक्त ने विद्यार्थियों से वार्ता की। कंपटीशन की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त से विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक वार्ता की साथ ही कुछ टिप्स भी जाने नगर आयुक्त ने उपस्थित विद्यार्थियों को कंपटीशन की तैयारी को लेकर उत्साहित किया। साथ ही यूपीसीई व अन्य कंपीटीशन की तैयारी के लिए किताबों की संख्या बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। लाइब्रेरी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी सुविधा है जिस पर नगर आयुक्त ने विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए पत्रिका तथा अखबारों की संख्या बढ़ाने के लिए भी कहा। लाइब्रेरी पूर्णतया वातानुकूलित है समय-समय पर विभागीय अधिकारियों को भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए, शहर में अन्य स्थानों पर भी बनी हुई लाइब्रेरी पर निरीक्षण की योजना बनाई जा रही है जिसके क्रम में विद्यार्थियों को कंपटीशन की तैयारी को लेकर मोटिवेट करने का कार्य उत्साह पूर्वक किया जाना है।

### आइसीसीसी सेंटर पहुंचे नगर आयुक्त, जांची शिकायतों के निस्तारण की कार्यशैली



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का जायजा लिया। जिसमें शहर वासियों से प्राप्त समस्या का किस प्रकार समाधान किया जा रहा है कार्यशैली की जांच की, एसबीएम टीम से भी स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर वार्ता की गई किस प्रकार की तैयारी स्वच्छता सर्वेक्षण में चल रही है कार्यशाली को जांचा। जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम को लेकर नगर आयुक्त ने संबंधित टीम से वार्ता की साथ ही किस प्रकार जीपीएस कार्य कर रहा है उसकी जांच की शहर को मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से मुहैया कराने का उद्देश्य लेकर संबंधित टीम को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा मोटिवेट किया गया, तकनीकी उपयोग से किस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में बेहतर कार्य कर सकता है उसे पर योजना बनाने का कार्य चल रहा है जिसमें स्वयं नगर आयुक्त संबंधित अधिकारियों से लगातार समन्वय कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### चोरों ने 10 लाख गहने व सामान किया चोरी, मामला संदिग्ध

**नोएडा।** सेक्टर-22 स्थित घर से चोर 10 लाख के गहने, एक लाख रुपए नगद, एलईडी टीवी, स्मार्ट वॉच और मोबाइल सहित अन्य सामान ले गए। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-24 पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस मामले को संदिग्ध बता रही है। सेक्टर-22 निवासी अमित रावत ने पुलिस को बताया कि चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर लाखों के गहने और नगदी समेत अन्य सामान की चोरी कर ली। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। इसके अलावा मैनपुरी निवासी श्रुति अपने रिश्तेदार के घर मोरना आई थीं। चोर ने घर से उनके गहने, मोबाइल और नगदी चोरी कर ली। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक घर के बाहर गली में टहलते हुए और सीढ़ी पर चढ़ते-उतरते दिख रहा है। गांव के लोगों ने महिला को बताया कि जो व्यक्ति फुटेज में दिख रहा है, वह गांव का ही सौरभ है। पुलिस ने इस मामले में सौरभ के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-126 क्षेत्र में नगली वाजिदपुर बाजार के पास पुस्ता सर्विस रोड पर बाइक और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हमीरपुर की हेमंत कुमारी ने बताया कि बेटा चंद्र प्रकाश जेपी विशटाउन में रहता था और मेविन एक्सप्रेस कंपनी में काम करता था। रविवार शाम वह से पुस्ता सर्विस रोड होकर जा रहा था। इसी दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल बस की पार्किंग के पास तेजी और लापरवाही से ई-रिक्शा चलाते हुए चालक ने चंद्र प्रकाश की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में चंद्र प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय चालक रिक्शा सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे स्वजन ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपित रिक्शा चालक और वाहन की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**बुलंदशहर।** थाना चोला क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में बताया गया है कि 29 अगस्त को उसकी नावालिग पुत्री अचानक घर से लापता हो गई। संभावित स्थानों पर किशोरी की तलाश की गई। परंतु किशोरी का कहीं कोई पता नहीं चला। दर्ज मुकदमे में अनहोनी की आशंका जताई गई है। थाना प्रभारी अंकित चौहान ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## 17वें फ्लोर से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**नोएडा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने फ्लैट की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान रीना उम्र करीब 41 साल हुई है। घटना के समय परिवार के सभी लोग घर में मौजूद थे। डीसीपी प्रथम हरीश चंदर ने बताया कि मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं थी। काफी समय से उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों से ममाले में पूछताछ की जा रही है।

- मानसिक रूप से भी अस्वस्थ्य
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

डीसीपी ने बताया कि सेक्टर-119 के एफ-टावर के 17वीं मंजिल पर महिला परिवार के साथ रहती थी। महिला के चार बच्चे है। सभी लोग एक साथ उसी फ्लैट में रहते है। पुलिस ने बताया कि सभी लोग रात में खाना खाकर सो गए। सुबह करीब छह बजे महिला बालकनी में आई। इसके बाद वहां से छलांग लगा दी। महिला कॉमन एरिया में गिरी। आवाज सुनकर वहां सैर सपाटा कर रहे लोग मौके पर पहुंचे।

उन्होंने परिवार को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीसीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि महिला मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं थी। इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## संभव के अंतर्गत की नगर निगम में जनसुनवाई, कार्रवाई के निर्देश



**गाजियाबाद,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को संभव जनसुनवाई की। जिसमें अधिकांश शिकायतें अवैध अतिक्रमण से संबंधित प्राप्त हुई जिसके लिए संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी को कार्रवाई कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने जन समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया गया, नगर आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को न केवल समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए बल्कि पोर्टल पर भी से समय कृत कार्रवाई अखया अपलोड करने के लिए कहा। संभव के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, प्रकाश प्रभारी आस कुमार, उपस्थित रहे।

## महिला पुलिस कर्मियों की बलवा मॉकड्रिल



- दागे गए टियर गैस के गोले, दंगा में रेस्क्यू, प्राथमिक चिकित्सा आदि का कराया अभ्यास

**नोएडा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में पुलिस कर्मियों को दंगा रोकने व बलवा मॉकड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान ऐसी स्थित पैदा की गई कि मानों दंगा हो रहा है। वहां कैसे घेराबंदी की जाए। उसे कैसे रोका जाए। आदि का अभ्यास कराया गया। ये अभ्यास नोएडा के पुलिस लाइन में डीसीपी महिला सुरक्षा व एडीसीपी प्रीति यादव के नेतृत्व मे किया गया। इस दौरान अलग-अलग टुकड़ियों को दिशा निर्देशों के अनुसार ट्रेंड किया गया। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भीड़ और दंगा नियंत्रण की रिहर्सल समय-समय पर कराई जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी महिला सुरक्षा, एडीसीपी लाइन प्रीति यादव के नेतृत्व में पुलिस लाइन में गौतमबुद्धनगर की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने व किसी भी प्रकार की परिस्थितियों का सामना करने के उद्देश्य से सभी थानों व पुलिस लाइन की महिला पुलिस बल द्वारा बलवा मॉकड्रिल व दंगा निरोधक का अभ्यास किया गया। इस दौरान उपकरणों से दंगाइयों को रोकना, आमजन को दंगे के दौरान रेस्क्यू करना, टीयर स्मोक गैस का उपयोग कर भीड़ को तितर बितर करना, पानी की बौछार करना, दंगे के दौरान घायल पुलिसकर्मी या आम जनता के लोगों तक मदद पहुंचाने एवं उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाकर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने, आदि का अभ्यास किया गया और साथ ही उन्हें हर तरह की परिस्थिति का सामना करने के लिए प्रेरित किया गया। मॉकड्रिल के दौरान कुछ गलतियां भी हुई।

## दिसम्बर तक जनपद को मिल जाएंगे छह नए उपकेंद्र

**नोएडा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए दिसम्बर तक छह नए उपकेंद्र लोगों को समर्पित कर दिए जाएंगे। इससे कटौती से राहत मिल सकेगी। इसके लिए निर्माणाधीन उपकेंद्रों पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। पावर कॉरपोरेशन के ट्रांसमिशन के अधिकारियों के अनुसार, जिले में 11/33 केवीए से लेकर 220 केवीए तक के उपकेंद्र बनाए जा रहे हैं। इसमें 220 केवीए के तीन उपकेंद्र हैं। इनका निर्माण ग्रेटर नोएडा के जलपुरा, सेक्टर-केवी फाइव, नोएडा के सेक्टर-62 में हो रहा है। इसके अलावा मेट्रो डिपो, जेवर एक्सटेंशन, इकोटेक-आठ 132 केवीए के भी उपकेंद्र बनाए जा रहे हैं। इनका निर्माण दिसम्बर तक करने का लक्ष्य है। अधिकारियों के अनुसार, सेक्टर-123 स्थित 400 केवीए के उपकेंद्र से उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है। जिले में अभी बिजली की मांग 14 सौ से 18 सौ मेगावाट तक है। अगले वर्ष इसके 24 सौ मेगावाट तक पहुंच सकती है। तेजी से बढ़ती मांग और आने वाले वर्षों में संभावित खपत को देखते हुए पावर कॉरपोरेशन नए उपकेंद्रों का निर्माण करा रहा है। बनाए जा रहे उपकेंद्रो में तीन 132 केवी और चार 220 केवी के हैं। इसमें से छह उपकेंद्र इसी वर्ष शुरू हो जाएंगे। केवी-5, जलपुरा, सेक्टर-62 में 220 केवी, मेट्रो डिपो, जेवर एक्सटेंशन, इकोटेक-8 में 132 केवी का उपकेंद्र शुरू होगा। जिले में बड़ी मात्रा निवेश के साथ आबादी बढ़ रही है। खासकर डाटा सेंटर का बड़े पैमाने पर निर्माण हो रहा है। डाटा सेंटर के संचालन के लिए बिजली की बहुत आवश्यकता है। अब तक चार डाटा सेंटर ने विद्युत निगम से जो लोड लिया है, वह निगम की वर्तमान खपत के 50 प्रतिशत के बराबर है।

- आगामी साल तक 2400 मेगावाट तक पहुंच जाएगी बिजली की आपूर्ति

## छिपाकर ले जाई जा रही लाखों रुपए की अंग्रेजी शराब पकड़ी



**गाजियाबाद,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। आबकारी विभाग ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वेपर पिक अप वाहन के गुप्त चैंबर मैं छुपा कर ले जाए जा रही 6 लाख अंग्रेजी शराब बरामद की है। यह शराब हरियाणा से उत्तर प्रदेश में ले जाए जा रही थी।

जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश पर इन दिनों आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णत: अंकुश लगाये जाने प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद गाजियाबाद एवं प्रवर्तन मेरठ की संयुक्त टीम ने ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे डासना टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच के दौरान एक महिन्द्रा बोलेरो पिक-अप वाहन में बने गुप्त चैंबर से करीब छह लाख रुपए की शराब बरामद की। इस शराब में 75 पेटी रॉयल स्टैग ब्रांड की विदेशी शराब (19 पेटी 180एम.एल. धारिता, 37 पेटी 375 एम.एल. धारिता, 19पेटी 750 एम.एल. धारिता) फॉर सेल इन हरियाणा है। उन्होंने बताया कि वाहन के गुप्त चैंबर को फल के खाली क्रेटों से छिपाया गया था। वाहन चालक एवं एक अन्य व्यक्ति गाड़ी को स्टार्ट अवस्था में छोड़कर दूर खड़ा कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। श्री सिंह ने बताया कि महिंद्रा पिकप बोलिरो के डैशबोर्ड से गाड़ी का आर.सी एवं इंश्योरेंस पेपर बरामद हुआ जिस पर जिस पर वाहन स्वामी का नाम शाहरुख प निवासी नई बस्ती,वार्ड नंबर 18, कांधला जनपद-शामली अंकित है। गाड़ी से बरामद आर.सी. पेपर के आधार पर वाहन स्वामी एंव एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध थाना मसूरी में एफआईआर पंजीकृत कराया गया। पकड़े गए महिंद्रा बोलेरो पिकअप को माल सहित थाना-मसूरी में अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया।

- फलों की खाली क्रेट से छिपाया गया था चैम्बर

## भारोतोलन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

### अंडर-19, में शिवानी ने तथा अंडर 17, में हिमाचल का गोल्ड मेडल पर कब्जा




**बुलंदशहर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। शिकारपुर मंगलवार को विद्या भारती पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 35वीं क्षेत्रीय भारतोलक खेल प्रतियोगिता का आयोजन शिकारपुर स्थित सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर में हुआ। जिसमें विद्या भारती पश्चिमी उप्र की ओर से 6 विद्या मंदिर इंटर कॉलेजो से अंडर 17 में -24 भैया और- 06 बहने तथा अंदर-19 में01 भैया और 02 बहने कुल 33 भैया- बहन इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर बुलंदशहर से अंडर-19 में कुमारी शिवानी ने 91 किलोग्राम भार उठाकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा किया। तथा अंडर-19 में ही द्वितीय स्थान पर लोकेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नेहरू नगर रहे तथा अंडर -17 में 87 किलोग्राम का भार उठाकर प्रथम स्थान पर सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर से भैया हिमाचल प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर 85 किलोग्राम भार के साथ संजय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शाहजहांपुर के भैया सौरभ कुमार रहे। अंदर 17 में ही तृतीय स्थान पर 83 किलोग्राम भार उठाकर सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर बुलंदशहर के भैया प्रशांत कुमार शर्मा रहे। विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार मित्तल, अध्यक्ष विजेंद्र दत्त शर्मा प्रधानाचार्य प्रभात कुमार गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि विजेता प्रतिभागी मंडल में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे।

## आईएमएस में बीसीए छात्रों के लिए इंडक्शन का आयोजन

**नोएडा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-62 स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज नोएडा में बीसीए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए इंडक्शन का आयोजन हुआ।



मंगलवार को सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर वक्ता एचसीएल टेक्नोलॉजी के महाप्रबंधक अवधेश शर्मा, आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी के साथ डीन डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्कूल ऑफ आईटी की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोनिका दीक्षित बाजपेयी के साथ संस्थान के शिक्षक एवं छात्रों ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी। विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए डॉ. कुलनीत सूरी ने कहा कि हम सभी के जीवन में डिग्री जरूरी है, लेकिन स्किल के बिना हम सफलता की कामना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं समय के प्रति प्रतिबद्धता हमें खुद के प्रति जिम्मेदार बनाता है। वहीं कार्यक्रम के दौरान डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि आप सभी जीवन में सकारात्मक बदलाव के साथ राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाए।

## पार्किंग ठेकेदारों ने की 1 करोड़ स्टांप शुल्क चोरी

**नोएडा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। प्राधिकरण में 100 से 150 रुपए के स्टांप पेपर पर सरफेस पार्किंग के नाम पर पांच वर्ष पहले स्टांप शुल्क चोरी प्रकरण प्रकाश आया था, पार्किंग ठेकेदार राजेंद्र सिंह के खिलाफ निबंधन विभाग ने जांच कर 71 हजार 680 रुपए की स्टांप चोरी की आरसी जारी की थी। इस प्रकरण को नजरअंदाज कर प्राधिकरण के नोएडा ट्रैफिक सेल अधिकारी ने फिर से 100 से 150 रुपये स्टांप पेपर पर दो कंपनी (राजेंद्र सिंह और कृष्ण गोपाल वशिष्ठ) को सरफेस पार्किंग का आवंटन कर दिया। इसमें टेंडर से निबंधन विभाग को एक करोड़ 16 लाख एक हजार 211 रुपए से अधिक की स्टांप शुल्क चोरी प्रकाश में आ चुकी है। जानकारी के बाद निबंधन विभाग ने दोनों ठेकेदारों से राजस्व वसूली तैयारी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में राजेंद्र सिंह के खिलाफ 71 हजार 680 रुपए की स्टांप चोरी की आरसी हुई थी, उससे वर्ष 2020 में आवंटित सरफेस पार्किंग टेंडर में क्लस्टर एक (वर्क सर्किल 1, 2, 3) और क्लस्टर तीन (वर्क सर्किल 5, 8, 9) पर 88 लाख 75 हजार 287 रुपए स्टांप शुल्क चोरी पकड़ी गई है। बता दें कि पिछले दिनों नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम से निबंधन विभाग एआइजी बीएस वर्मा डीआइजी अरुण कुमार मिश्रा ने मुलाकात की। उन्होंने नोएडा प्राधिकरण की ओर से जारी होने वाले सरफेस पार्किंग व वाह्य विज्ञापन के टेंडरों में हो रही स्टांप शुल्क चोरी का आशंका जताई और जांच करने की अनुमति मांगी। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार जो भी पार्किंग या विज्ञापन का टेंडर जारी होगा, उस पर दो प्रतिशत स्टांप शुल्क निबंधन विभाग में ठेकेदार की ओर से जमा किया जाना चाहिए, लेकिन यह कार्य ठेकेदारों की ओर से नहीं किया जा रहा है। इस पर सीईओ ने उन्हें जांच की अनुमति प्रदान कर एनटीसी विभाग भेज दिया। यहां पर एनटीसी प्रभारी एएस शर्मा ने उन्हें ठेकेदार राजेंद्र सिंह और कृष्ण गोपाल वशिष्ठ के तीन पार्किंग टेंडरों की जानकारी से अवगत कराया। निबंधन विभाग एआइजी बीएस वर्मा ने बताया कि अभी सिर्फ सरफेस पार्किंग टेंडरों की पड़ताल शुरू की गई है। इसको पूरा करने के बाद वाह्य विज्ञापन विभाग के टेंडरों को खंगालने का काम शुरू किया जाएगा। डीआइजी स्टांप अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण सरफेस, भूमिगत, बहुमंजिला पार्किंग के संचालन के लिए टेंडर जारी करता है। इसको लाइसेंस की संज्ञा दी जाती है।

- सीईओ के कहने पर की जांच अब राजस्व वसूली की तैयारी

उवाच "

कंपनी का टेंडर निरस्त कर दिया गया है। अब नई कंपनी का चयन किया जाएगा। इसके लिए आरएफपी तैयार किया जा रहा है। बहुत जल्द टेंडर निकाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की वेबसाइट को और बेहतर बनाया जाएगा।

**डॉ. अरुणवीर सिंह, यमुना प्राधिकरण सीईओ**

# कैपिटल ज़ोन

## किसानों ने ग्रेनो प्राधिकरण कार्यालय के दोनों गेट पर की ताला बंदी

**ग्रेटर नोएडा,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। अपनी मांगों को पूरा करने के लिए अनिश्चितकाल तक धरने पर बैठे किसानों ने मंगलवार को प्राधिकरण कार्यालय के दोनों गेटों को बंद कर दिया। पुलिस द्वारा बैरिकेड लगाकर किसानों को रोकने का प्रयास किया गया। रोकते समय दोनों के बीच धक्का मुक्की भी हुई। किसान धक्का मुक्की करते हुए बैरिकेड को नीचे गिरकर प्राधिकरण कार्यालय के दोनों गेटो को बंद करने में सफल रहे और वहीं पर बैठ गए। इस दौरान रालोद, सपा और अन्य किस संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिला किसान भी मौजूद रही।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण गोल चक्कर के पास सुबह 12. 00 बजे से ही किसान इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। सभी के आने के बाद करीब 12.50 पर नारेबाजी करते हुए किसानों ने प्राधिकरण कार्यालय के गेट नंबर दो पर धावा बोल दिया। पुलिस प्रशासन ने किसानों को गेट तक पहुंचाने के लिए बैरिकेडिंग कर रखी थी। किसानों ने आते के साथ ही बैरिकेड को गिराने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और किसानों के बीच धक्का मुक्की और झड़प भी हुई। जब सामने से पुलिसकर्मियों ने किसानों को गेट तक पहुंचने से रोक लिया, तो कुछ किसान महिलाएं और उनके साथ पुरुष किसानों ने साइड में लगे बैरिकेड को नीचे गिरना शुरू कर





- **प्राधिकरण कार्यालय में घुसने को लेकर किसानों और पुलिस के बीच धक्का मुक्की**
- **प्राधिकरण सीईओ से वार्ता के बाद किसानों की मांगों पर बनी सहमति**

दिया। वहां पर कम पुलिसकर्मी मौजूद होने के कारण किसान बैरिकेड को नीचे गिरकर गेट पर पहुंचने में सफल हुए। इसके बाद सभी किसानों ने मिलकर गेट नंबर 2 को बंद कर दिया वही गेट नंबर एक को किसानों ने पहले से ही बंद कर दिया कर रखा है। लोगों के आने-जाने के लिए छोटा गेट खुला हुआ था। जिसको भी मंगलवार को किसानों ने बंद कर दिया। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी 10 प्रतिशत के प्लाट, भूमिहीनों का अधिकार और स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा वह हार नहीं मानेंगे। कुछ समय बाद किसानों को समझा बूझकर वापस उनके पहले धरना स्थल पर बैठा दिया गया।

### घंटे तक प्राधिकरण कार्यालय के अंदर फंसे रहे लोग

किसानों के प्राधिकरण कार्यालय के पर पहुंचने से पहले कुछ लोग अपने कार्य करने के लिए प्राधिकरण कार्यालय आए हुए थे किसानों ने दोनों गेट बंद करने से लोग प्राधिकरण कार्यालय के अंदर ही फंस गए लोगों को घंटे तक बाहर निकालने के लिए इंतजार करना पड़ा हालांकि जिले में आज गुरु द्रोणाचार्य जयंती होने के कारण सरकारी छुट्टी जिसकी वजह से सभी सरकारी दफ्तर और प्राधिकरण कार्यालय भी बंद था। ऐसे में कुछ ही अधिकारी और लोग अपना कार्य करने के लिए कार्यालय पहुंचे थे।

## भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल शो 14 से 16 सितम्बर तक

**ग्रेटर नोएडा,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। ईवी उद्योग को बढ़ावा देने और इसके लिए अधिक से अधिक प्रावधान उपलब्ध कराने के लिए ईवी इंडिया एक्स्पो 2023, इंटरनेशनल मोटर व्हीकल शो के रूप में आ रहा है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माताओं को उनके आधुनिक प्रोडक्ट्स, टेक्नोलॉजी, उपकरण, स्मार्ट एवं नेक्स्ट जैन ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिक पैसेंजर कारें, स्कूटर, मोटर साइकलें, साइकलें, बसें आदि दर्शाने का अवसर प्रदान करेगा।

यह शो अपने प्रतिभागियों को उद्योग जगत के दिग्गजों से मिलने एवं नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करेगा। साथ ही अंतिम उपयोगकर्ताओं को कारोबार के नए अवसरों एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानने का मौका प्रदान करेगा। ईवी इंडिया एक्स्पो का आयोजन 14 से 16 सितम्बर के बीच ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्स्पो सेंटर एंड मार्ट में किया जाएगा। इस साल 200 से अधिक प्रदर्शक प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से कुछ प्रमुख ब्राण्ड्स हैं टाटा मोटर्स, एमजी मोटर्स, जैन मोबिलिटी, ई बाईक गोबाय एसीईआर, क्वांटमएनर्जी, याकुजाईबाईक, मंत्राईबाईक, जेएचईवीऑटो, गो इजी स्मार्ट, सोलटेरा ईवी चार्जर, सर्वोटेक ई-चार्जिंग, शक्ति ईवी मोटर्स आदि। प्रदर्शनी का आयोजन इंडियन एक्जहीबिशन सर्विसेज एंड ग्रीन सोसाइटी ऑफइंडिया द्वारा किया जा रहा है।

इसे एआरएआई, एएसडीसी, आईकैट, नोएडा एंटरेप्रेन्योर्स एसोसिएशन और सोसाइटी ऑफ स्मार्ट ई-मोबिलिटी का समर्थन प्राप्त है। स्वदेश कुमार, डायरेक्टर, इंडियन एक्जहीबिशन सर्विसेज के अनुसार भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग नया कारोबार है, इस क्षेत्र में ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए ढेरां अवसर हैं। किसी भी अन्य सेक्टर की तरह इस सेक्टर में भी छोटी-छोटी समस्याएं हैं जिन्हें हल करने की जरूरत है।

## इलेक्ट्रानिक्स मेन्यूफैक्चरिंग समेत पांच पार्क के लिए 306 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण

**ग्रेटर नोएडा,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-10 की जमीन अधिग्रहण के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया। जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होने की उम्मीद है। इस सेक्टर-10 में इलेक्ट्रानिक्स मेन्युफैक्चरिंग समेत पांच पार्क विकसित किए जाएंगे। इसके लिए तीन गांवों की 306 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना है।

यमुना प्राधिकरण सेक्टर-10 में इलेक्ट्रानिक्स मेन्युफैक्चरिंग हब, प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क, फुटवियर पार्क, हस्तशिल्प पार्क और इलेक्ट्रिक वाहन पार्क विकसित करने की योजना है। प्राधिकरण सीधे किसानों से जमीन खरीदने के बजाय अधिग्रहण करने का फैसला लिया। इसके लिए तीन गांवों की जमीन का अधिग्रहण होना है। इसमें गांव आकलपुर की 52.9780 हेक्टेयर, म्याना की

- **यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर 10 में तीन गांव के जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव शासन को भेजा**

204.6293 और मकसूदपुर की 48.4530 हेक्टेयर जमीन शामिल है। शासन के आदेश के बाद गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय से सामाजिक समाघात निर्धारण कराया गया। रिपोर्ट मिलने के बाद जिला प्रशासन ने आठ सितम्बर को इसका प्रस्ताव शासन को भेज दिया। एमडीम एलए की ओर से औद्योगिक विकास विभाग के विशेष सचिव को प्रस्ताव भेजा गया है। उम्मीद है कि जल्द ही शासन की ओर से नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। जमीन अधिग्रहण पूरा होने के बाद सेक्टर -10 के पांच पार्कों के विकसित होने का रास्ता साफ हो जाएगा।

### यमुना प्राधिकरण ने औरंगपुर गांव के 154 किसानों को आवंटित किए आबादी के भूखंड

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने गांव औरंगपुर के किसानों को सात प्रतिशत आबादी के भूखंडों का आवंटन कर दिया। 154 किसानों को भूखंड दिए गए हैं। ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यमुना प्राधिकरण ने औरंगपुर गांव की 255 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया था। इसके बदले किसानों को सात प्रतिशत आबादी के भूखंड दिए जाने थे। 154 किसानों को आबादी के भूखंड का आवंटन कर दिया गया। यह आवंटन ड्रा के जरिए किया गया। ड्रा के लिए गठित समिति के अध्यक्ष ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह थे। इसके अलावा ओएसडी साक्षी शर्मा, जीएम परियोजना एके सिंह, जीएम वित्त विशंभर बाबू, तहसीलदार विपिन कुमार शामिल रहे।

## भारत में बाइक स्पीड रिकॉर्ड बुक लिखने में दस दिन दूर

**ग्रेटर नोएडा,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। मोटोजीपीटीएम भारत के आयोजन में अब केवल 10 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में दुनिया भर के मोटरस्पोर्ट फैंस भारत में पहली बार हो रहे इस ग्लोबल इवेंट के जरिए बनते इतिहास को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 22 से 24 सितम्बर को ग्रेटर नोएडा के प्रसिद्ध बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित होने वाले इस रेस का लक्ष्य मोटरस्पोर्ट के इतिहास में सबसे अधिक स्पीड के रिकॉर्ड को तोड़ना है।

इसके लिए भारत में एफ-1 ग्रां प्री की मेजबानी कर चुके बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट को पहली बार मोटरसाइकिल रेसिंग के लिए उपयुक्त बनाने के लिए पूरी तरह तैयार किया गया है।

इस साल रेड बुल केटीएम के ब्रैड बाइंडर ने 366.1 किमी प्रति घंटा का हाई-स्पीड रिकॉर्ड बनाया है। बीआईसी में 1006 मीटर की लंबी बैक स्ट्रेट है और इसी कारण भारत को लगभग 370 किमी/घंटा तक पहुंचने की उम्मीद है। इस सीधे स्ट्रेच को दो भागों में विभाजित किया गया है। पहला स्ट्रेच ढलान पर है, जो राइडर्स को अधिकतम एक्सीलरेशन प्राप्त करने की आजादी देगा, जबकि दूसरा स्ट्रेच, जो ऊपर की ओर है, उन्हें देर से ब्रेक लगाने और टॉप स्पीड बनाए रखने में मदद करेगा। इस ग्राउंड ब्रेकिंग डेवलपमेंट पर मोटोजीपीटीएम के प्रमोटर्स- फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स के रेसिंग निदेशक अमित सैंडिल ने कहा कि मोटोजीपीटीएम भारत मोटरसाइकिल रेसिंग की दुनिया में स्पीड को फिर से परिभाषित



- **बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर 22 से 24 सितम्बर को होगी मोटोजीपी बाइक रेस**

करने के लिए तैयार है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में कई उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं, और ऐसे में राइडर्स को चकरा देने वाली गति हासिल करते देखना लुभावना होगा।

टर्न 9 और 10 पर स्थित पाराबोला या स्टेडियम सेक्शन, राइडर्स को अपनी बाइक को रफ्तार की अंतिम सीमा तक ले जाने की आजादी देता है। ट्रैक की सतह टायरों को असाधारण पकड़ प्रदान करती है, जिससे राइडर्स को अपनी मशीनों पर पूर्ण नियंत्रण मिलता है। इस बीच, 1800 मीटर नई सुरक्षा बैरिकेडिंग बनाने के साथ सुरक्षा उपायों को भी मजबूत किया गया है।

डोर्ना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी कार्लोस एज्पलेटा ने कहा कि बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में किए गए बदलाव वास्तव में उल्लेखनीय हैं। यह ट्रैक अब विश्व स्तरीय मोटरस्पोर्ट आयोजनों की मेजबानी के लिए भारत की कमिटमेंट का गवाह है। हमारा मानना है कि सर्किट में स्पीड हासिल करने की क्षमता है, जो मोटोजीपीटीएम रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने में मदद कर सकती है।

एक ऐसे ट्रैक के साथ जो तेज रेसिंग के लिए उपयुक्त है, और जिसमें 13 चुनौतीपूर्ण मोड़ (8 दाएं और 5 बाएं) शामिल हैं, मोटोजीपीटीएम भारत मोटरस्पोर्ट की दुनिया में एक ऐतिहासिक इवेंट होने का वादा करता है।

डुकाटी के फ्रांसेस्को बगानिया, रेप्सोल होंडा टीम के मार्क मार्केज, मूनी के मार्को बेजेची, रेड बुल केटीएम के ब्रैड बाइंडर और जैक मिलर, प्राइमा के जॉर्ज मार्टिन सहित रेसिंग जगत के कुछ सबसे बड़े नाम मोटोजीपीटीएम भारत में भाग लेंगे।

## यमुना प्राधिकरण में मानव शक्ति आपूर्ति सिस्टम का काम देखने वाली एजेंसी का टेंडर निरस्त

**ग्रेटर नोएडा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। मानव शक्ति आपूर्ति, सिस्टम, सिटीजन चार्टर, वेबसाइट आदि का काम करने वाली एजेंसी का टेंडर यमुना प्राधिकरण ने निरस्त कर दिया। काम से संतुष्ट नहीं होने पर प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। नई एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए आरएफपी बनाया जा रहा है।

यमुना प्राधिकरण में मैन पावर आपूर्ति, सिस्टम, सिटीजन चार्टर, वेबसाइट आदि का काम सोलोमेन इंजीनियरिंग एजेंसी करती है। मैन पावर आपूर्ति, सिस्टम और वेबसाइट को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। यमुना प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना में आवेदन करने में एक दिन दिक्कत आई थी। इन शिकायतों को प्राधिकरण के अधिकारियों ने गंभीरता से लिया। प्राधिकरण ने कंपनी का टेंडर निरस्त कर दिया। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि कंपनी का टेंडर निरस्त कर दिया गया है। अब नई कंपनी का चयन किया जाएगा। इसके लिए आरएफपी तैयार किया जा रहा है। बहुत जल्द टेंडर निकाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की वेबसाइट को और बेहतर बनाया जाएगा।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के नजदीक से आने वाले लोगों के टोल फ्री की मांग



**दनकौर,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे से 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांव के लोगों के लिए टोल फ्री करने की मांग की गई है। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधि मंडल द्वारा टोल प्रभारी मोहित भाटी को ज्ञापन सौंपा गया है। संगठन के जिला अध्यक्ष धर्मवीर नगर ने बताया कि ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे के नजदीक आने वाले गांव के लोगों को भी टोल टैक्स देना पड़ता है। उनका कहना है कि यह व्यवस्था गलत है एक्सप्रेसवे प्रशासन को चाहिए कि किसानों के टोल टैक्स फ्री किए जाएं। साथ ही उनका कहना है कि ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर किसानों के ट्रैक्टरों को चलाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

अनुमति मिलने के बाद किसान आसानी से अपनी फसल को बेचने के लिये हरियाणा और मेरठ की तरफ ले जा सकेंगे। इस दौरान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नत्थी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनुज नागर समेत इरफान प्रधान उस्मानपुर, अमित भड़ाना, संदीप भाटी, मूले त्यागी, दीपक शर्मा, सचिन कसाना, आसिफ खान, विकल प्रधान, प्रदीप त्यागी और हरीश भाटी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहीद जवान के गांव में लगा लोगों का तांता, आज गांव पहुंचेगा का शहीद का शव

**जेवर,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव भबोकरा के रहने वाले शहीद फौजी जवान के घर पर मंगलवार को स्वजनों को सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। मंगलवार को शहीद का शव गांव में पहुंचने की संभावना पर क्षेत्र के सैकड़ों युवा तथा महिला एवं पुरूष अंतिम दर्शन करने के लिए पहुंचे। स्वजनों ने बताया कि मंगलवार को जैसलमेर में शहीद का पोस्टमार्टम किया गया तथा बुधवार को शव गांव में पहुंचेगा।

ज्ञात हो कि भबोकरा गांव के रहने वाले किसान ऋषिपाल सिंह का पुत्र रिंकू





अत्री 33 करीब 14 वर्ष पूर्व भारतीय सेना में भर्ती हुआ था। राजस्थान के जैसलमेर में ड्यूटी के दौरान उसकी तबियत खराब होने पर उसे सेना के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। जहां पर चिकित्सकों ने उसे डेंगू होने की पुष्टि की थी। सोमवार को उपचार के दौरान जवान की मौत हो गई। सेना द्वारा सोमवार को स्वजनों को उसके शहीद होने की सूचना दी थी। जिसके बाद स्वजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में मातम पसर गया। शहीद का शव मंगलवार को गांव में पहुंचने की सूचना पर क्षेत्र के सैकडों युवा, महिला एवं पुरूष अंतिम दर्शन के लिए गांव में पहुंचे तथा स्वजनों को सांत्वना दी। स्वजनों ने बताया कि मंगलवार को जैसलमेर में शहीद जवान का पोस्टमार्टम किया गया तथा बुधवार को शहीद का शव गांव पहुंचेगा। युवाओं ने कहा कि जेवर से ही शहीद की शव यात्रा को धूमधाम से निकाला जाएगा जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग शव यात्रा में शामिल होंगे।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## मोटो जीपी रेस को बंद करे भारत सरकार, नहीं तो लोग भुगतेंगे अंजाम : हेलमेट मैन ऑफ इंडिया

- **देश में मोटो जीपी रेस रोकने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री, जिलाधिकारी व यमुना प्राधिकरण के सीईओ को भेजा पत्र**

**ग्रेटर नोएडा,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। मोटो जीपी रेस सिर्फ अमीर देशों के लिए रोमांच है, भारत के लिए मौत की रफ्तार है। हेलमेट मैन राघवेन्द्र ने मुख्य न्यायमूर्ति प्रयागराज, जिलाधिकारी व यमुना प्राधिकरण के सीईओ के नाम पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि मोटोजीपी रेस अभी तक सिर्फ 30 देश में ही आयोजित हुआ है जो 31वां देश अब भारत होगा। जिन देशों में अभी तक यह रेस आयोजित हुआ है उन देशों के सड़क सुरक्षा के बुनियादी ढांचे बहुत मजबूत है। उन देशों में पैदल चलने और साइकल चलाने वाले लोगों के लिए अलग ट्रैक होते हैं। कार और बाइक की रफ्तार में स्पीड लीमिट यहां अधिक होती हैं। यहां सड़क हादसे बहुत कम होते हैं क्योंकि सड़क सुरक्षा को लेकर काम करने वाली एजेंसी बहुत मजबूत होती हैं।

### दुर्घटना की वजह से देश के जीडीपी का होता है नुकसान

भारत पहले से ही विश्व के सभी देशों से मौत के आंकड़ों में पहले पायदान पर है। यहां जागरुकता बढ़ाने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने एवं सुरक्षा कानून को लागू करने पर सरकार ध्यान केंद्रित कर रही हैं। क्योंकि भारत में प्रतिवर्ष सड़क हादसों की वजह से 4 प्रतिशत जीडीपी का नुकसान हो रहा है।




जबकि भारत में विश्व स्तर पर लगभग दो प्रतिशत ही वाहन है लेकिन यह 11 प्रतिशत से अधिक सड़क यातायात मौत के लिए जिम्मेदार है भारत में पैदल यात्रियों और साइकिल चलाने वाले के लिए कोई सुरक्षा कानून नहीं है, जो देश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में से एक तिहाई से अधिक के लिए जिम्मेदार है, और इसके लिए कोई आपातकालीन प्रणाली भी नहीं है। सड़क यातायात से होने वाली मौत का मजबूत आंकड़े की कमी भी शामिल हैं। हमारे भारत में आज भी सड़क पार करने के लिए दोनों दिशाओं में देखना पड़ता है। क्योंकि भारत में गाड़ी चलाने वाले जिम्मेदार नागरिक की आज भी कमी हैं। अधिकांश राज्यों की अपनी सड़क सुरक्षा नीतियों होनेके बावजूद भारत के पास सड़क सुरक्षा रणनीतियां को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए कोई प्रमुख एजेंसी नहीं है। यातायात दुर्घटनाएं छोटे विकलांगता से आज भारतीय समाज विश्व स्तर पर बोझ बनता जा रहा है। इस खतरनाक परिदृश्य में सड़क सुरक्षा मंत्रालय गरीबों की हित की रक्षा के लिए नीतियां बना रही है।

### पिछले नौ साल से हेलमेट मैन सड़क सुरक्षा के प्रति कर रहे हैं जागरुक

भारत में सड़क सुरक्षा रिपोर्ट को मजबूत करने में चुनौतियां बनी हुई है, राघवेन्द्र ने कहा कि मैं पिछले 9 साल से सड़क हादसों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा हूं, जो पिछले 9 सालों से भारत की सड़कों पर घूम-घूम कर भारत के युवाओं की जिंदगी बचाने का प्रयास कर रहा हूं, क्योंकि आज से 9 साल पहले नोएडा एक्सप्रेस-वे पर मैं अपना एक दोस्त खो दिया था। इस लड़ाई को लड़ते हुए मुझे 9 साल हो गए और अपने जेब खर्चे से अब तक भारत की सड़कों पर 56 हजार से अधिक हेलमेट बाट चुके है। सैकड़ों लोगों की जिंदगी बचा चुका हूं, करोड़ों लोगों तक अपना मिशन पहुंचाने में सफल हुआ हूं, जो दुनिया अब हमें राघवेंद्र कुमार की जगह हेलमेट मैन ऑफ इंडिया के नाम से जानती है। मोटोजीपी रेस हमारे भारत के युवाओं को सड़कों पर स्पीड रफ्तार की बढ़ावा दे सकती है। जिस वजह से हमारे देश की सड़कों पर मौत की रफ्तार तेजी से बढ़ेगी क्योंकि सड़क पर गाड़ी चलाने वाले वाहन स्वामियों को सड़कों का अंदाजा नहीं रहता है, क्योंकि इसी सड़क पर आम व्यक्ति साइकिल लेकर चलता है, और पैदल चलने वाले भी होते है।

## कुश्ती, बास्केटबॉल एवं कबड्डी बालिका-बालक वर्ग के खिलाड़ियों का चयन

**ग्रेटर नोएडा,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए कुश्ती, बास्केटबॉल एवं कबड्डी बालिका-बालक वर्ग में टीमों का चयन किया गया। बॉस्केटबॉल बालक वर्ग टीम की चयन के लिए जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल एवं कुश्ती व कबड्डी बालिका वर्ग का मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में हुआ ट्रायल। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने के उद्देश्य से जिला खेल कार्यालय के द्वारा मंगलवार को कुश्ती, कबड्डी महिला वर्ग एवं बास्केटबॉल पुरुष खेल के लिए टीमों का चयन किया गया। उप क्रीडा अधिकारी अनीता नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता में महिला टीम का चयन मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया तथा बास्केटबॉल पुरुष का जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल तथा 9 सितम्बर को सावित्रीबाई फुले स्कूल ग्रेटर नोएडा में हुआ। उन्होंने बताया कि जो महिला टीमों का चयन किया गया है, वह आगामी 14 सितम्बर तथा कबड्डी में 19 सितम्बर को कैलाश प्रकाश स्टेडियम मेरठ में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी और वहां से राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जाएगा।



## संपादकीय

नई दिल्ली, बुधवार 13 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# लोकतंत्र में श्राप का क्या काम ?

भोपाल से भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा ठाकुर, फिर से श्राप देती नज़र आ रही हैं। इस बार वे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि पर बरस पड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में सनातन धर्म को मलेरिया और कोरोना के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा था कि ये जितनी जल्दी नष्ट हो जायें उतना ही अच्छा। मंगलवार को भोपाल की भेल (बीएचईएल) कंपनी के गेट पर वेतन वृद्धि की मांग पर कर रहे ठेका श्रमिकों का अनशन खत्म करवाने पहुंची थीं। अपने भाषण में उन्होंने जूनियर स्टालिन के बयान को अभद्र तो बताया ही, कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मटन बनाये जाने पर उन्हें विधर्मी भी करार दिया। प्रज्ञा ने कहा कि, 'ये लोग (राहुल) कुछ भी कर सकते हैं- जनेऊ व तिलक लगा लेते हैं तो क्रॉस भी पहन सकते हैं। उनका गुस्सा यहीं तक नहीं ठहरा।' उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला को कहा कि 'वे कहां के तोपचंद हैं जो किसी को श्राप देंगे ?' सुरजेवाला ने भाजपा के मतदाताओं को 'राक्षसी प्रवृत्ति का' बतलाया था। उदयनिधि के बयान के बाद द्रविड़ मुनेत्र कषगम के नेता ए राजा ने सनातन को कुष्ठ रोग व एड्स जैसा बतला दिया। एक्टर प्रकाश राज ने भी सनातन धर्म की तुलना डेंगू से कर दी थी।

इन सभी को एकमुश्त श्राप देते हुए प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि 'प्रकाश राज नायक नहीं, खलनायक हैं।' उनका कहना था कि 'जिसे यह नहीं पता कि वह कहां रहता है और किसके खिलाफ बोल रहा है, वह खलनाक ही हो सकता है।' आगे उन्होंने यह भी कहा कि 'जिसने सनातन धर्म को जैसा कहा, वह वैसा ही भोगे। जिसने इस धर्म को डेंगू कहा उसे डेंगू मिले, जिसने मलेरिया कहा उसे वही मिले और जिसने उसे कुष्ठ रोग कहा उसे भी वही प्राप्त हो।' उन्होंने इन सभी बयान देने वालों को उनके द्वारा उल्लेखित बीमारियां भरपूर मिलने की बात कही।

प्रज्ञा ठाकुर द्वारा इस प्रकार किसी को श्राप देने का मामला पहला नहीं है। मालेगांव बम विस्फोट कांड की आरोपी प्रज्ञा ने महाराष्ट्र पुलिस के विशेष जांच दल प्रमुख हेमन्त करकरे के बारे में 2019 में बयान दिया था कि उनकी (करकरे) मौत इसलिये हुई थी क्योंकि उन्होंने करकरे को श्राप दिया था। साध्वी के अनुसार पुलिस कस्टडी में जांच के दौरान करकरे ने उन्हें प्रताड़ित किया था। वे कहती हैं- 'मैंने करकरे को कहा था कि तेरा सर्वनाश होगा। मेरे श्राप के कुछ ही दिनों के बाद 2008 में करकरे आतंकवादियों के हाथों मुंबई हमले के दौरान मारे गये थे।' वैसे जब इस पर हंगामा हुआ तो उसका देश भर में विरोध हुआ था। अनेक वरिष्ठ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके दबाव में उन्होंने अपना बयान यह कहकर वापस ले लिया कि 'इससे देश के दुश्मनों को फायदा हो रहा है इसलिये वे इसे वापस लेती हैं तथा माफी मांगती हैं।' उन्होंने करकरे को इसलिये 'शहीद' बतलाया कि 'आखिरकार उनकी हत्या तो आतंकवादियों द्वारा ही की गई है।' उन्होंने अपने बयान को 'खुद का दर्द' बतलाया। प्रज्ञा को मालेगांव विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया था जिसमें 6 लोग मारे गये थे और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। जिस मोटर साइकल के जरिये यह विस्फोट हुआ था वह उन्हीं के नाम पर पंजीकृत थी इसलिये उन्हें भी गिरफ्तार किया गया था। 9 साल तक जेल में बिताने के बाद उन्हें स्वास्थ्यगत कारणों से जमानत दी गई थी। उन्होंने तब भाजपा की सदस्यता ले ली और 2019 में उन्हें भोपाल से लोकसभा का टिकट मिला था। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को हराया था क्योंकि मामला हिंदुत्व के नैरेटिव पर लड़ा गया था। उस चुनाव के दौरान बज़्फ़ीड न्यूज़ में उन पर लेख प्रकाशित हुआ था जिसका शीर्षक था- 'दी मोस्ट टॉक्सिक केंडिडेट इन दी वर्ल्ड्स बिगेस्ट इलेक्शन इज़ ए होली वूमेन हू वांट्स टू स्टार्ट ए रिलीजस वॉर विद मुस्लिम' (दुनिया के सबसे बड़े चुनाव का सर्वाधिक ज़हरीला प्रत्याशी एक पवित्र महिला है जो मुस्लिमों के खिलाफ जंग छेड़ना चाहती है)। इसके पीछे कारण यह था कि प्रज्ञा ने महात्मा गांधी के हत्यारे को 'देशभक्त' बताया था। इसका भी उल्लेख लेख में हुआ है। हालांकि इस पर शीर्ष नेतृत्व ने उनसे नाराज़गी जताई थी। 18 साल की उम्र में संन्यास धारण करने वाली प्रज्ञा ठाकुर को 38 वर्ष की उम्र में मालेगांव कांड में गिरफ्तार किया गया था। 46 साल की होने पर उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टिकट दिया था।

प्रज्ञा ठाकुर का विवादों से स्थायी नाता रहा है। उन्होंने इसी साल फरवरी में वक्फ़ बोर्डों पर सवाल उठाया था कि 'जब मुस्लिमों का वक्फ़ बोर्ड बन सकता है तो सनातन बोर्ड क्यों नहीं बन सकता ?' उन्होंने कहा था कि 'हिन्दू धर्म कानून पर चलता है लेकिन विडंबना है कि हिंदू मंदिरों के ट्रस्ट सरकार के हाथों में हैं। इन्हें मुक्त होना चाहिये और हिंदुओं का हिंदुओं के काम आना चाहिये। इनके धन का इस्तेमाल सनातन के विकास में होना चाहिये। इसके लिये सनातन बोर्ड बनना चाहिये जिससे हमारे मठ-मंदिर स्वतंत्र होंगे और इनमें भव्यता आयेगी।' उन्होंने वक्फ़ बोर्डों पर आरोप लगाया कि 'वे ज़मीनें रख लेते हैं। जिन ज़मीनों को वे अपना बताते हैं जांच करने पर पता चलता है कि वे उनकी हैं ही नहीं।' प्रज्ञा का आरोप था कि 'वक्फ़ बोर्डों की आड़ में माफ़िया पनप रहे हैं।' धर्म को जब राजनीति से मिलाया जाएगा तो कुछ ऐसा ही विमर्श तैयार होगा जिसमें नफ़रत और हिंसा का प्राधान्य होगा; और फिर लोकतंत्र कोई पौराणिक आख्यान तो है नहीं जिसमें वरदान या श्राप की कोई भूमिका हो।

# पर्दों के पीछे गरीब छिप सकते हैं, गरीबी नहीं

इसी शनिवार-रविवार को सम्पन्न हुए जी-20 के सम्मेलन का समापन हो चुका है। तमाम राष्ट्राध्यक्षों की रवानगी हो चुकी है। शक्तिशाली देशों के अंतरराष्ट्रीय संगठन की प्रक्रियागत व रोटेशन में मिली अध्यक्षता को एक तरह से अर्जित पद प्राप्ति का सा प्रचारित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस आयोजन का प्रचारात्मक एवं स्वयं की छवि एक स्टेट्समैन की तरह बनाने का जितना लाभ उठा सकते थे, उतना उठा चुके हैं। अब इसका फायदा अगले लोकसभा चुनाव में कैसे उठाना है, यह भी वे सोच चुके होंगे। बड़े-बड़े नेताओं के साथ वार्ताएं करते या उनके साथ दोस्ताना ताल्लुक रखने के कारण देश की शक्ति बढ़ने का आभास दिलाने वाली कई खबरें और तस्वीरें पिछले दो दिनों से विभिन्न अखबारों में शाया हुई हैं और सत्ता से मित्रता के आदी टीवी समाचार चैनल फालोअप या साइड स्टोरीज़ के नाम पर अब तक खुशनुमा तस्वीरें दिखा रहे हैं। देश नयी बुलन्दियों पर दिखाया जा रहा है या कम से कम ऐसा माना जा रहा है।

देश जिन ऊंचाइयों पर बैठा है, वहां उसके साथ और कौन है ? वहां केवल विदेशी मेहमान हैं और उनकी आवाभगत करते हुए सिर्फ और सिर्फ नरेन्द्र मोदी हैं। यहां तक कि सत्ता से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोग तक मौजूद नहीं हैं, जो उनकी अपनी पार्टी के हों या सरकार में शामिल लोग। फिर विपक्षी नेताओं की बिसात ही क्या ? यह तो सही है कि यह विशिष्ट आयोजन था और उसमें मौजूदगी खास लोगों की हो सकती थी परन्तु आम जनता को जिस तरह से इस दौरान सरकार ने अवांछनीय और त्याज्य बनाया, वह बेहद शर्मनाक है। मुख्यधारा का मीडिया ऐसी खबरें छापने से परहेज करता है लेकिन अब जो बातें सामने आ रही हैं वे भयावह हैं। दिल्ली और देश को खुशहाल साबित करने के लिये जिस प्रकार से गरीब बस्तियों को हरे पर्दों से ढंक दिया गया, वह बताता है कि मोदी सरकार ऐसी जनता को नहीं चाहती। उसके लिये ये देशवासी ही नहीं है। सम्भवत: मोदी अपने अतिथियों को बतलाना चाहते हैं कि उनके देश में न कोई गरीब है और न ही भुखमरी है। मानों यहां गरीब बस्तियां ही नहीं हैं। यह अलग बात है कि मोदी अपने बारे में इस आशय की बातें फैलाकर ही इस पद तक पहुंचे हैं कि वे काफी गरीब परिवार से आते हैं और उनकी मां ने लोगों के घरों में बर्तन मांजकर सबका गुजारा किया है। यह भी कि उन्होंने बहुत छुटपन में रेलवे स्टेशन पर चाय बेची है। उनकी जिजीविषा को हमेशा से सराहा गया है लेकिन सवाल यह है कि गरीबी से उठकर आये मोदी को देश के इन गरीबों को छिपाने की ज़रूरत क्यों पड़ी ? फिर, क्या पर्दे टांग देने से यह तथ्य छिप सकता है कि देश में गरीबी है ? गरीब तो छिपाये जा सकते हैं, गरीबी नहीं। यह वैश्विक और डिजीटल व्यवस्था है जहां कोई भी किसी से कुछ नहीं छिपा सकता। सारे आंकड़े और तथ्य सार्वभौमिक हैं। उलटे, सारे देशों के विकास सम्बन्धी सभी तरह के आंकड़े उसी दुनिया में एकत्र होते हैं, वहीं उनकी समीक्षा होती है और वहीं टिकाऊ विकास लक्ष्य के सभी मानकों में कौन सा देश किस रैंक पर है, इसे भी तय करने वाले वे ही देश हैं। पर्दों के पीछे की असलियत से स्वयं मोदी उतने वाकिफ़ नहीं होंगे जितने इन देशों की एजेंसियां हैं और वे जानते हैं कि किन सूचकांकों में भारत की स्थिति कहां पर है। सारा जग जानता है कि देश की 80 करोड़ से ज्यादा की आबादी के मुफ्त 5 किलो प्रति माह के राशन पर जीवित है। एक सामान्य बुद्धि का राजनयिक या राष्ट्राध्यक्ष, जो भारत सम्बन्धी सारे आंकड़ों व तथ्यों से लैस होकर ही सम्मेलन में शिरकत करने आया होगा, समझ गया होगा कि उनके रास्तों में पड़ने वाले इलाकों में ये बड़े-बड़े पर्दे क्यों लगाये गये हैं। दुनिया यह भी जानती है कि चकाचौंध में भरोसा रखने वाले मोदी ने विदेशी मेहमानों के आगमन पर उनके अपने गृहनगर अहमदाबाद की मलिन बस्तियों को दीवारें उठवाकर छिपा दिया था ताकि गुजरात मॉडल की सच्चाइयां सामने न आयें जिसका ढिंढोरा खूब पीटा गया था और उसी मॉडल को देश भर में लागू करने के लिये मोदी गुजरात से उठकर दिल्ली चले आये हैं।

यह तो सही है कि मेहमानों के सामने अपने घर का श्रेष्ठ दिखाने और बुरा छिपाने की प्रवृत्ति स्वाभाविक होती है। यह भी सही है कि लोग अक्सर अपने बूढ़े मां-बाप, बीमार बुआ, विधवा सास, बहन, मां आदि को किसी अलग कमरे में रख देते हैं और कोशिश करते हैं कि मेहमानों के जाने के बाद ही उन्हें निकालें। यह हकीकत है परन्तु स्वीकार्य नहीं, न ही मानवीय गरिमा के अनुकूल। फिर, यह व्यक्तिगत स्तर पर या परिवार के स्तर पर की बात हो सकती है लेकिन देश के स्तर पर इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि पर्दों के पीछे छिपाये गये लोगों का भी देश के इस गौरवपूर्ण क्षणों का आनंद लेने का उतना ही हक है जितना कि लकदक कपड़ों में सजे और बड़ी गाड़ियों में आवाजाही करने वाले अन्य लोगों का है। वैसे भी वे कौन सा आयोजन स्थल के भीतर घुसे जा रहे हैं या शाही दावतों में घुस सकते हैं ? वे अपने घरों से निकल भी न सकें, इसकी मुकम्मल व्यवस्था सरकारी तंत्र ने कर रखी थी। लगभग तीन-चार दिन सुरक्षा के नाम पर एक तरह से कर्फ्यू ही लगा रखा था। लोगों को ज़रूरी कामों के लिये भी निकलना दूभर था अथवा लम्बी दूरियों के या असुविधापूर्ण रास्ते लेने पड़े। यह अमानवीयता है। अपने ही देश की बड़ी आबादी को इस तरह से पर्दे से ढंक देना उनका अपमान भी है। यह सारा कुछ सचमुच बहुत निर्मम है। क्या जनता केवल वोटर है ? मनुष्य होने के नाते उसके साथ जो गरिमापूर्ण व्यवहार होना चाहिये, वह सरकार की ओर से बहुत संकीर्ण व क्षुद्र प्रयोजनों के चलते होता हुआ नहीं दिखता।

हालांकि अपनी छवि बांधने के चक्कर में सत्ता के लिये यह बहुत छोटी सी कीमत समझी गई हो, पर यह कोई लोकतांत्रिक व्यवहार नहीं है। यह एक तरह से राजशाही या तानाशाही प्रणाली है कि अपने ही लोगों को इस तरह से बंद कर रखा जाये। मानों वे त्याज्य व अवांछनीय हों।

अमानवीयता तो यह भी है कि सम्मेलन के पहले दो-तीन दिनों पहले से अभियान चलाकर दिल्ली के सैकड़ों कुत्तों को बहुत निर्मम तरीके से पकड़कर अज्ञात जगहों पर ले जाया गया। उन्हें पकड़ने और नगर निगम की गाड़ियों व पिंजरों में जैसे भरा गया, लगता नहीं कि उनमें से बहुत जीवित बचे होंगे। बचे भी होंगे तो घायल, बीमार, भूखे-प्यासे रखे गये होंगे। ऐसा नज़ारा भी देश ने पहली बार ही देखा है। पशु प्रेमी व्यक्ति एवं संगठन इस दौरान तो नदारद रहे ही, अब तक उनका इसके खिलाफ कोई बयान भी नहीं दिख रहा है। ऐसे मौके पर भारतीय जनता पार्टी की सांसद एवं पूर्व मंत्री मेनका गांधी की याद आनी स्वाभाविक है जो अपने श्वान प्रेम के लिये विख्यात रही हैं। गाड़ी के नीचे एक पिल्ले के दबने से भी दुखी होने वाले नरेन्द्र मोदी सैकड़ों निरीह प्राणियों के प्रति हुई क्रूरता से कितना पसीजे होंगे, इसकी कल्पना ही की जा सकती है।

लोगों को पर्दों से ढंकना हो या फिर मूक प्राणियों पर बेकदर अत्याचार- दोनों ही अस्वीकार्य है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**




डॉ. दीपक पाचपोर

देश जिन ऊंचाइयों पर बैठा है, वहां उसके साथ और कौन है ? वहां केवल विदेशी मेहमान हैं और उनकी आवाभगत करते हुए सिर्फ और सिर्फ नरेन्द्र मोदी हैं। यहां तक कि सत्ता से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोग तक मौजूद नहीं हैं, जो उनकी अपनी पार्टी के हों या सरकार में शामिल लोग। फिर विपक्षी नेताओं की बिसात ही क्या ? यह तो सही है कि यह विशिष्ट आयोजन था और उसमें मौजूदगी खास लोगों की हो सकती थी।

# नाहक का नदी जोड़

यदि जाने-माने विशेषज्ञों द्वारा किसी बड़ी नदी परियोजना के परिणाम बहुत हानिकारक होने की आशंका प्रकट की गई हो तो उचित समय पर रोक कर, इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। यह पुनर्विचार ऐसा नहीं होना चाहिए कि नाम-मात्र को कुछ समय के लिए रुक गए, अपितु पूरी पारदर्शिता व खुले मन से विभिन्न संभावित दुष्परिणामों की जांच होनी चाहिए। यदि वास्तव में दुष्परिणाम अधिक पाए गए तो ऐसी परियोजना पर अरबों रुपए और बर्बाद करने के स्थान पर इसे त्यागते हुए यह राशि जन-हित से जुड़े अन्य कार्यों, विशेषकर जल-संरक्षण के कार्यों पर खर्च करना चाहिए।

'केन-बेतवा लिंक परियोजना' एक ऐसी ही योजना है जो पहले से कई तरह की कठिनाईयों से गुजर रहे बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए एक बड़ी आपदा उपस्थित कर सकती है। हजारों करोड़ रुपए खर्च कर बुलाई गई इस आपदा के तहत बांध बनाकर एक नहर के माध्यम से केन नदी का पानी बेतवा नदी में भेजा जाना है। इस तरह इसकी मूल एक पूर्व निर्धारित अवधारणा है जिसके मुताबिक केन में अपनी जरूरत से अधिक पानी उपलब्ध है, हालांकि इसके कोई प्रामाणिक आंकड़े अभी सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं हैं।



भारत डोंगरा

केन नदी व नहर व्यवस्था से सिंचित हो रहे अनेक गांवों के लिए जल-संकट बढ़ जाएगा। बांधों के नीचे के गांवों में भी यही स्थिति होगी। जब पहले ही केन जल-व्यवस्था में नदी व नहरों में क्षेत्र की आवश्यकताओं की तुलना में पानी कम रहता है तो बहुत सा पानी नदी से बाहर भेज देने पर क्या स्थिति होगी, इसके बारे में सोचा जा सकता है।

इस सोच को अनेक विशेषज्ञों व सरकारी पदों पर रह चुके पूर्व अधिकारियों ने अनुचित बताया है। केन क्षेत्र की जल आवश्यकताओं को कृत्रिम तौर पर कम बताकर इसमें अतिरिक्त जल की सोच को किसी तरह स्थापित किया गया है जो उचित नहीं है। केन व उसकी कुछ सहायक नदियों में हाल के वर्षों में जिस तरह बहुत बड़े पैमाने पर अंधाधुंध बालू का खनन हुआ है, उस कारण केन व उसकी सहायक नदियां स्वयं संकटग्रस्त हैं।

केन व बेतवा दोनों का बहाव क्षेत्र बहुत दूर नहीं है, दोनों यमुना में ही मिलती हैं, दोनों के क्षेत्रों में प्राय: एक समय ही अधिक या कम वर्षा होती है, अत: दोनों को जोड़ने से कोई प्रयोजन सिद्ध होने वाला नहीं है। विशेषकर यह भी देखते हुए कि बेतवा क्षेत्र में जहां पानी की अधिक कमी है वहां इस परियोजना का पानी नहीं पहुंचेगा। वास्तव में यह केन-बेतवा, उत्तरप्रदेश या मध्यप्रदेश का सवाल है ही नहीं। चूंकि यह परियोजना अपने मूल रूप में ही बेबुनियाद व औचित्यविहीन है, अत: राष्ट्रीय संदर्भ में यह धन की बर्बादी ही है, जबकि सही जल-संरक्षण कार्यों के लिए धन उपलब्ध होना चाहिए।

इस परियोजना में लाखों पेड़ों का कटना व हजारों गांववासियों का विस्थापित होना तय है। अनेक वर्ष पहले के सरकारी तौर पर मान्य दस्तावेजों में 23 लाख पेड़ कटने की बात कही गई थी, पर उस समय छोटे पेड़ इसमें नहीं गिने गए थे। अब इनके भी बड़े होने से परियोजना में 30 लाख या उससे भी अधिक वृक्ष कटने की संभावना है।

पन्ना के टाईगर रिजर्व, घड़ियाल संरक्षित क्षेत्र आदि में वन्य जीवों के लिए स्थिति बहुत अस्त-व्यस्त हो जाएगी, आरक्षित क्षेत्र विभाजित हो जाएगा व जल-जीवों के लिए पानी की कमी होगी। बांधों व नहर से हजारों लोग विस्थापित होंगे, खेत उजड़ेंगे, पेड़ कटेंगे, कई जल-स्रोत नहर के मार्ग में आने से अस्त-व्यस्त होंगे।

केन नदी व नहर व्यवस्था से सिंचित हो रहे अनेक गांवों के लिए जल-संकट बढ़ जाएगा। बांधों के नीचे के गांवों में भी यही स्थिति होगी। जब पहले ही केन जल-व्यवस्था में नदी व नहरों में क्षेत्र की आवश्यकताओं की तुलना में पानी कम रहता है तो बहुत सा पानी नदी से बाहर भेज देने पर क्या स्थिति होगी, इसके बारे में सोचा जा सकता है।

एक नदी का पानी दूसरी नदी के पानी में मिलने से अनेक जल-जीवों के लिए ऐसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं जिनका अनुमान पहले से लगाना कठिन है। इस लिंक योजना का बहाव बुंदेलखंड की अधिकांश नदियों के प्राकृतिक बहाव से अलग है व यह प्राकृतिक व्यवस्थाओं में व्यवधान उत्पन्न करते हुए कभी बाढ़ तो कभी दलदलीकरण तो कभी सूखे की समस्या को और विकट कर सकती है।

पहले आईआईटी-कानपुर में प्राध्यापक और फिर मध्यप्रदेश शासन की ओर से 'विक्रम साराभाई फैलो' के रूप में सक्रिय रहे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. भारतेंदु प्रकाश ने बुंदेलखंड के जल संकट के समाधान पर विस्तृत अध्ययन किए हैं। उन्होंने भी यही संस्तुति की है कि 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' को छोड़कर परंपरागत समृद्ध जल-संरक्षण कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाए। प्रो. ब्रज गोपाल ने भी इस संबंध के विस्तृत अध्ययनों के आधार पर ऐसी ही राय प्रकट की थी। पूर्व मंत्री व अर्थशास्त्री डा. वाईके अलघ और पूर्व सचिव, जल संसाधन, भारत सरकार ने 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' के विरोध में राय दी है। 'दक्षिण एशिया में नदियों व बांधों के नेटवर्क' 'सैन्ड्रप' ने इस परियोजना के अनेक संभावित दुष्परिणामों के विरुद्ध ध्यान दिलाया है।

केन-बेतवा को जोड़ने के लिए प्रतिवर्ष जो हजारों करोड़ रुपयों का बजट है, उसे अगले कुछ वर्षों के लिए बुंदेलखंड के जल-संरक्षण के कार्यों और प्राकृतिक खेती व वनीकरण पर खर्च किया जाए तो हरे-भरे, टिकाऊ, आजीविका से मजबूत बुंदेलखंड हमारे देखते-देखते ही उभरने लगेगा। साथ में जलवायु परिवर्तन के मौजूदा दौर में इस संकट को कम करने व इससे बेहतर जूझ सकने की क्षमता भी विकसित हो सकेगी।

बुंदेलखंड में चंदेल व बुंदेल शासन-व्यवस्था के दौरान निर्मित तालाबों व अन्य जल-स्रोतों की समृद्ध परंपरा है। इसमें स्थानीय स्थितियों के अनुकूल जल-संरक्षण का उत्तम उदाहरण मिलता है जिससे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। हाल के वर्षों में इन तालाबों की श्रृंखला से सीखने के प्रयास भी हुए हैं व इस कारण इनके महत्व के बारे में बेहतर समझ बनी है। इसके अतिरिक्त छोटे स्तर के जल-संरक्षण कार्यों से अनेक संस्थाओं ने भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। इनसे लाभान्वित अनेक किसानों ने बताया कि उनकी आजीविका सुधारने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

समझदारी इसी में है कि 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' जैसी बाहरी तौर पर प्रचारित अति महत्वाकांक्षी, पर भीतर से खोखली परियोजनाओं को त्यागकर छोटे, स्थानीय स्तर के जल-संरक्षण कार्यों पर सरकार अधिक ध्यान दे। इस संदर्भ में 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' का पूरी ईमानदारी से पुनर्मूल्यांकन इस समय निश्चय ही राष्ट्रीय हित में होगा व बहुत बड़ी धनराशि के निरर्थक व्यय को रोकने में इससे मदद मिलेगी।

**(लेखक प्रबुद्ध एवं अध्ययनशील लेखक हैं।)**

## पावन प्रसंग

# समय को साधें जीवन संवारें

सभी को दिन-रात में चौबीस घंटे मिले हैं। हर पल मिल कर दिवस बनाता है और समय का हर पल नदी की प्रवाह की भांति निरंतर गतिशील है जो सतत प्रवाहमान है। जो कभी रुकता नहीं। इसको संभाला नहीं गया तो यह हमेशा के लिए हाथ से निकल जाएगा। सामान्यतया इंसान समय के साथ कुछ इस तरह का व्यवहार करता है कि जैसे उसके पास अनंत समय हो, परंतु समय बीत जाने के बाद वह पश्चाताप करता है। वास्तव में मनुष्य के पास यथार्थ में जो समय होता है वह वर्तमान ही होता है। वह जीवन में जो कुछ बनना चाहता है, पाना चाहता है या करना चाहता है वह इस वर्तमान का सदुपयोग करते हुए ही संभव है।

इस तरह हर सुबह नए दिन का शुभारंभ का अवसर होता है जिसमें हम दिन के श्रेष्ठतम कार्य का खाका भली प्रकार खींच सकते हैं। और हर रात दिन भर की उपलब्धियों के साथ भूल-चूकों की समीक्षा व सुधार करते हुए अगले दिन को और बेहतर बनाने का सुअवसर होता है और दिन का हर पल सदुपयोग का अवसर होता है जिससे व्यक्ति अपने जीवन को संवार सकता है। इस तरह आने वाले कल का अपना कोई अस्तित्व होता नहीं है यह वर्तमान पर ही आधारित होता है। बीत गए भूत का भी महत्व नहीं है जो कुछ भी है वह वर्तमान ही है जो हमारे हाथ में है। यदि हम सफलता का सपना देखते हैं तो हमें आज अभी से हर कार्य के लिए प्रयासरत रहना होगा। दिन का प्रत्येक घंटे, मिनट व पल का सदुपयोग करते हुए जीवन की सकल संभावनाओं को यथाशीघ्र साकार करना होगा।

अधिकांश लोग समय का महत्व समझ नहीं पाते व इसका सदुपयोग नहीं कर पाते। जिसमें प्रमुख बाधाएं इस प्रकार हैं-समय के महत्व को नहीं समझ पाना, प्राथमिकताओं का तय नहीं हो पाना। काम को टालते रहना, एक ही समय पर बहुत सारे काम को हाथ में लेना।

समय के श्रेष्ठतम उपयोग के लिए समय प्रबंधन से कुछ जुड़ी बातों का ध्यान रख जा सकता है-अपने समय की बर्बादी की तह तक जाएं, सबसे पहले देखें कि हमारा समय, ऊर्जा कहां बर्बाद हो रहा है। जब यह समझ आएगा कि कौन सी चीज आपके समय व ऊर्जा को चौपट कर रही है जिसके कारण आपके महत्वपूर्ण कार्य कल पर टल रहे हैं, आपके जीवन में आवश्यक व महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी समय नहीं मिल पा रहा, सतत आपात की स्थिति बनी हुई है और जीवन नर्क बनता जा रहा है तो आप इनको चिन्हित कर इनका सहज समाधान कर सकते हैं। प्रतिदिन की योजना बनाएं व प्राथमिकता तय करें।

आपको निश्चित करना होगा कि अमुक कार्य के लिए कितना समय देना है। फिर समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने की कोशिश करें। व्यवहारिक सीमा रेखा बना कर कार्य करने से दिनचर्या अनुशासित रहती है। अनावश्यक कार्यों में उलझने की गुंजाइश समाप्त हो जाती है तथा कार्यक्षमता कई गुना बढ़ जाती है। जो कार्य महत्वपूर्ण व कठिन लग रहा हो उसे सबसे पहले निपटाएं क्योंकि प्रात: ऊर्जा का स्तर बढ़ा चढ़ा रहता है। मन मस्तिष्क स्फूर्त एवं सक्रिय रहते हैं। एकाग्रता भी प्रगाढ़ रहती है। इस प्रकार कम समय में बहुत से कार्य होते हैं तथा बचे हुए समय में हम दूसरे काम पूर्ण कर सकते हैं। एक समय पर एक ही कार्य करें। एक साथ कई काम निपटाने पर मन की ऊर्जा व एकाग्रता बंट जाती है इसलिए नियमित रूप वह परिणाम नहीं मिल पाता जिसे हम संतोषजनक कह सकें। इसलिए एक समय पर एक ही कार्य करें। जब वह कार्य पूरा हो जाए तभी दूसरा कार्य हाथ में लें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# मां-बाप की स्टेटस टैग, ले रहा बच्चों की जान

आजकल हर मां-बाप का सपना होता है कि उनका बच्चा आसमां की बुलंदियों को छुए और यही ख्वाहिश अक्सर हर पेरेंट्स अपने मासूम बच्चों के कंधों पर लाद देते हैं। ऐसे में वे यह भी जानने की जहमत नहीं उठाते कि आख़िर उनका बच्चा क्या चाहता है ? परीक्षा का दबाव और मां-बाप की उम्मीदें इस हद तक बच्चों पर हावी हो रही है कि वो परीक्षा के इम्तिहान के डर से मौत को गले लगा लेते हैं।

परीक्षा जीवन का एक हिस्सा होती है पर परीक्षा को ही जीवन मान लेना ये कहां की समझदारी है ? दुनिया में ऐसा कोई रिपोर्ट कार्ड नहीं बना जो किसी के भविष्य को तय कर सके पर वर्तमान दौर में उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अपने भविष्य निर्माण की तैयारी कर रहे छात्रों के बढ़ते मौत के आंकड़े यह बताने के लिए काफ़ी है कि कैसे भविष्य निर्माण के दबाव में बच्चे मौत को गले लगा रहे हैं। वैसे तो हमारे देश में नई शिक्षा नीति को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की गई थी। कहा तो ये तक गया था कि नई शिक्षा नीति रोजगार देने वाली होगी। पाठ्यक्रम बदला, नीतियां बदलीं पर नौनिहालों के जीवन का संकट, भविष्य संवारने की लालसा अभी तक पूरी न हो सकी। देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से प्रतियोगी हो चली है। बच्चे स्कूल में दाख़िल होते भी नहीं और उनके लिए ट्यूशन मास्टर रख दिए जाते हैं। भविष्य गढ़ने की चिंता में बच्चे का बचपन तक दांव पर लगाने से माता-पिता पीछे नहीं हटते हैं।

अभी चंद दिनों पहले ही चेन्नई से एक दर्दनाक खबर सामने आई थी। यहां एक पिता अपने जवान बेटे की मौत के दर्द को सहन नहीं कर पाया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सेल्वासेकर नाम का ये व्यक्ति पेशे से एक फोटोग्राफर था पर कैमरे के लेंस से अपने बेटे के दर्द पर फ़ोकस नहीं कर पाया। उनका बेटा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था पर परीक्षा में असफल हो गया और मौत को गले लगा लिया। इस घटना ने पिता को अंदर तक आहत कर दिया। पिता ने भी बेटे की मौत के गम में आत्महत्या कर ली पर आत्महत्या करने से पहले छात्र के पिता ने अपने मित्र से कहा कि, 'वो अपने बेटे में एक डॉक्टर को देख रहा था, लेकिन काश वो अपने बेटे में सिर्फ अपने बेटे को ही देख पाते। उसका मन पढ़ पाते तो आज उनका बेटा ज़िंदा होता।' ये एक मात्र उदाहरण नहीं, ऐसी दास्तां समाज में अनेक मिल जाएगी, लेकिन वर्तमान दौर में कौन किस मनोदशा से गुज़र रहा है। यह जानने-समझने का समय किसी के पास नहीं ! सभी अपने जीवन में इस कदर व्यस्त हो गए है कि सामने वाला व्यक्ति किस दर्द, किस परेशानी में है, इससे किसी का वास्ता नहीं रहा।

पिछले साल नोएडा में ही एक 20 साल के छात्र ने भी खुदकुशी कर ली थी। इस हादसे ने डॉक्टर मां और इंजीनियर पिता की ज़िंदगी में कभी न भरने वाला दर्द दे दिया। उनका बेटा आईआईटी एंट्रेंस की तैयारी कर रहा था। बेटा अपना बैंड बनाना चाहता था। उसे संगीत का बहुत शौक था, पर पिता के दबाव ने उसे आईआईटी की तैयारी में लगा दिया। बेटे न म्यूजिक पढ़ने की इच्छा जताई तो पिता ने गुस्से में उसका गिटार तोड़ दिया। पिता को लगता है कि उनका बेटा कमज़ोर है, पर मां जानती है कि उनका बेटा हारा नहीं बल्कि उनके स्टेट्स टैग ने उसे हारने पर मजबूर कर दिया था। आज भी हमारे आसपास ऐसी कितनी कहानियां और कितना दर्द भरा हुआ है। कितने मां-बाप अपने जवान बेटे की मौत का मातम मना रहे हैं। राजस्थान के कोटा शहर की ही बात करें तो ये शहर सुसाइड हब बना चुका है। ऐसे में अब जरूरत है अपने बच्चों को बचाने की, न कि स्टेटस सिंबल और अपनी महत्वाकांक्षाओं के नाम पर उन्हें मौत के मुंह में ढकेलने की।

**- सोनम लववंशी**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव,*
*(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## चिली में लगे भूकंप के झटके

**सैंटियागो।** चिली में मंगलवार को भूकंप के मध्यम स्तर के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वे के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय समयानुसार तड़के 04:58 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 20.65 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 68.52 डिग्री पश्चिम देशांतर तथा जमीन की सतह से 109.1 किमी की गहराई में रहा। भूकंप से किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है।

# पाक राष्ट्रपति पर पद छोड़ने से पहले चुनाव की तारीखों की घोषणा का दबाव



**पीटीआई सचिव उमर अयूब खान ने राष्ट्रपति से जल्द से जल्द चुनाव की तारीख की घोषणा करने का आग्रह किया**

**इस्लामाबाद,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी पर उनकी राजनीतिक पार्टी की ओर से भारी दबाव है कि वह पद छोड़ने से पहले आम चुनाव की तारीख की घोषणा करें, क्योंकि उनका कार्यकाल 8 सितंबर को समाप्त हो गया है।

पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, एक राष्ट्रपति अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी तब तक पद पर बना रह सकता है, जब तक कि कोई नया राष्ट्रपति चुनकर उसकी जगह न ले ले। इसका तात्पर्य यह है कि अल्वी अगले चुनाव और संसद के माध्यम से अगले राष्ट्रपति के चयन की प्रक्रिया तक पद पर बने रह सकते हैं। प्रेसीडेंसी के सूत्रों ने कहा कि अल्वी को उनकी राजनीतिक पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और उसके जेल में बंद प्रमुख और पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा करने के लिए संवैधानिक शक्ति का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। एक पत्र में पीटीआई सचिव उमर अयूब खान ने राष्ट्रपति से जल्द से जल्द चुनाव की तारीख की घोषणा करने का आग्रह किया है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान, 1973 के संविधान के अनुच्छेद 48(5) के तहत, जब राष्ट्रपति नेशनल असेंबली को भंग करते हैं, तो उन्हें आम चुनाव कराने के लिए विघटन की तारीख से 90 दिनों के भीतर की तारीख नियुक्त करनी होती है। एक सूत्र के मुताबिक, पीटीआई और इमरान खान के अलावा अल्वी पर सैन्य प्रतिष्ठान का भी दबाव है। राष्ट्रपति अल्वी दोनों तरफ से भारी दबाव में हैं।

## पाकिस्तान अल्पसंख्यकों के अधिकारों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा : ककर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ककर ने कहा है कि देश अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों और उनकी पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। ककर ने सोमवार को अल्पसंख्यकों के अधिकारों को लेकर हुई एक बैठक के दौरान कहा, पाकिस्तान का संविधान बिना किसी नस्ल, जाति, पंथ और जातीय भेदभाव के सभी नागरिकों को समान सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक अधिकार सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को समान अधिकार प्राप्त हैं और मौजूदा सरकार उनके सभी अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अल्पसंख्यकों से अपने मुद्दों और समस्याओं का प्रस्ताव सरकार को सौंपने का आग्रह किया ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। ककर पाकिस्तानी समाज के सभी वर्गों से शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सद्भाव के लिए दक्षिण एशियाई देश से उग्रवाद के उन्मूलन में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का भी आह्वान किया।



# मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या 2,681 हुई

**6.8 तीव्रता का आया था भूकंप**

**अमीजमिज,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। मोरक्को में विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,681 और घायलों की संख्या 2,501 हो गई है। मोरक्को सरकार द्वारा सोमवार को जारी नवीनतम बयान में यह जानकारी दी गई। स्पेन और ब्रिटेन द्वारा भेजी गई बचाव टीमें भूकंप के केंद्र के पास अमीजमिज गांव में पहुंच गई हैं। भूकंप प्रभावित पुराने शहर मराकेश और अन्य भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के बीच हेलीकॉप्टरों को घूमते देखा जा सकता है। बयान के अनुसार सबसे अधिक प्रभावित पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए बचाव और राहत प्रयास भी जारी हैं। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने कहा उत्तरी अफ्रीकी देश में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात 11:11 बजे 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप की गहराई 18.5 किलोमीटर पर थी।

## सुडोकू 6315

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 13 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - आज पूरे दिन आपको शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होगा। परिश्रम की अपेक्षा सफलता कम होने से आपको निराशा होगी। संतान की चिंता हो सकती है। काम में सतत व्यस्तता के कारण परिवार की उपेक्षा होगी।

वृषभ - आज आप सभी काम दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। पिता से लाभ हो सकता है। विद्यार्थी विद्याध्ययन में सफल होंगे। संतान के पीछे खर्च या निवेश की संभावना है।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने से आप नई योजनाएं शुरू कर सकेंगे। व्यावसायिक सरकारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। नौकरी पेशा लोग उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि पा सकेंगे। भाइयों और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे।

कर्क - आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता महसूस होगी। नेगेटिव विचारों के कारण मानसिक चिंता होगी। किसी के साथ मतभेद हो सकता है। पारिवारिक वातावरण दूषित होगा। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई में नहीं लगेगा।

सिंह - आत्मविश्वास और निर्णयशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप त्वरित निर्णय ले सकेंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। बुजुर्गों से आपको सहयोग मिलेगा। आपका मन प्रफुल्लित रहेगा।

कन्या - आप शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। आपको छोटी बड़ी तकलीफें रहा करेंगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। गुस्से और इगो के कारण आपका मनमुटाव हो सकता है।

तुला - आज आप अलग-अलग क्षेत्र से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उसके कारण आपको शारीरिक मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। आज आप दिन में मित्रों के साथ मिलकर किसी रमणीय स्थल की सैर करने का आयोजन कर सकेंगे।

वृश्चिक - आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आप समाज में सम्माननीय बनेंगे। नौकरी तथा व्यवसाय में पदोन्नति का योग है।

धनु - आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और थकान का अनुभव होगा। मानसिक रूप से भी बेचैनी का अनुभव होगा। कहीं जाने की योजना को टालना हितकर होगा। संतान की चिंता हो सकती है।

मकर - आज खान-पान पर ध्यान दें अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी आशंका है। उपचार, प्रवास या व्यावहारिक प्रसंगों में पैसे खर्च होंगे। कठिनाइयों से बाहर आना हो तो नकारात्मक विचारों तथा उग्र विचार पर अंकुश रखें।

कुंभ - आज आप में आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल भरपूर मात्रा में होगा और आपका दिन प्रेम और रोमांस से अधिक उल्लासित बनेगा। किसी नए व्यक्तियों के साथ आपकी मित्रता होगी।

मीन - घर में शांति और आनंद के वातावरण का सकारात्मक प्रभाव आपके काम पर देखने को मिलेगा। परंतु आपको अपने उग्र स्वभाव और वाणी पर अंकुश रखनी होगी। आप अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## रूस के साइबेरिया में विमान की आपात लैंडिंग

**मॉस्को,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। रूस के रिसॉर्ट शहर सोची से साइबेरियाई शहर ओम्स्क जा रहे एक यात्री विमान को हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी के कारण नोवोसिबिर्स्क क्षेत्र में आपातस्थिति में एक खेत में उतारना पड़ा। विमान में सवार सभी यात्रियों की सांसें थम गई थीं। यूराल एयरलाइंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सर्गेई स्कर्तोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूसी एयर कैरियर यूराल एयरलाइंस द्वारा संचालित एयरबस ए320 विमान को एक खेत में आपात लैंडिंग करनी पड़ी। विमान में चालक दल के छह सदस्यों और 23 बच्चों सहित 167 लोग सवार थे। क्षेत्रीय स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि घटना में कम से कम पांच लोग घायल हो गए है। विमान में सवार किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई है। श्री स्कर्तोव संवाददाताओं से कहा. %%ओम्स्क के पास पहुंचने पर, लैंडिंग के दौरान, विमान पर हरा हाइड्रोलिक सिस्टम विफल हो गया। सामान्य तौर पर, विमान में तीन हाइड्रोलिक सिस्टम होते हैं- हरा, पीला और नीला। उन्होंने कहा कि विमान कमांडर ने नोवोसिबिर्स्क में एक वैकल्पिक हवाई क्षेत्र में उतरने का निर्णय लिया लेकिन बाद में महसूस किया कि ईंधन पर्याप्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि विमान के यात्रियों को 100,000 रूबल (1,058 डॉलर) का भुगतान किया जाएगा। ऐसी ही एक घटना रूस में चार साल पहले हुई थी।

## भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम में दोनों देशों में कार्यालय बनाने का निर्णय



■ द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने के लिए 45 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम की बैठक में दोनों पक्षों के बीच पारस्परिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक-दूसरे के यहां विशेष कार्यालय स्थापित करने पर सहमति हुई है। फोरम ने भारत-सऊदी अरब स्टार्टअप / नवाचार सेतु पहल भी शुरू करने घोषणा की है और द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने के लिए 45 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सऊदी अरब के वली अहद (युवराज) एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद की भारत के दौरान सोमवार को अलग से इस फोरम की बैठक में इन पहलों की घोषणा की गई।

युवराज मोहम्मद बिन सलमान की जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की बैठक तथा भारत के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक के दौरान भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा सऊदी निवेश मंत्रालय द्वारा यहां भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम 2023 ('फोरम') का आयोजन किया गया। इस फोरम में भारत और सऊदी अरब की 500 से अधिक कंपनियों की भागीदारी रही। यह भारत और सऊदी अरब के बीच पहली औपचारिक निवेश संगोष्ठी है। भारत-सऊदी निवेश फोरम 2023 के मंत्रिस्तरीय सत्र की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल और सऊदी अरब के निवेश मंत्री महामहिम खालिद ए अल फलीह ने की। इससे पूर्व दिन में, दोनों पक्षों के बीच जी2बी और बी2बी प्रारूप में 45 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर (एमओयू) हस्ताक्षर किए गए।

## वर्ग पहेली 6315

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विष्णु की माला, झंडा, चिह्न, विजय माल
३. पारा
५. रचना बनाना, उत्पादन
६. सूर्य पुत्री, यमुना
७. मूर्ख, नादान, अविवेकी (उर्दू)
९. सहायता (उर्दू)
१०. झुका हुआ, मिटा हुआ, पिछड़ा हुआ, विनीत
१२. पाचन शक्ति (उर्दू)
१३. कोमल, नरम
१४. बूढ़ा आदमी
१६. एकटक देखना
१८. शीतल और मंद वायु
२०. राजा समर के साठ हजार पुत्रों का शाप देकर भस्म कर देने वाले एक मुनि, भूरा, बादामी
२१. बुद्धिमानी
२३. अंधकार को दूर करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. पृथ्वी और यमलोक के बीच एक पौराणिक नदी
२. मंत्रयोग से बंधा हुआ, ताला लगाया हुआ, जकड़ा या बंद किया हुआ
३. युद्ध भूमि में होनेवाली आवाज़
४. चार दिशाओं में से एक
५. धन, सुख स्वादिष्ट भोजन, ईश्वर की देन (उर्दू)
८. बेकार काम करना, वक्त बर्बाद करना (मुहावरा)
१०. अपवित्र, नापाक
११. कमल
१२. स्थिति, दशा (उर्दू)
१३. शिकार, आखेट
१४. वर्षा करने वाला मेघ
१५. अज्ञानता (उर्दू)
१७. भैस का नर बच्चा
१८. वृद्धि करना
१९. रचनाकार
२२. गन्ना

### वर्ग पहेली-6314

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ना | सा | २ पु | ट | ■ | ■ | 3 ब | टो | ४ र | ना |
| ट्य | ■ | ष्प | ■ | ५ उ | द्धा | र | ■ | ई | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ त | र | स | ८ ना |
| र | ■ | टि | ■ | ९ सा | ध | ना | ■ | ■ | म |
| ■ | १० नि | का | ११ ल | ना | ■ | ■ | १२ से | व | क |
| ■ | झ | ■ | फ्फा | ■ | १३ आ | गा | ह | ■ | मा |
| १४ ह | र | १५ गि | ज | ■ | ल्हा | ■ | १६ त | १७ रा | ना |
| म | ■ | रि | ■ | १८ कुं | द | १९ न | ■ | जी | ■ |
| २० सा | यु | ध | ■ | भ | ■ | २१ मि | ला | व | २२ टी |
| या | ■ | २३ र | त्न | ज | ड़ि | त | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## ट्रम्प ने राष्ट्रपति चुनाव में तोड़फोड़ मामले में न्यायाधीश को हटाने की मांग की



**वाशिंगटन,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में तोड़फोड़ मामले में संघीय न्यायाधीश को हटाने की मांग की है।

श्री ट्रम्प के वकीलों ने सोमवार को अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या छुटकन की टिप्पणियों पर तर्क दिया। टिप्पणियां पिछली 06 जनवरी को दो प्रतिवादियों को सजा सुनाते समय की गई थी। न्यायाधीश छुटकन ने संकेत दिया कि उनका मानना है कि श्री ट्रम्प पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए और कैद किया जाना चाहिए।

पूर्व राष्ट्रपति के वकीलों ने अदालत में दायर याचिका में कहा कि न्यायाधीश छुटकन ने अन्य मामलों के संबंध में सुझाव दिया है कि श्री ट्रम्प पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए और उन्हें जेल में डाल दिया जाना चाहिए। मामला शुरू होने से पहले और उचित प्रक्रिया के बिना दिए गए ऐसे बयान स्वाभाविक रूप से अयोग्य ठहराने वाले हैं। श्री ट्रम्प पर अमेरिकी विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को विकृत करने के कथित प्रयास को लेकर चार आरोप लगाए गए हैं। वह आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। उन्हें चार मामलों में दोषी ठहराया गया है। उन्होंने हालांकि सभी आरोपों में खुद को निर्दोष बताया है।

### सात मामलों को खारिज करने की भी मांग

श्री ट्रम्प ने जॉर्जिया मामले में सामने आए सात मामलों को खारिज करने की भी मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रपति के रूप में अपनी आधिकारिक क्षमता में किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त है।

## लीबिया में बाढ़ के बाद नौ हजार से अधिक लोग लापता

**बेंगाजी,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया के पूर्वी शहर डर्ना में बाढ़ के बाद नौ हजार से अधिक लोग लापता हैं। रेड क्रिसेंट आंदोलन के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूर्वी लीबियाई सरकार के प्रधान मंत्री ओसामा हमद सोमवार को कहा था कि डर्ना में बाढ़ से मरने वालों की संख्या दो हजार से अधिक हो गई है। प्रवक्ता ने कहा, हमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। बाढ़ में नौ हजार से अधिक लोगों के लापता होने खबरें हैं। बड़े खोज अभियान की आवश्यकता है। वर्ष 2011 के विद्रोह के बाद से, जिसमें लंबे समय तक शासक मोअम्मर गद्दाफी को अपदस्थ कर दिया गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई, लीबिया में केंद्र सरकार का अभाव है और परिणामी अराजकता का मतलब देश की सड़कों और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश में कमी और निजी भवन का न्यूनतम विनियमन भी है। देश अब पूर्व और पश्चिम में प्रतिद्वंद्वी सरकारों के बीच विभाजित हो गया है।

## आज का इतिहास

1914-प्रथम विश्व युद्ध- जर्मनी और फ्रांस के बीच एस्ने की लड़ाई शुरू हुई।

1923-स्पेन में सैन्य तख्ता पलट। मिगेल डे प्रिमो रिवेरा ने सत्ता संभाली और तानाशाह सरकार की स्थापना की।

1946-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक मेजर रामास्वामी परमेस्वरन का जन्म।

1947-प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने 40 लाख हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया।

1948-उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।

1969-ऑस्ट्रेलिया के ख्याति प्राप्त क्रिकेट खिलाड़ी शेन वॉर्न का जन्म।

1978-भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिज्ञ भारती पवार का जन्म।

2000-भारत के विश्वनाथन आनन्द ने शेनयांन में पहला फ़िडे शतरंज विश्व कप जीता।

2001-ओसामा बिन लादेन को पकड़ने हेतु अमेरिका द्वारा पाकिस्तान पर दबाव डाला गया।

2002-इस्त्रायल ने फ़िलिस्तीन अधिकृत गाजा पट्टी पर हमला किया।

2005-सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता हेतु समर्थन देने के लिए अमेरिका ने मानकों की घोषणा की।

2006-इब्सा (भारत-ब्राजील-साउथ अफ़्रीका त्रिगुटीय संगठन) का पहला शिखर सम्मेलन ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में शुरू।

**दौरा** *'प्योंगयांग व मॉस्को के बीच संभावित हथियार सौदे को लेकर चिंता बढ़ रही'*

# पुतिन के साथ शिखर वार्ता के लिए किम जोंग-उन पहुंचे रूस

**सियोल, 12 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता करने के लिए रूस पहुंचे। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि इससे प्योंगयांग और मॉस्को के बीच संभावित हथियार सौदे को लेकर चिंता बढ़ रही है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने मंगलवार सुबह पुष्टि की कि किम सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख अधिकारियों और सशस्त्र बलों के साथ रविवार दोपहर को बुलेटप्रूफ ट्रेन में सवार होकर रूस के लिए प्योंगयांग से रवाना हुए थे।**

केसीएनए की रिपोर्ट के कुछ घंटों बाद, दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता जियोन हा-क्यू ने कहा कि किम की ट्रेन मंगलवार तड़के रूस में प्रवेश कर गई है। उन्होंने कहा कि सियोल हथियारों के व्यापार पर दोनों देशों के बीच संभावित बातचीत पर नजर रख रहा है।

जियोन ने संवाददाताओं से कहा, हम इस बात पर नजर रख रहे हैं कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच हथियारों के व्यापार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर बातचीत होगी या नहीं। रूसी मीडिया आउटलेट वेस्टी प्रिमोरी ने एक रेलवे स्रोत का हवाला देते हुए यह भी बताया कि किम की ट्रेन मंगलवार को सीमावर्ती शहर खासन पहुंची और सुदूर पूर्वी शहर उस्सूरीस्क की ओर जा रही है। ट्रेन मंगलवार तड़के खासन स्टेशन से गुजरी। उत्तर कोरिया के राज्य मीडिया द्वारा जारी की गई तस्वीरों में किम के साथ प्योंगयांग के विदेश मंत्री चोए सोन-हुई, साथ ही शीर्ष सैन्य अधिकारी री प्योंग-चोल और पाक जोंग-चोन भी दिखाई दे रहे हैं। यह अभी भी अज्ञात है कि किम और पुतिन कब और कहां बैठक करेंगे, और उत्तर कोरियाई नेता का ठिकाना भी स्पष्ट नहीं है। क्रेमलिन ने कहा कि किम की यात्रा के दौरान उत्तर कोरियाई और रूसी प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत की योजना बनाई गई है।

यह यात्रा चार वर्षों से अधिक समय में किम की रूस की पहली यात्रा होगी और कोविड-19 महामारी के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच बढ़ते सुरक्षा सहयोग के मद्देनजर प्योंगयांग हाल ही में मास्को के साथ सैन्य संबंध मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में, न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट दी थी कि किम यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस को गोला-बारूद और हथियार की आपूर्ति और अन्य सैन्य सहयोग की संभावना के बारे में पुतिन के साथ बातचीत के लिए इस महीने संभवत: बख्तरबंद ट्रेन से व्लादिवोस्तोक की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं।



**बुलेटप्रूफ ट्रेन में सवार होकर पहुंचे रूस**

## दुनिया को जानें

### ई-सिगरेट से युवाओं में बढ़ सकता है तनाव : अध्ययन

**लंदन,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि, जो युवा ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, उनमें दीर्घकालिक तनाव की शिकायत होने की संभावना दोगुनी हो जाती है। इटली के मिलान में यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी इंटरनेशनल कांग्रेस में प्रस्तुत यह शोध कनाडा के 15 से 30 वर्ष की आयु के 905 लोगों पर किया गया था, जिनमें से 115 लोगों ने ई-सिगरेट का इस्तेमाल किया था। अध्ययन से संकेत मिलता है कि जो युवा ई-सिगरेट का उपयोग करते हैं, उनका जीवन स्तर खराब होता है। तनाव को शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन उत्पन्न करने के लिए जाना जाता है, जो अस्थमा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी पुरानी स्थितियों के विकास के जोखिम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नाडा में बीमार बच्चों के अस्पताल में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. टेरेसा टू ने कहा, पुराना तनाव चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को जन्म दे सकता है। पुराने तनाव का सामना कर रहे युवाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें शुरुआत में ही सहायता दी जाए ताकि वे वेपिंग या धूम्रपान जैसे अस्वास्थ्यकर तरीकों का सहारा लेने से बच सकें।

# देश

**उवाच**

"तमिलनाडु के पास मेकेदातु परियोजना का विरोध करने का कोई कारण नहीं है क्योंकि यह कर्नाटक राज्य में स्थित है। केंद्र सरकार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण को अनुमति देने का निर्देश देना है, लेकिन वह इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

-सिद्दारमैया,कर्नाटक के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 28.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 29.0 |

# किसान दुनिया के सच्चे संरक्षक : मुर्मु

## राष्ट्रपति ने किसान अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि किसानों ने मानवता को मिले प्रकृति के उपहार कृषि जैव विविधता को सदियों से बचाकर रखा है इसलिए इसमें कोई दो राय नहीं कि किसान ही इस दुनिया के सच्चे संरक्षक हैं। मुर्मु ने मंगलवार को यहां किसान अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुनिया का कृषक समुदाय इसका असली संरक्षक है क्योंकि उसने ही प्रकृति के उपहार कृषि जैव विविधता को बचाकर रखा है। उन्होंने कहा कि सभी को फसलों, पौधों तथा प्रजातियों की विभिन्न किस्मों की रक्षा करनी चाहिए और उनके संरक्षण के किसानों के प्रयास की सराहना की जानी चाहिए।



सभी को फसलों, पौधों तथा प्रजातियों की विभिन्न किस्मों की रक्षा करनी चाहिए : द्रौपदी मुर्मु

### किसानों के अधिकार पर होगी चर्चा

तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में डेढ़ सौ देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इसमें नई किस्में बनाने वाले और देसी और परंपरागत किस्मों को बचाने का काम करने वाले भारत के किसान भी शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में कृषि सचिव मनोज आहूजा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक, पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अथॉरिटी के चेयरमैन डॉ. त्रिलोचन महापात्र और एफएओ मुख्यालय रोम के सचिव डॉ.केंट ननाडोजी सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में तीन दिन तक बीज किस्मों के एक्सचेंज और अलग-अलग देशों में किसानों के अधिकार को लेकर चर्चा होगी।

### भारत विविधता से भरपूर विशाल देश

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत विविधता से भरपूर विशाल देश है जिसका क्षेत्रफल विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत है लेकिन विश्व के पौधों की विभिन्न किस्मों और जानवरों की सभी दर्ज प्रजातियों का 7 से 8 प्रतिशत भारत में मौजूद है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता के क्षेत्र में भारत पौधों और प्रजातियों की विस्तृत श्रृंखला से संपन्न देशों में से एक है। भारत की यह समृद्ध कृषि-जैव विविधता वैश्विक समुदाय के लिए अनुपम निधि रही है। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों ने कड़े परिश्रम और उद्यमिता से पौधों की स्थानीय किस्मों का संरक्षण किया है, जंगली पौधों को अपने अनुरूप बनाया है और पारंपरिक किस्मों का पोषण किया है। इससे फसल कार्यक्रमों को बल मिला है तथा मनुष्यों और पशुओं के लिए भोजन एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि कृषि अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास ने भारत को 1950-51 के बाद से खाद्यान्न, बागवानी, मत्स्य पालन, दूध और अंडे के उत्पादन को कई गुना बढ़ाने में योगदान दिया है। इसका राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है।

उन्होंने कहा कि कृषि-जैव विविधता संरक्षकों और परिश्रमी किसानों, वैज्ञानिकों तथा नीति निर्माताओं के प्रयासों ने सरकार के समर्थन से देश में कई कृषि क्रांतियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### वनस्पतियों का संरक्षण सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि इन वनस्पतियों का संरक्षण सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस संगोष्ठी का आयोजन खाद्य और कृषि संगठन, रोम के खाद्य एवं कृषि पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतरराष्ट्रीय संधि सचिवालय द्वारा किया जा रहा है। संगोष्ठी का आयोजन खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ), रोम के खाद्य और कृषि पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतरराष्ट्रीय संधि (अंतरराष्ट्रीय संधि) के सचिवालय द्वारा किया जा रहा है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय पौधा किस्म और किसान अधिकार (पीपीवीएफआर) प्राधिकरण, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), और आईसीएआर-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीपीजीआर) के सहयोग से आयोजित कर रहा है।

# हिंदू धर्म को समझने के लिए पढ़े उचित किताबें : कांग्रेस

**पणजी,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मंगलवार को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत पर सनातन धर्म को लेकर इंडिया ब्लॉक के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर निशाना साधा। कांग्रेस का कहना है कि बचकाने भाजपा नेता को हिंदू धर्म को समझने के लिए उचित किताबें पढ़नी चाहिए।

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को मध्य प्रदेश में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि अतीत में मुगल और ब्रिटिश जैसे शासक देश से सनातन धर्म को मिटा नहीं सके। लेकिन, कांग्रेस (इंडिया ब्लॉक) वोट हासिल करने के लिए सनातन धर्म का अपमान करने की कोशिश कर रही है। इसलिए, लोगों को उनसे सवाल करना चाहिए। कांग्रेस मीडिया सेल के अध्यक्ष अमरनाथ पंजिकर ने सावंत पर निशाना साधते हुए कहा कि बचकाने और अपरिपक्व मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत को हिंदू धर्म को समझने के लिए उचित किताबें पढ़नी चाहिए।

आरएसएस के स्वयंभू राजनीतिक पंडित उन्हें सच्चा हिंदू धर्म कभी नहीं सिखाएंगे। पंजिकार ने इंडिया फ्रंट पर अपने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, आखिरकार जुडेगा भारत, जीतेगा इंडिया ही आएगा। पंजिकर ने कहा कि हिंदू धर्म किसी एक राजनीतिक दल या नेता की संपत्ति नहीं है।

# अपने कामों से लोगों के दिलों को जोड़ें बीआरओ : राजनाथ

## 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को किया राष्ट्र को समर्पित

**जम्मू,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) से आह्वान किया कि वह अपने कामों से लोगों के दिलों को भी जोड़ें। सिंह ने यहां बीआरओ की 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2,900 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। सिंह ने बिश्नाह-कौलपुर-फूलपुर रोड पर देवक ब्रिज पर आयोजित कार्यक्रम में बीआरओ की 90 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद कहा आपका काम केवल एक स्थान को दूसरे स्थान से जोड़ना ही नहीं बल्कि अपने कामों से लोगों के दिलों को जोड़ना भी है। निर्माणों को लोगों के लिए, लोगों के द्वारा और लोगों द्वारा की भावना का प्रतिनिधित्व करना चाहिए। उन्होंने बीआरओ से आह्वान किया कि वह स्थानीय निकायों और लोगों की जरूरतों के मुताबिक सीमावर्ती क्षेत्रों में परियोजनाओं के लिए इनपुट लेकर उन्हें शामिल करें। उन्होंने कहा कि अपनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के माध्यम से वह न केवल भारत की सीमाओं को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने इन परियोजनाओं के समय पर पूरा होने का श्रेय अपने कर्मियों की कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्रतिबद्धता को दिया।



### अरुणाचल में नेचिफू सुरंग का किया उद्घाटन

**ईटानगर।** राजनाथ सिंह ने अरुणाचल में 36 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले से प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में बालीपारा-चारदुआर-तवांग मार्ग पर बनी 500 मीटर लंबी नेचिफू सुरंग भी शामिल है। सिंह द्वारा जा राष्ट्र को समर्पित 90 प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में नेचिफू सुरंग एक है। ग्यारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली परियोजनाओं को बीआरओ द्वारा 2,941 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है। इन परियोजनाओं में से 36 अरुणाचल में, 26 लद्दाख में, 11 जम्मू-कश्मीर में पांच, मिजोरम में तीन हिमाचल प्रदेश में, दो-दो क्रमशः सिक्किम, उत्तराखंड और नागालैंड में हैं।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के बनिहाल क्षेत्र के वागन में मंगलवार सुबह एक ट्रक के चट्टान से टकराने के बाद गहरी खाई में गिर जाने से भाई-बहन समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ, जब जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा ट्रक बनिहाल में शेरबीबी के पास चट्टान से टकरा गया व सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। ट्रक में सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को बरामद किया।

### देश में कोविड संक्रमण के 40 नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 40 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसी के साथ देश में संक्रिमत मरीजों की संख्या बढ़कर 4,49,97,820 हो गई है। एक दिन में 42 मरीजों ने कोरोना वायरस को मात दी है, इसी की साथ ठीक होने वालों की संख्या 4,44,65,288 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की जानकारी के अनुसार वर्तमान में देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 505 है। देश में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,32,027 हो गई है। अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 220.67 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी है।

### लंदन यात्रा से लौटे जगनमोहन

**विजयवाड़ा।** वाईसीआर कांग्रेस प्रमुख एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी अपनी ब्रिटेन यात्रा से लौट आए हैं। रेड्डी का गन्नावरम हवाई अड्डे पर उप मुख्यमंत्री बी.मुत्याला नायडू, मंत्री जे.रमेश, के.नागेश्वर राव, पी.विश्वरूप, मुख्य सचिव डॉ. के.जवाहर रेड्डी और पुलिस महानिदेशक केवी राजेंद्रनाथ रेड्डी के साथ सांसदों, राज्य विधान परिषद (एमएलसी) के सदस्य और विधायकों ने उनका स्वागत किया।

### विषाक्त भोजन के सेवन से 90 छात्र अस्पताल में भर्ती

**निजामाबाद/तेलंगाना।** तेलंगाना में निजामाबाद जिले के भीमगल में कस्तूरबा स्कूल के लगभग 90 छात्रों को विषाक्त भोजन के सेवन से पीड़ित होने के कारण मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्रों ने सोमवार की देर रात खाना खाने के बाद पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत की। यह मामला प्रभारी विशेष अधिकारी सोभा के पास आया, जिसके बाद उन्होंने पीड़ित छात्रों को क्षेत्र के सरकारी अस्पताल भेजने की तत्काल व्यवस्था की। सड़क और भवन मंत्री वेमुला प्रसाद ने जिला कलेक्टर राजीवगांधी हनुमंथु को मौके पर जांच करने और घटना के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का निर्देश देकर स्थिति पर तुरंत प्रतिक्रिया दी।

# पटनायक ने सौम्य को पार्टी उपाध्यक्ष पद से हटाया

**भुवनेश्वर,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। बीजू जनता दल (बीजद) ने मंगलवार को केंद्रपाड़ा के विधायक सौम्य रंजन पटनायक को पार्टी उपाध्यक्ष पद से हटा दिया। बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक की ओर से जारी आदेश में कहा गया, सौम्य रंजन पटनायक के तत्काल प्रभाव से पार्टी उपाध्यक्ष पद से हटाया गया है। इस आदेश में हालांकि पटनायक के हटाए जाने की वजह नहीं बताई गई है।



उल्लेखनीय है कि एक मंत्री सहित बीजद के तीन वरिष्ठ नेताओं ने पटनायक की आलोचना की थी और उन्हें हटाने के लिए पार्टी को पत्र लिखा था। पटनायक ने हालांकि कहा कि वह जो कुछ भी कह रहे हैं वह केवल पार्टी की भलाई के लिए है और कोई भी उन्हें इस्तीफा देने का निर्देश नहीं दे सकता क्योंकि बीजद किसी व्यक्ति की नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से पटनायक का बीजद नेतृत्व के साथ विवाद चल रहा है। उन्होंने ओडिया दैनिक संवाद के संपादकीय पृष्ठ पर 5 टी सचिव वी.के. पांडियन (जो मुख्यमंत्री के सचिव भी हैं) के कामकाज और पार्टी की स्थिति की आलोचना की थी। पटनायक ने पांडियन की राजनीति में शामिल होने को लेकर आलोचना की थी और उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने, सार्वजनिक बैठकें करने, लोगों से शिकायतें प्राप्त करने और समस्याओं को हल करने के लिए अधिकारियों को आदेश देने की अनुमति देने को लेकर मुख्यमंत्री पटनायक की की आलोचना की थी।

# कांग्रेस की संभावित जीत से घबराई भाजपा : दिग्विजय

## विपक्ष पर लगाया ईडी-आईटी के छापे मारने की तैयारी का आरोप

**भोपाल,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रदेश में जगह-जगह आयकर (आईटी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर खोले जा रहे हैं और कांग्रेस की संभावित जीत से घबराई हुई सरकार की विपक्ष पर छापे मारने की योजना है। सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निवास पर कांग्रेस समिति के लोकसभा पर्यवेक्षकों की बैठक के बाद संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि आज हर जगह आम राय बन चुकी है और सभी सर्वे भी दिखा रहे हैं कि प्रदेश में कांग्रेस की भारी बहुमत से सरकार बन रही है। ऐसे में सूचना आ रही है कि प्रदेश में जगह-जगह आईटी अेर ईडी के दफ्तर खोल कर वहां अधिकारी पदस्थ किए जा रहे हैं, ताकि विपक्ष पर छापे मारे जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार घोटालेबाजों पर छापे नहीं मारेगी, बल्कि ये सरकार सत्ता से बाहर रह कर संघर्ष करने वाले लोगों पर छापे मारने वाली है, लेकिन कांग्रेस के लोग डरने वाले नहीं हैं।



मोदी व अमित शाह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार घोटालेबाजों पर नहीं मारेगी छापे : दिग्विजय सिंह

उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार का साम्राज्य है, यहां अगर ईडी आईटी के दफ्तर खुल रहे हैं तो उन्हें भ्रष्ट अधिकारियों को निशाने पर लेना चाहिए, लेकिन सरकार की विपक्ष पर छापे मारने की योजना है। बैठक के संदर्भ में सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस समिति अध्यक्ष और संगठन महामंत्री के.सी. वेणुगोपाल ने हर संसदीय क्षेत्र में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है और वे चुनाव के नतीजे आने तक उस क्षेत्र में एआईसीसी, प्रदेश समिति और निचले संगठन के साथ काम करेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने मप्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। कमलनाथ ने कहा कि राज्य में भाजपा के वरिष्ठ नेता जिस तरह से पार्टी द्वारा अपनी ही अवहेलना, उपेक्षा और अपमान की सरेआम बात कर रहे हैं, इससे साबित हो गया है कि कांग्रेस के प्रति जन समर्थन देख भाजपा पहले ही हताश हो चुकी है।

### कुपोषण से मृत्यु शासन व्यवस्था पर कलंक : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में दो बच्चों की कथित तौर पर कुपोषण से मौत के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कुपोषण से मृत्यु शासन व्यवस्था पर कलंक है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि शिवपुरी जिले के पटपरी गांव में दो आदिवासी बच्चियों की कुपोषण से मृत्यु का समाचार गंभीर चिंता का विषय है। कुपोषण से मृत्यु शासन व्यवस्था पर कलंक के समान है। कुपोषण को लेकर सरकार की उदासीनता इस बात से समझी जा सकती है कि पटपरी गांव में आंगनबाड़ी भवन और पोषण आहार वितरण की व्यवस्था तक नहीं है। भाजपा की भ्रष्टाचार की भूख बच्चों के पोषण पर भारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कमीशन और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी भाजपा की सरकार से जनहित और आदिवासी कल्याण की उम्मीद करना बेमानी है।

# पोडु भूमि को खेती के लिए उपजाऊ जमीन में बदलेगी तेलंगाना सरकार

**वारंगल,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना सरकार आदिवासियों के लाभ के लिए सीएम गिरि विकासम योजना के माध्यम से पोडु भूमि को खेती के लिए उपजाऊ जमीन में बदलने जा रही है। गिरि विकासम योजना, राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य भर में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के बीच कृषि विकास को बढ़ावा देना है। सरकार ने तत्कालीन वारंगल जिले के 38 अलग-अलग मंडलों में 37,987 आदिवासियों को पट्टे (स्वामित्व पत्र) वितरित किए, जिसमें 1,02,256 एकड़ पोडु भूमि का विशाल विस्तार शामिल था। इस परिवर्तन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए, आईटीडीए को एक व्यापक सर्वेक्षण करने का काम सौंपा गया है। सभी संबंधित विभागों द्वारा सत्यापन के बाद बजट अनुमान तैयार किया जाएगा। तेलंगाना सरकार ने रायथु बंधु योजना का लाभ पोडु भूमि तक भी बढ़ा दिया है। चूंकि उनमें से अधिकांश सूखी फसलों की खेती तक ही सीमित हैं, इसलिए सरकार गिरी विकासम योजना के तहत भूमि को समतल करने, बिजली की आपूर्ति करने और बोर-वेल और मोटर स्थापित करके सिंचाई प्रदान करने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। आईटीडीए परियोजना अधिकारी अंकित ने कहा कि गिरि विकासम योजना के तहत, हमने बिजली और पानी की सुविधाओं की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक क्षेत्र-स्तरीय सर्वेक्षण शुरू किया है।



### बीआरएस संसदीय दल की बैठक 15 सितम्बर को

**हैदराबाद।** बीआरएस संसदीय दल की बैठक 15 सितम्बर को प्रगति भवन में माननीय मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की अध्यक्षता में होगी। 18 सितम्बर से संसद के विशेष सत्र के समय, बीआरएस संसदीय दल की बैठक में पार्टी के रुख, अपनाई जाने वाली रणनीति और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री केसीआर ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों से अनिवार्य रूप से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# मराठा समुदायों को दिया जाएगा आरक्षण : शिंदे

**मुंबई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से मराठा समुदाय को आरक्षण प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे अन्य समुदायों का कोटा प्रभावित नहीं होगा। शिंदे मराठा आरक्षण के चल रहे मुद्दे को हल करने के लिए अपनी अध्यक्षता में सह्याद्री गेस्ट हाउस में आयोजित सर्वदलीय बैठक के बाद कल देर रात मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। गौरतलब है कि मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मराठा कार्यकर्ता मनोज जारांगे पाटिल पिछले 14 दिनों से जालना जिले में भूख हड़ताल पर हैं। मराठा समुदाय को आरक्षण दिलाने के लिए राज्य की सभी पार्टियां एकजुट हैं और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसलिए सभी दलों के प्रतिनिधियों ने जारांगे पाटिल से अनशन वापस लेने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इस आंदोलन के दौरान मराठा कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की कार्रवाई तुरंत शुरू कर दी गई है। शिंदे ने कहा कि सरकार मराठा आरक्षण के लिए बहुत गंभीरता से प्रयास कर रही है और यह देखा जाएगा कि अदालत में बिना किसी समझौते के आरक्षण कैसे दिया जा सकता है।

# बांध सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे जगदीप धनखड़

## जयपुर में दुनियाभर से आए विशेषज्ञ लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। जल शक्ति मंत्रालय गुरुवार से राजस्थान की राजधानी जयपुर में बांध सुरक्षा एवं संरक्षण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा जिसमें दुनियाभर से आए विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। जल शक्ति मंत्रालय ने यहां बताया कि जयपुर में यह आयोजन 14 से 15 सितम्बर तक आयोजित होगा जिसमें अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ बांध सुरक्षा एवं संरक्षण पर अपने विचार रखेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समारोह का उद्घाटन करेंगे और सुरक्षित तथा संरक्षित बांधों द्वारा राष्ट्र की समृद्धि सुनिश्चित विषय पर अपने विचार रखेंगे। मंत्रालय के अनुसार बड़े बांधों के मामले में विश्व स्तर पर भारत का तीसरा स्थान है और देश में 6,000 से अधिक बांध हैं। इनमें से 80 प्रतिशत बांध 25 वर्ष से अधिक तथा 234 बांध 100 वर्षों से ज्यादा पुराने हैं और इन बांधों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए इस तरह के सम्मेलन के जरिए भारत और विश्व के अन्य देशों में विशेषज्ञों को एक स्थान पर लाकर बांध सुरक्षा और प्रबंधन पर विचार करना आवश्यक है। मंत्रालय का यह भी कहना है कि सम्मेलन में बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना के उद्देश्यों के साथ ही देश में बांध सुरक्षा सुधार में योगदान जैसे विषय पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी।



**राहत** | *कश्मीर में नहीं बचे आतंकियों के कमांडर*


# भाड़े के विदेशी आतंकियों से काम चला रही आईएसआई

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 12 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर के मोर्चे से खुशी वाली खबर यह है कि 34 सालों से फैले आतंकवाद को चलाने की खातिर अब पाकिस्तान को कोई आतंकी कमांडर नहीं मिल रहा है। न ही स्थानीय और न ही विदेशी। जो कमांडर थे वे या तो मारे जा चुके हैं या फिर अंडरग्राउंड हो चुके हैं। यही नहीं अब कश्मीर में स्थानीय युवकों का।**

पाकिस्तान तथा आतंकवाद की ओर से मोहभंग हो जाने के कारण पाक सेना की खुफिया संस्था आईएसआई सिर्फ विदेशी भाड़े के सैनिकों पर ही विश्वास कर रही है। इसकी पुष्टि सेना भी करती थी।

सेना के बकौल, कश्मीर में इस साल 46 आतंकी मारे गए हैं। पिछले 34 सालों के आतंकवाद के इतिहास में यह आंकड़ा सबसे कम है और इसमें भी खुशी की बात यह है कि इनमें सिर्फ 9 ही स्थानीय युवक थे और बाकी सभी विदेशी आतंकी थे। सेना की उत्तरी कमांड के सेनानायक ले जनरल उपेंद्र द्विवेदी पत्रकारों से बात करते हुए इसके प्रति खुशी जाहिर करते थे कि अब स्थानीय युवकों का आतंकवाद तथा पाकिस्तान के प्रति मोहभंग हो रहा है। हालांकि इसके लिए वे सभी सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयासों को श्रेय देते थे।



■ कश्मीर में इस साल मारे गए 46 आतंकी

वे इस पर चुप्पी साध लेते थे कि क्या सब सब धारा 370 को हटाए जाने का परिणाम है। हालांकि उनकी चिंता का विषय विदेशी आतंकियों द्वारा अपने ठिकाने बदल लिए जाने के प्रति था। वे मानते थे कि विदेशी आतंकियों को अब जम्मू संभाग के अन्य हिस्सों में आतंकवाद फैलाने का टास्क दिया गया है। यह इससे भी स्पष्ट होता था कि इस साल मारे गए 37 विदेशी आतंकियों में से 29 को जम्मू संभाग की पीर पंजाल रेंज के इलाकों में मारा गया था। वे कहते थे कि मारे गए सभी आतंकी समान्य आतंकी थे और उनमें से कोई भी कमांडर स्तर का नहीं था जिससे यह साबित होता था कि कश्मीर में अब कोई आतंकी कमांडर बनने को तैयार नहीं है और यह सुरक्षाबलों की मेहनत का ही फल है। गौरतलब है कि सेना के उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बताया था कि जम्मू-कश्मीर में शांति की स्थापना से पड़ोसी देश हताश है और इस वर्ष अब तक मारे गए 46 आतंकवादियों में से 37 विदेशी थे।

इस वर्ष विभिन्न अभियानों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या स्थानीय की तुलना में चार गुना अधिक है। सीमा पार से जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है। द्विवेदी ने कहा था कि पिछले नौ महीनों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या 46 है और इनमें से नौ स्थानीय थे जबकि 37 विदेशी थे। इनमें से 29 आतंकवादी दक्षिण पीर पंचाल में मारे गए हैं। उत्तरी कमान न केवल नियंत्रण रेखा बल्कि वास्तविक नियंत्रण रेखा की भी रक्षा कर रही है और उन्नत तकनीक को शामिल करने से सेना को लाभ होगा और सशस्त्र बलों में वृद्धि होगी।

# प्रादेशिकी

## छेड़छाड़ से तंग आकर लड़की ने की आत्महत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रायबरेली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के ऊंचाहार इलाके में सरेआम गुंडे की छेड़छाड़ और मारपीट से तंग आकर एक लड़की ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि ऊंचाहार के कोडरा बहादुरपुर इलाके में एक 20 वर्षीय युवती ने दबंग आरोपी शुभम यादव की छेड़छाड़ से तंग आकर घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह करीब 10 बजे मृतका के आक्रोशित परिजनों ने उसका शव सड़क पर रख कर रोड जाम कर दिया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) के अनुसार मृतका के परिजनों के प्रदर्शन के पहले ही आरोपी की गिरफ्तारी की जा चुकी थी और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

# बुंदेलखंड में बसेगा नया औद्योगिक शहर : योगी

## उप्र सरकार बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए देगी पांच हजार करोड़ की राशि

लखनऊ, 12 सितम्बर (देशबन्धु)। बुंदेलखंड के सतत विकास के साथ-साथ वन ट्रिलियन इकॉनमी की अर्थव्यवस्था बनने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से बुंदेलखंड के जिलों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहां रोजगार की असीमित सुविधाओं का सृजन संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में इससे पूर्व 1976 में औद्योगिक शहर नोएडा के गठन का निर्णय लिया गया था और अब 47 वर्षों के बाद एक नए शहर की स्थापना का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पारित हुए प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र



- योगी मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय
- झांसी-ग्वालियर मार्ग पर बनाई जाएगी इंडस्ट्रियल टाउनशिप

विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत झांसी में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) द्वारा नोएडा की तर्ज पर एक नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप को विकसित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। परियोजना के पहले चरण में झांसी के 33 राजस्व ग्रामों की 35 हजार एकड़ जमीन को अधिग्रहीत कर औद्योगिक शहर की स्थापना की जाएगी। इस जमीन की कीमत 6312 करोड़ रुपए है। सुरेश खन्ना ने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकार की ओर से 5 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई थी और इस वर्ष (2023-24)में मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व नए औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना मद के तहत ऋण के रूप में 5000 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। जो जमीन अधिग्रहीत की जाएगी, उसमें 8 हजार एकड़ जमीन ग्राम समाज की है। वित्त मंत्री ने बताया कि यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम है। इस ऐतिहासिक निर्णय से बुंदेलखंड के बहुआयामी विकास को तेज गति मिलेगी। झांसी के आसपास का एरिया बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएगा। इसके माध्यम से कुल 14 हजार हेक्टेयर जमीन पर औद्योगिक शहर विकसित करने की योजना है। यह औद्योगिक शहर झांसी-ग्वालियर मार्ग पर प्रस्तावित है जो राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से देश के प्रमुख शहरों से भी जुड़ा होगी। यही नहीं, यह राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से जालौन जनपद से गुजरने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़कर प्रदेश के अन्य शहरों से अच्छी तरह जुड़ेगी। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत टाउनशिप समेत औद्योगिक स्थापना के लिए आवश्यक सभी आवश्यक सुविधाओं का यहां समावेश होगा। इसके गठन से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा तथा बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। जन सामान्य को क्षेत्रीय विकास के साथ ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यह कदम प्रदेश के विकास में भी बहुत बड़ा योगदान देगा। सरकार ने जो वन ट्रिलियन इकॉनमी बनने का संकल्प लिया है, वो इसके माध्यम से पूरा हो सकेगा। योगी कैबिनेट ने 20 हजार से एक लाख जनसंख्या वाले सबसे पिछड़े 100 नगरीय निकायों में आकांक्षी नगर योजना को लागू किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके अंतर्गत इन नगरीय निकायों में वर्तमान में चल रही सरकारी योजनाओं के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार, सांसद व विधायक निधि समेत अन्य संस्थाओं से सहयोग प्राप्त कर कन्वर्जन के माध्यम से परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा।

### सहारनपुर, अयोध्या व फिरोजाबाद में भी चलेंगी एसी इलेक्ट्रिक बसें

कैबिनेट में सहारनपुर, अयोध्या और फिरोजाबाद में एसी इलेक्ट्रिक बसों से संचालन से संबंधित प्रस्ताव को भी ग्रीन सिग्नल मिल गया। इन शहरों में इलेक्ट्रिक बसों से संचालन, प्रबंधन एवं अनुरक्षण के लिए कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत संबंधित मंडल के आयुक्त की अध्यक्षता में नए एसपीवी के गठन का निर्णय लिया गया है। एसपीवी को नगरों में बसें चलाने के लिए मार्ग निर्धारित करने का अधिकार होगा। साथ ही मार्गों पर किराए के निर्धारण के साथ ही यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विचार विमर्श करने का भी अधिकार होगा। उल्लेखनीय है कि अभी प्रदेश के 14 शहरों में कुल 740 एसी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन 13 एसपीवी क माध्यम से कराया जा रहा है।

# लूट के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार

## शौक ने बनाया लुटेरा, 15 लाख की लूट को दिया अंजाम

**मेरठ,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। इंडिया वन के पूर्व कर्मचारी ने ही कंपनी के 15 लाख रुपयों की लूट कर डाली। कर्मचारी ने उधारी चुकाने और लाइफ स्टाइल सुधारने के लिए अपनी कंपनी की रकम लूट ली। मेरठ के मवाना थाना क्षेत्र में 19 मार्च 2023 को कर्मचारी से बीच सड़क 15 लाख रुपए लूटे गए थे। पुलिस ने लूट करने वाले 3 बदमाशों को पकड़ा है। घटना का मास्टरमाइंड कंपनी की ही पुराना कर्मचारी निकला। एसपी देहात कमलेश बहादुर सिंह ने बताया कि मवाना पुलिस चौकी के पास इंडिया वन कंपनी जो ज्ड में पैसा डालने का काम करती है। उसके कर्मचारी नंदन सिंह से 2 बदमाशों ने बाइक से 15 लाख रुपयों से भरा बैग लूटा था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस 3 बदमाशों तक पहुंची। तीनों ने अपना जुर्म कुबूल किया है। लूटकांड में अंकित, विकास, कोमल उर्फ आदर्श शामिल हैं। ये तीनों खजूरी गांव मेरठ के रहने वाले हैं। पूरी लूट का मास्टमाइंड विकास है। चूंकि विकास इंडिया वन में टेक्नीशियन था, एक साल पहले नौकरी छोड़ चुका था। उसे



कंपनी से जुड़ी सारी जानकारी थी। नौकरी छोड़ने के बाद विकास बेरोजगार था। उस पर गांव में 70 हजार रुपयों की उधारी थी। आए दिन उधारी मांगने लोग उसके घर आते थे। तभी उसने उधारी चुकाने के लिए लूट का प्लान बनाया। लूट के लिए उसने कंपनी के कर्मचारी नंदन को टार्गेट किया। नंदन के पास अक्सर एटीएम में डालने के लिए कैश होता है। हम उससे इन पैसों की लूट कर लें, उस लूट की रकम से उधारी चुकाएंगे और ऐश करेंगे। विकास ने ही गांव के दो युवक कोमल, अंकित को अपने प्लान में मिलाया। तीनों इसमें शामिल हो गए। विकास ने मवाना में बैंक से एटीएम तक पूरे इलाके की रेकी कराई और 15 मार्च को मवाना खुर्द में गांव तिकरी में जाकर नंदन को कट्घ्टा दिखाकर रुपयों से भरा बैग लूट कर भाग गए।

## सार संक्षेप

### जिला कारागार में विधिक साक्षरता एंव जागरूता कार्यक्रम

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान 2023-2024 के मद्देनजर जिला कारागार में बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता विषय पर विधिक साक्षरता एंव जागरूता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम को हरीराम, अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रेखा जैन, चीफलीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, नासिर अहमद, असिस्टेण्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, अम्बर साहरण, असिस्टेण्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल तथा कु. चन्द्रिका कौशिक, असिस्टेण्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल ने भी सम्बोन्धित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की। उक्त कार्यक्रम में रवि कुमार सिहं, डिप्टी जेलर भी उपस्थित रहें ।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़

**मेरठ।** भाई से विवाद होने पर आरोपी नाबालिग बहन के दुश्मन बन गए। मां के साथ बाजार जा रही नाबालिग को सरेराह ई रिक्शा से खींच लिया। इस दौरान किशोरी के कपड़े फट गए। मां के शोर मचाने पर आसपास के लोग घटनास्थल पर दौड़े तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता न्याय के लिए लिसाड़ी गेट थाना पहुंची और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

### सार्वजनिक अवकाश की मांग

**मेरठ।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश के लिए योगक्षेमं संस्था के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि भगवान परशुराम को विष्णु भगवान के छठें अवतार के रूप में देखा जाता है। वे समस्त दिव्यास्त्रो के संचालक, योग, वेद, नीति व तंत्र क्रम में निश्चनातक के रूप में जाने जाते हैं। परशुराम ने द्वापर युग में महाभारत के भीष्म, द्रोणाचार्य व करण जैसे महारथी को युद्ध विद्या में पारंगत किया था। वे अनेक कलाओं में पारंगत थे।

### वाराणसी में शुरू होगा हॉट एअर वैलून का संचालन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को दावा किया कि काशी कॉरिडोर बनने से पर्यटन के क्षेत्र में वाराणसी में गुणात्मक रूप से वृद्धि हुई है और जल्द ही यहां स्थाई रूप से पर्यटक हॉट एअर बैलून का संचालन किया जायेगा। पर्यटन विभाग तथा वाराणसी विकास प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के अवसर पर उन्होने कहा कि राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनायें हैं और इसीलिये आज यह समझौता किया गया है।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में मंगलवार शाम को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ऑटो और मोटर साइकिल की टक्कर में ऑटो रिक्शा चालक सहित दो की मौत हो गई और अन्य कई घायल हो गए। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के तहत आज शाम को बालाजी मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक युवक अमित मंदिर से दर्शन कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था।

# शहीद प्रदर्शनी से मौत का कुंआ व काला जादू हटा

**मवाना,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका मवाना के तत्वावधान में आयोजित शहीद चन्द्रभान प्रदर्शनी में बारिश का पानी भरा होने से दर्शकों की संख्या काफी कम रही, वहीं मेला स्थल से आयोजनकर्ताओं ने काला जादू व मौत का कुआं हटाना शुरू कर दिया है। लोगों काक हना हैकि इस साल प्रदर्शनी समय से पहले ही उजड़नी शुरू हो गई है। अभी शहीद प्रदर्शनी का समय 15 सितम्बर तक हैं। शहीदों के नाम पर नगर में आयोजित शहीद चन्द्रभान प्रदर्शनी का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक व पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने फीता काटकर शुभारंभ किया था। प्रदर्शनी के शुरूआती दौर में ही तेज बारिश के कारण कई दिनों तक मेला देखने वाले दर्शकों की संख्या कम रही। एक माह के समय अंतराल में तीन-चार बार तेज बारिश हुई। तीन दिन पहले हुई बारिश की चपेट में कवि सम्मेलन भी आ गया। रामलीला मैदान में आयोजित कवि सम्मेलन में कम श्रोता ही पहुंच पाये। पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक बताते है कि बारिश के कारण कई दिनों से मेला स्थल पर पानी भरा हुआ है। दो दिन से मौत का कुआं व काला जादू वाले अपने सामान खोलने में लगे हुए है। मेले में ये दोनों आइटम दो दिन से नहीं चल रहे हैं। दर्शकों की संख्या कम होने के कारण झूले भी नहीं चल पा रहे है। इस बार समय से पहले ही प्रदर्शनी उजड़ने लगी है।

# भारत को समझने के लिए समाज के बीच जाना जरूरी : तपन कुमार

**मेरठ,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत में जन्म लेने से भारत को समझ गए ऐसा मुमकिन नहीं है। भारत को समझने के लिए समाज के बीच जाना होगा। मोबाईल और टीवी के माध्यम से भारत समझ में नहीं आएगा। भारत को समझने के लिए आत्मबोध करना होगा। केवल समस्याओं को बताना से कुछ नहीं होगा उसका समाधान भी बताना होगा। यह बात तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में स्व भारत आत्मबोध विषय पर विशेष व्याख्यान के दौरान सामाजिक चिंतक तपन कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि बिना अर्थ जाने हम शब्दों का प्रयोग करना शुरू कर देते हैं। किसी भी शब्द को प्रयोग करने से पहले उसको अर्थ हमको मालूम होना चाहिए। जिस प्रकार से हम 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस कहते हैं,



- सीसीएसयू में स्व भारत आत्मबोध विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन
- अंग्रेजो द्वारा बनाए गए कानून के मुद्दे पर चर्चा

जबकि यह स्वाधीनता दिवस है। हम अंग्रेजो की गुलामी से तो आजाद हुए थे। लेकिन प्रशासनिक ढांचा पूरी तरह ब्रिटेन का ही था। तपन कुमार ने कहा कि हमारे देश का जितना भी कानून है वह अंग्रेजो के द्वारा बनाया गया, हम उसी को अपनाए हुए हैं। हमारा विज्ञान हजारों साल पुराना है। हमारे ज्ञान को विस्तान न देकर उसको रोककर, पाश्चात्य ज्ञान-विज्ञान को परोसा गया। भारतीय दर्शन और मूल्यो से भारत के लोगों को दूर करते हुए उन्हें रूढिवादी और अंधविश्वास पर आधारित घोषित करने का प्रयास हुआ। हमें गलत विज्ञान पढाया गया। भारत के लोगों को मानसिक गुलाम बनाकर अंग्रेजो ने गुलाम बनाया। मानसिक गुलाम बनाने के लिए गलत इतिहास लिखा गया। बताया कि हमें अपने दुश्मनों को समझना होगा। निदेशक प्रो. प्रशांत कुमार ने सभी का स्वागत किया। डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लव कुमार, बीनम यादव, प्रशासनिक अधिकारी मितेंद्र कुमार गुप्ता तथा विभाग के समस्त छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# पिटबुल कुत्ते का आतंक कई बार कर चुका हमला

**मेरठ,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी पुलिस में तैनात दो भाइयों के पिटबुल कुत्ते से परेशान होकर पीड़ित परिवार ने एसएसपी से मिलकर पिटबुल से छुटकारा दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि वह मामले की शिकायत थाना पुलिस से कर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही, जबकि पुलिसकर्मियों का परिवार उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। थाना किला परीक्षितगढ़ क्षेत्र के ग्राम पसवाड़ा निवासी अंकित रुहेला पुत्र सुभाष रुहेला मां रेणु देवी के साथ मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे। शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पड़ोस के रहने वाले दो भाई यूपी पुलिस में सिपाही हैं।

जिन्होंने पिटबुल कुत्ता पाला हुआ है। दोनों भाई रौब गांठने के लिए पिटबुल कुत्ते को खुला छोड़ देते हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पिटबुल कुत्ता गांव वालों पर हमला कर चुका है। 11 सितंबर को भी उन्होंने मामले की शिकायत डायल 112 की पुलिस से की थी, लेकिन पुलिसकर्मियों को जब दो भाइयों के पुलिस विभाग में होने की जानकारी मिली तो वह बिना कार्रवाई के चले गए।

# क्षेत्रीय, जनपद व मंडल स्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताएं 24 से

## एएस इंटर कॉलेज में होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**मवाना,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। ए.एस.इंटर कॉलेज मवाना में 24 सितम्बर 23 से आयोजित होने वाली क्षेत्रीय, जनपद तथा मंडल स्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता की तैयारी युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय तथा इस क्षेत्र के इतिहास में पहली बार जनपदीय तथा मंडलीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता की मेजबानी ए एस इंटर कॉलेज मवाना करेगा। क्षेत्रीय प्रतियोगिता 24 सितंबर से 27 सितंबर तक तथा जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक किया जायेगा। इसके उपरांत मंडल स्तरीय



प्रतियोगिता 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया जाएगा, जिसमें 6 जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाचार्य, खेल शिक्षक एवं खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसके लिए युद्ध स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

ड्रिल कार्यक्रम में 1100 छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा जिसमें एक कार्यक्रम में 1100 छात्राएं एक साथ प्रतियोगिता में शामिल होगी। उक्त जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया कि विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता की जोरों से तैयारी में जुट गए हैं।

# पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट फर्रुखाबाद का प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष 2023 को स्वर्ण जयंती के रूप में मना रहा है जिसमे व्यापारी स्वाभिमान यात्रा पूरे प्रदेश से होती हुई दिनांक 28 सितम्बर को फर्रुखाबाद नगर में भी आ रही है यह वर्ष को स्वर्ण जयंती के रूप में मनाने के उपलक्ष में श्रीमान पुलिस अधीक्षक को सम्मान पत्र देकर व थाना कोतवाली फर्रुखाबाद में तैनात सब इंपेक्टर सुनील कुमार को सराहनीय कार्य करने पर उनको भी सम्मान पत्र व 5 हजार रुपए की चेक पुरस्कार देकर पुलिस अधीक्षक के कर कमलों से सम्मानित किया गया। नगर अध्यक्ष हाजी मो. इखलाक खान नगर महामंत्री राकेश सक्सेना व डॉ. अरविंद गुप्ता नगर प्रभारी ठाकुर सर्वेन्द्र सिंह नगर युवा अध्यक्ष श्री अंकुर श्रीवास्तव नगर चेयरमैन सरदार जगदीप सिंह नगर महिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला महामंत्री अनिता शर्मा नगर उपाध्यक्ष योगेन्द्र प्रकाश आर्य युवा नगर प्रभारी सलमान खान सुथटटी महामंत्री लईक सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।



# बी फार्मा कोर्स की फीस 55 हजार से घटकर 48 हजार हुई

## विवि में कुलपति की अध्यक्षता में लिया फैसला




**मेरठ,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। बी फार्मा करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। चौधरी विवि में आरंभ हुए कोर्स बी फार्मा की फीस को 55 हजार से घटाकर 48 हजार रुपए कर दिया गया है। मंगलवार को विवि में कुलपति की अध्यक्षता में यह फैसला लिया है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में वित्त समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर निर्णय लिया गया। सत्र 2023-24 के लिए शासनादेश के अनुसार परीक्षा शुल्क का निर्धारण किया गया। सत्र 2023-24 के लिए डिस्टेंस लर्निंग कोर्स की फीस का निर्धारण किया गया। सत्र 2023-24 से संचालित बी फार्मा कोर्स की फीस 55 हजार से घटकर 48 हजार करने का निर्णय लिया गया। बीए इंग्लिश कोर्स के बजट का निर्धारण किया गया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी रमेश चंद्र कुलसचिव धीरेंद्र कुमार अपर निदेशक कोषागार एके सिंह उच्च शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश वित्त समिति के सदस्य नरेंद्र बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

**प्रदर्शन** | *जिलाधिकारी ऑफिस में अधिवक्ताओं ने दिया धरना*

# कचहरी परिसर में ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालय करवाया बंद

**मेरठ,12 सितम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी कार्यालय परिसर पहुंचकर अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। मंच से अपने संबोधन में अधिवक्ताओं ने कहा कि मेरठ-हापुड़ लोकसभा का कार्यक्षेत्र सांसद राजेंद्र अग्रवाल के अंतर्गत आता है। बीती 29 अगस्त से अधिवक्ता समाज हड़ताल पर है। लेकिन अभी तक जनप्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात करने की कोशिश नहीं की। अब अधिवक्ता जनप्रतिनिधियों का घेराव करेंगे।**

अधिवक्ताओं ने हापुड़ के डीएम और सपा पर कार्रवाई की मांग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी दीपक मीणा को सौंपा हैं। मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर पाल शर्मा और महामंत्री विनोद कुमार चौधरी के नेतृत्व में अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय परिसर में मंच लगाकर धरना देना शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं ने बीती 29 अगस्त को हापुड़ की घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हापुड़ पुलिस द्वारा शांतिपूर्वक तरीके से आंदोलन कर रहे अधिवक्ताओं पर



बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया गया। इसी वजह से अधिवक्ताओं ने 15 सितम्बर तक हड़ताल पर रहने का निर्णय किया हैं। मंगलवार सुबह अधिवक्ता कचहरी परिसर में घूमे, ट्रेजरी और रजिस्ट्री कार्यालय भी बंद करवा दिया। अधिवक्ताओं

**जनप्रतिनिधियों के न पहुंचने पर जताई नाराजगी**

को कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएगी। वे हड़ताल पर रहेंगे। अधिवक्ताओं ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि हापुड़ में हुई घटना के बाद से अधिवक्ता हड़ताल पर है। ऐसे में मेरठ जिले में राज्यसभा के तीन सांसद और एक लोकसभा का सांसद हैं।

### अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय पर लगाया ताला

**मवाना।** मवाना तहसील में मंगलवार को सुबह दस बजे अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय के गेट पर ताला लगाया और रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर धरना दिया। बाद में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। केंद्रीय संघर्ष समिति हाईकोर्ट बेंच उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बार एसोसिएशन मवाना और सिविल बार एसोसिएशन मवाना के सभी अधिवक्ताओं ने सुबह दस बजे मंगलवार को मवाना में रजिस्ट्री कार्यालय के गेट पर ताला डाला और कामकाज पूर्ण रूप से बंद कराया। उस समय रजिस्ट्री कार्यालय में कर्मचारी अंदर बैठे रहे। मंगलवार को सभी अधिवक्ताओं ने अपने चौम्बर बंद करके रजिस्ट्री कार्यालय के गेट पर धरना दिया। रजिस्ट्री कार्यालय पर आयोजित धरने की अध्यक्षता दोनों बार के अध्यक्ष श्रीवल्लभ व रघुवंश बंसला ने और संचालन महमपाल व अब्दुल सत्तार रिजवी ने किया। धरने पर दस्तावेज लेखकों का भी पूर्ण सहयोग रहा। सभी अधिवक्ता दिन भर न्यायिक कार्यो से विरत रहे।

### माफिया अनुपम दुबे पर धमकाए जाने की रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद,**12 सितम्बर (देशबन्धु)। जेल में बंद जिले के चर्चित माफिया अनुपम दुबे की मुसीबतें दिनों दिन बढ़ती जा रही है। कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम नगला बाग रठौरा निवासी गोपाल तिवारी पुत्र रामरूप ने माफिया अनुपम दुबे उनके भाई अनुराग दुबे एवं ग्राम बरारिख निवासी उपदेश उर्फ भूरे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के मुताबिक तहसीलदार सदर ने गैंगस्टर के मुकदमे में अनुपम दुबे की कृषि भूमि कुर्क की थी। तहसीलदार ने कुर्क की गई जमीन कृष्ण गोपाल की सुर्पदर्गी की में दी थी। कृष्ण गोपाल अप्रैल 2022 में कृषि भूमि पर काम करने के लिए गए तो अनुपम के साथी अवधेश उर्फ भूरे ने कृष्ण गोपाल व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अनुपम दादा का अनुराग दादा ने कहा है कि भूमि पर काम करने के एवज में प्रति वर्ष ढाई लाख रुपए देने होंगे।

## 'सावधान इंडिया' के लिए सुशांत सिंह ने बदला लुक, फैंस हुए हैरान

**मुंबई।** एक्टर सुशांत सिंह 'सावधान इंडिया' के नए सीजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि नया लुक शो में उनके हिस्से में एक और परत जोड़ता है। सुशांत की एक्टिंग स्किल्स ने लाखों दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनायी है। 'सावधान इंडिया' के नए सीजन के प्रोमो में 'क्रिमिनल डिकोडेड' नामक नई थीम के साथ उनका लुक काफी आकर्षक है। 'सावधान इंडिया' अपने नैरेटिव्स और सोशल स्टोरीज के लिए जाना जाता है। सुशांत काफी समय से इस शो के साथ होस्ट के रूप में जुड़े हुए हैं। इसकी सफलता में उनके योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता। लेटेस्ट सीजन में, सुशांत में एक बदलाव आया है, जिसने उनके फैंस और आम दर्शकों दोनों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है।



# धूम्रपान करने से तेजी से आ सकता है बुढ़ापा

- धूम्रपान फेफड़ों और समग्र स्वास्थ्य को नुकसान
- हृदय रोग, मधुमेह और मांसपेशियों की हानि
- लगभग 500,000 लोगों पर किया गया अध्ययन

**बीजिंग,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि धूम्रपान करने से बुढ़ापा जल्दी आ सकता है। यदि आप लंबे समय तक युवा और स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो धूम्रपान छोड़ दें क्योंकि यह न केवल आपके फेफड़ों और समग्र स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है, बल्कि आपकी उम्र भी तेजी से बढ़ा सकता है। यह अध्ययन लगभग 500,000 लोगों पर किया गया।

मिलान, इटली में यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी इंटरनेशनल कांग्रेस में प्रस्तुत अध्ययन से पता चला कि धूम्रपान हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली की श्वेत रक्त कोशिकाओं में क्रोमोसोम के अंतिम टुकड़े को छोटा कर देता है। इन अंतिम टुकड़ों की लंबाई, जिन्हें टेलोमेरेस कहा जाता है, इस बात का संकेतक है कि हम कितनी जल्दी बूढ़े हो जाते हैं और हमारी कोशिकाओं की मरम्मत और पुनर्जीवित होने की क्षमता कितनी है।

चीन में हांगझू नॉर्मल यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन में सहायक प्रोफेसर सियू दाई ने कहा कि हमारे अध्ययन से पता चलता है कि धूम्रपान की स्थिति और सिगरेट की मात्रा के परिणामस्वरूप ल्यूकोसाइट टेलोमेर की लंबाई कम हो सकती है, जो टिश्यू की स्व-मरम्मत, पुनर्जनन और उम्र बढ़ने का एक संकेतक है। दूसरे शब्दों में, धूम्रपान उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज कर सकता है, जबकि छोड़ने पर जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है।

टेलोमेरेस दोहराए जाने वाले डीएनए अनुक्रमों की लंबाई हैं जो क्रोमोसोम के सिरों की रक्षा करते हैं। हर बार जब कोई कोशिका विभाजित होती है, तो टेलोमेर थोड़े छोटे हो जाते हैं, अंततः इतने छोटे हो जाते हैं कि कोशिका सफलतापूर्वक विभाजित नहीं हो पाती और वह मर जाती है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया का हिस्सा है।

श्वेत रक्त कोशिकाओं (जिन्हें ल्यूकोसाइट्स कहा जाता है) में टेलोमेयर की लंबाई को पहले धूम्रपान से जोड़ा गया है, लेकिन, अब तक, इस बात पर बहुत कम शोध हुआ है कि क्या धूम्रपान की स्थिति और धूम्रपान की गई सिगरेट की मात्रा वास्तव में टेलोमेयर की लंबाई में कमी का कारण बनी है। शोधकर्ताओं ने 4,72,174 यूके बायोबैंक प्रतिभागियों के जीनोमिक डेटा का उपयोग किया, जो वर्तमान धूम्रपान करने वालों, कभी धूम्रपान न करने वालों और पहले धूम्रपान करने वाले लोगों से संबंधित थे।

उन्होंने पाया कि वर्तमान धूम्रपान की स्थिति सांख्यिकीय रूप से कम ल्यूकोसाइट टेलोमेर लंबाई के साथ महत्वपूर्ण रूप से जुड़ी हुई थी, जबकि पिछले धूम्रपान करने वालों और जिन लोगों ने कभी धूम्रपान नहीं किया था, उनमें ल्यूकोसाइट टेलोमेर लंबाई में कमी नहीं देखी गई थी। जो लोग धूम्रपान करते थे, उनमें कम टेलोमेयर लंबाई की ओर रुझान था, लेकिन यह सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण नहीं था। जो लोग अधिक संख्या में सिगरेट पीते थे, उनमें ल्यूकोसाइट टेलोमेर की लंबाई काफी कम हो गई थी। दाई ने कहा कि धूम्रपान से ल्यूकोसाइट टेलोमेर की लंबाई कम हो सकती है, और जितनी अधिक सिगरेट पी जाएगी, लंबाई कम करने का प्रभाव उतना ही मजबूत होगा।

# रिजेक्शन के बावजूद मैं इस भरोसे पर रही कि अपना टाइम आएगा : सैयामी खेर

**मुंबई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सैयामी खेर को लेटेस्ट थियेट्रिकल रिलीज 'घूमर' के लिए शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी ट्रांसफॉर्मिंग जर्नी और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मिले रिजेक्शन्स के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि धैर्य के कारण ही उन्हें अपना रास्ता तय करने में मदद मिली। सैयामी के लिए टर्निंग प्वाइंट तब आया जब निर्देशक अनुराग कश्यप ने उन्हें स्ट्रीमिंग फिल्म 'चोक्ड' के लिए लीड रोल में लिया। अपनी जर्नी के बारे में बात करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा कि रास्ता आसान नहीं रहा है, और कई बार रिजेक्शन के चलते निराशा रही। हालांकि, मैं इस भरोसे पर कायम रही कि अपना टाइम आएगा। सैयामी ने आगे बताया कि उनके लिए अनुराग कश्यप, अश्विनी अय्यर तिवारी, नीरज पांडे और बाल्की जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा रहा है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझ पर उनका विश्वास और मुझे लेखक समर्थित भूमिकाएं निभाने का सौभाग्य मिला। मैं अभी जहां हूं उसके लिए आभारी हूं और आगे आने वाले अवसरों के लिए उत्साहित हूं।



सैयामी ने 'फाडू' में निर्देशक अश्विनी अय्यर तिवारी के साथ काम कर इंडस्ट्री में अपनी स्थिति और मजबूत की। और हाल ही में, फिल्म निर्माता आर. बाल्की के साथ 'घूमर' में उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा।

# भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में 1.23 लाख से अधिक मानसून पक्षी देखे गए



**केंद्रपाड़ा,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। ओड़िशा के केन्द्रपाड़ा में भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में इस वर्ष मानसून पक्षी जनगणना के दौरान वन गणना टीमों द्वारा अनुमानित 1,23,867 मानसून पक्षी और 26,118 घोंसले देखे गए।

उद्यान के सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि इस साल घोंसले बनाने की प्रक्रिया के लिए 7,797 अधिक आवासीय पक्षी भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में आए। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 1654 अधिक घोंसलों की सूचना मिली है।

मानसून पक्षी गणना 3 सितम्बर से 8 सितम्बर तक उद्यान के अंदर और बाहर चार स्थानों पर की गई थी। राजनगर मैंग्रोव वन और वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) गोपीनाथ सुदर्शन जादव ने कहा कि मानसून पक्षियों ने 26,118 घोंसले बनाने के लिए उद्यान के अंदर 1760 पेड़ों को चुना।

उन्होंने कहा कि हालांकि, बग्गाहन हेरोनरी में एक भी घोंसला नहीं देखा गया है, जो वर्षों से मानसून पक्षी प्रजातियों के लिए पसंदीदा घोंसला स्थान रहा है। पिछले वर्ष बग्गाहन बगुले में मानसूनी पक्षी नहीं आए थे। इस बार, गणनाकर्ताओं ने राजनगर वन रेंज के अंतर्गत बाली-दिया में एक नया घोंसला स्थान देखा।

> लिटिल एग्रेट, पर्पल हेरॉन, ग्रे हेरॉन, लिटिल कॉर्मोरेंट, ब्लैक क्राउन्ड नाइट हेरॉन, ब्लैक हेडेड इबिस और डार्टर शामिल

जादव कहा कि इस मानसून में राष्ट्रीय उद्यान में आने वाली आवासीय पक्षी प्रजातियों में एशियन ओपन-बिल्ड स्टॉर्क, लार्ज एग्रेट, इंटरमीडिएट एग्रेट, लिटिल एग्रेट, पर्पल हेरॉन, ग्रे हेरॉन, लिटिल कॉर्मोरेंट, ब्लैक क्राउन्ड नाइट हेरॉन, ब्लैक हेडेड इबिस और डार्टर शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि एशियाई ओपन-बिल स्टॉर्क एक बार फिर अन्य पक्षी प्रजातियों की तुलना में बड़ी संख्या में आए। इसी तरह, डार्टर, जिसे सांप पक्षी कहा जाता है और आजकल एक दुर्लभ प्रजाति बन गया है, को जनगणना अभियान के दौरान देखा गया।

उन्होंने कहा कि हर साल, मानसून के मौसम की शुरुआत के साथ, ये पक्षी आम तौर पर बड़ी संख्या में भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में आते हैं, और घोंसला बनाने की प्रक्रिया नवम्बर के अंत तक पूरी हो जाती है।



# अपने बच्चे को पहली बार गोद में लेने के एहसास पर सोनम कपूर ने की बात

**मुंबई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सोनम कपूर ने अपनी लाइफ के मैजिकल मोमेंट्स के बारे में बताया, जब उन्होंने अपने बच्चे को जन्म दिया था और वह उनकी गोद में था। एक्ट्रेस ने सोमवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में अपनी गर्भावस्था के बारे में विस्तार से बताया। अपने जीवन के सबसे जादुई पल के बारे में बात करते हुए सोनम ने कहा कि जब मैंने अपने बच्चे को जन्म दिया और वह मेरी गोद में आया, तो यह मेरे लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक था। मुझे पहली बार एक अलग खुशी और सुकून महसूस हुआ। मेरी नॉर्मल डिलीवरी हुई थी और यह सबसे अद्भुत मोमेंट्स था। मेरे पति मेरे बगल में थे और जिस डॉक्टर ने मुझे बच्चे को जन्म देने में मदद की, वह मेरी मां की करीबी दोस्त थी। मेरे आस-पास मेरे माता-पिता, मेरी बहन, मेरे ससुराल वाले मुझे प्यार करने वाले लोग थे। यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल था। जब आप एक बच्चे को जन्म देते हैं तो यह वास्तव में जीवन बदल देता है। अपनी गर्भावस्था के दौरान अपने आहार के बारे में साझा करते हुए, अभिनेत्री ने कहा कि लंदन में मेरे डॉक्टर ने मुझे हेल्दी डाइट खाने को कहा जो मूल रूप से भारतीय खाना है। इसलिए मैंने दाल, रोटी और भाजी खाई। अगर आप मांसाहारी हैं तो आप चिकन, मछली और दही खा सकते हैं।

# आप सांसदों ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित बच्चे के इलाज के लिए जुटाए 17.5 करोड़

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के दो सांसदों, संजय सिंह और संजीव अरोड़ा ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित कैनव (डेढ़ साल) के इलाज के लिए लोगों के समर्थन से 17.5 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह दिल्ली में एसएमए का पहला मामला है, जबकि देश में कुल नौ मामले सामने आए हैं। आखिरकार बच्चे के लिए यह इंजेक्शन 10.5 करोड़ रुपए में उपलब्ध कराया गया। अन्य दलों के संसद सदस्यों ने भी क्राउडफंडिंग प्रयासों में योगदान दिया। केंद्र सरकार द्वारा आयात शुल्क हटाने के साथ यह इंजेक्शन 7 करोड़ रुपए की रियायती कीमत पर प्राप्त किया गया। केजरीवाल ने बताया कि बच्चे को इंजेक्शन लगा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कनव के परिवार से भी मुलाकात

> एसएमए का पहला मामला, जबकि देश में कुल नौ मामले

की और देखा कि बच्चे के पैरों में गतिशीलता की समस्या थी और यह बीमारी उसके शरीर के ऊपरी हिस्से को भी प्रभावित कर रही थी। बच्चे का पेट भी बेजान हो गया था। डॉक्टरों ने परिवार को बताया कि 24 महीने के भीतर इलाज के बिना स्थिति घातक हो सकती है। यह जानने पर कि इंजेक्शन की कीमत 17.5 करोड़ रुपए है, परिवार आप सांसद संजीव अरोड़ा के पास पहुंचा। सांसद ने मदद का वादा किया, जिसे रियायती मूल्य पर उपलब्ध कराया गया। केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, एसएमए, एक गंभीर बीमारी है, जो दिल्ली में जन्मे कनव को जन्म से ही परेशान कर रही थी। अब तक देश में ऐसे कुल नौ मामले सामने आए हैं। इस छोटे बच्चे को जीवन का मौका देने के लिए 17.5 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगाया गया।

यह अमेरिका से आयात किया गया। हमारे संसद सदस्यों, संजीव अरोड़ा और संजय सिंह के प्रयासों के साथ-साथ जनता के सहयोग से, यह इंजेक्शन बच्चे को लगाया गया है, और वह अब ठीक होने की राह पर है। उसमें धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। हम उन सभी मशहूर हस्तियों, नेताओं और मीडिया संगठनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस नेक काम में परिवार की मदद की। भगवान इस बच्चे को हमेशा स्वस्थ और खुश रखें।

# मैं ऐसी भूमिकाएं चुनती हूं, जहां खुद को दोहराना न पड़े : कृतिका कामरा

**मुंबई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। 'भीड़', 'हश हश' और 'तांडव' समेत अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस कृतिका कामरा 'बंबई मेरी जान' में महिला गैंगस्टर का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह क्यों खुद को स्क्रीन पर दोहराना पसंद नहीं करतीं।



'बंबई मेरी जान' एक क्राइम वेब सीरीज है, जिसमें वह पहली बार ऑनस्क्रीन एक महिला गैंगस्टर की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाती हैं, उनका किरदार क्राइम ड्रामा की दुनिया में एक अनूठा आयाम जोड़ने के लिए तैयार है। अपनी विविध भूमिकाओं के बारे में बात करते हुए, कृतिका ने कहा कि प्रत्येक प्रोजेक्ट का अपना यूनिक फ्लेवर होता है। मैं इन पात्रों को जीवंत करने के लिए रोमांचित हूं। मैंने जानबूझकर ऐसी भूमिकाएं चुनने में अपना समय लिया है, जहां मैं खुद को दोहराती नहीं हूं क्योंकि लोग आपको एक निश्चित प्रकार की भूमिका में बांध देते हैं।

# प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने सीडीओ को दी भावुक विदाई

**देवरिया,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर आदर्श प्राथमिक विद्यालय रूच्चापार के बच्चों ने मंगलवार को निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) रवींद्र कुमार की बहुत ही भावुक अन्दाज में विदाई दी। गौरतलब है कि आदर्श प्राथमिक विद्यालय रुच्चापार को सीडीओ कुमार ने गोद लिया था और उन्होंने जन सहयोग के माध्यम से इस विद्यालय को स्मार्ट एवं आधुनिक विद्यालय में बदल दिया था। जिसकी वजह से क्षेत्र के कई अभिभावकों ने प्राइवेट स्कूलों से अपने बच्चों का नाम कटाकर इस विद्यालय में दाखिला दिलाया था। निवर्तमान सीडीओ का भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) संवर्ग में प्रमोशन होने के बाद उनका तबादला यहां से अन्यत्र हो गया है और आज वह अपने गोद लिये इस विद्यालय में बच्चों से मिलने पहुंचे थे। विद्यालय के बच्चों सीडीओ के तबादले की जानकारी मिली तो बच्चे बहुत ही भावुक मन से कुमार से लिपट विलाप करने लगे। इस दौरान निवर्तमान सीडीओ भी भावुक हो गए तथा बच्चों को पढ़ लिखकर बड़ा आदमी बनने की बात कही। इस दौरान निवर्तमान सीडीओ को विदाई देने के लिए तमाम गांव वासी भी इकट्ठा होकर उन्हें माला पहनाये।

# बनारस के बजड़े के सामने फीके पड़ जाएंगे क्रूज



**वाराणसी,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र काशी में पर्यटन ऊंचाईयां हासिल कर रहा है। इसी क्रम में विश्वनाथम डबल डेकर बजड़ा तैयार किया जा रहा है जो कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को दशहरा से बनारस के घाटों की सैर कराएगा। बजड़ा बनाने वालों का दावा है कि वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर इसका निर्माण हो रहा है। यह बजड़ा लंबाई में अलकनंदा क्रूज से पांच फीट बड़ा है।

श्रीविश्वनाथम के प्रबंधन से जुड़े अजय साहनी ने बताया कि काशी में कॉरिडोर बनने के बाद यहां पर घाटों में पर्यटकों की भीड़ काफी बढ़ गई हैं। यहां पर बाहरी क्रूज आकर हमें मुंह चिढ़ा रहे थे। उसी कारण हम क्रूज से बड़ा एक बजड़ा तैयार करवा रहे हैं जो कि 110 सीट का होगा और फुल एयर कंडीशन होगा जिसमें यात्रियों को बैठने के बाद स्वदेशीपन का एहसास होगा। उन्होंने बताया कि अलकनंदा क्रूज की लंबाई 75 फीट है जबकि श्रीविश्वनाथम की लंबाई 80 फीट और चौड़ाई 20 फीट है। बजड़ा पूरी तरह से वातानुकूलित है। इसमें दो इंजन लगाए गए हैं। एक इंजन सीएनजी जबकि दूसरा पेट्रोल से चलेगा।

## बदलेगा बिलीरुबिन विश्लेषण का तरीका

# आईआईटी कानपुर ने तैयार की नई स्ट्रिप

**कानपुर,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) ने मानव रक्त/सीरम में बिलीरुबिन के तीन प्रकारों का एक साथ तेजी से विश्लेषण करने की तकनीक तैयार की है। उसने इसे बड़े पैमाने पर निर्माण और बिक्री करने के लिए सेंसा कोर मेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसे नेशनल सेंटर फॉर फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रॉनिक्स (एनसीफ्लेक्सई), आईआईटी कानपुर में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सिद्धार्थ पाण्डा और डॉ. निशांत वर्मा ने विकसित किया है। यह तकनीक एक नॉन-एंजाइमी इलेक्ट्रोकेमिकल सेंसिंग स्ट्रिप के निर्माण का रास्ता खोलती है, जो रक्त की एक बूंद में कुल और प्रत्यक्ष बिलीरुबिन का एक साथ पता लगा सकती है और एक मिनट में जांच के परिणाम दे सकती है।



आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर अभय करंदीकर ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को समृद्ध करने के लिए प्रभावी पॉइंट-ऑफ-केयर प्रौद्योगिकियों का विकास करना आईआईटी कानपुर की प्राथमिकता रही है। यह नया सेंसर, रक्त में बिलीरुबिन के स्तर का पता लगाने की प्रक्रिया को आसान बनाता है। यह कुछ स्वास्थ्य स्थितियों का पता लगाने वाली प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। इस अद्वितीय पांच-इलेक्ट्रोड कॉन्फ़िगरेशन के समावेश से एक ही स्ट्रिप पर प्रत्यक्ष और कुल बिलीरुबिन का एक साथ पता लगाने की सुविधा मिल जाएगी। इस एमओयू के माध्यम से हम सभी की बेहतर उपयोगिता के लिए इस आविष्कार के प्रभावी विपणन के साथ स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने की उम्मीद करते हैं।

- रक्त में बिलीरुबिन को तुरंत व सटीक रूप से मापने में मदद
- एक मिनट में जांच के परिणाम

इसे नॉन-एंजाइमी इलेक्ट्रोकेमिकल सेंसर विशेष रूप से क्लीनिकल नमूनों में बिलीरुबिन के स्तर का सटीक पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। बिलीरुबिन हमारे रक्त में एक वर्णक है, जिसके स्तर की जानकारी होने पर स्वास्थ्य संबंधी कुछ समस्याओं के निदान में मदद मिल सकती है।

इसमें नवजातों में पीलिया की स्थिति शामिल है। यह भारत में प्रति 1000 जीवित जन्मे नवजातों पर 7.3 की मृत्यु दर के साथ लगभग 60 फीसद पूर्ण अवधि और 80 प्रतिशत समयपूर्व नवजात शिशुओं को प्रभावित करती है। इसका पता लगाने वाले पारंपरिक तरीकों की सीमाएं सीमित हैं। इसकी तुलना में आईआईटी कानपुर का यह सेंसर न केवल पोर्टेबल और किफायती है, बल्कि बगैर प्रारंभिक प्रसंस्करण के रक्त नमूनों का सीधे विश्लेषण कर सकता है।

# इंग्का सेंटर्स और ले मार्श में हुआ करार

**गुरूग्राम** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। इंग्का सेंटर्स और ले मार्श ने गुरूग्राम में लिकली के ग्राउंड फ्लोर में सुपरमार्केट शुरू करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की घोषणा की है। करीब 2,676 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला नया सुपरमार्केट, जो शहर में अपनी तरह का इकलौता फॉर्मेट है, एक अनोखा और बेहतर ग्राहकीय अनुभव प्रदान करेगा। ले मार्श ने भारत के लिए एक अनोखे ग्रोसरी स्टोर कॉन्सेप्ट को ख़ास तौर पर डिज़ाइन किया है जिसे ख़ास इंग्का सेंटर्स के लिकली गुरूग्राम मीटिंग प्लेस में कार्यान्वित किया जाएगा। इस सुपर मार्केट में सभी प्रकार की कीमतों के साथ विभिन्न प्रकार के खाद्य उत्पादों की एक बेहद व्यापक रेंज उपलब्ध होगी। विभिन्न क्षेत्रों के ताज़े उत्पादों पर महत्वपूर्ण रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा और ग्राहकों के लिए कई लाइव काउंटर होंगे जहाँ वे संपूर्ण भारत और दुनियाभर के उत्पादों को आज़मा सकेंगे। इन लाइव काउंटरों के माध्यम से विभिन्न खाद्य साम

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### झींगा किसान सम्मेलन-2023 का उद्घाटन गुरुवार को गुजरात में

नई दिल्ली। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला 14 सितंबर को गुजरात में नवसारी में झींगा किसान सम्मेलन-2023 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)- सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रैकिशवॉटर एक्वाकल्चर (सीआईबीए) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की मंगलवार को एक विज्ञपति के मुताबिक इस सम्मेलन के दौरान सीआईबीए और राष्ट्रीय मछली मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) तथा सीआईबीए और गुजरात के मत्स्य पालक उत्पादक संगठन (एफएफपीओ) के बीच समझौता ज्ञापनों हस्ताक्षर किए जाएंगे।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 2.91 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.66 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.49 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.28 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 3.48 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.19 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.68 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.55 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# हरित विकल्पों के लिए ऑटोमोबाइल उद्योग में नवाचार की जरूरत: मोदी



**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के साथ-साथ भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करने के वास्ते हरित विकल्पों के लिए ऑटोमोबाइल उद्योग में नवाचार की जरूरत पर बल दिया है। श्री मोदी ने आज सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की 63वीं वार्षिक बैठक के लिए भेजे अपने संदेश में कहा 'अमृत काल हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने का एक अवसर है और ऑटोमोबाइल क्षेत्र कोई अपवाद नहीं है।' प्रधानमंत्री के संदेश को सियाम के अध्यक्ष केनिची आयुकावा ने पढ़कर सुनाया। इसमें श्री मोदी ने कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र ने रोजगार सृजन के नए मौकों के जरिए अर्थव्यवस्था के सर्वांगीण विकास और विकास में योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 'यह समय की मांग है कि हरित विकल्पों के लिए ऑटोमोबाइल उद्योग का नवाचार एक नई गति हासिल करे, पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के साथ-साथ भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करे।' उन्होंने उम्मीद की कि सम्मेलन में आए विभिन्न हितधारक जिनमें उद्योग विशेषज्ञ, निर्माता और नीति निर्माता शामिल हैं, ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लिए एक भविष्य का खाका विकसित करने पर विचार-विमर्श करेंगे।

श्री मोदी ने वाहन निर्माण के मामले में तीसरा सबसे बड़ा भारतीय ऑटो उद्योग बनने पर भी बधाई दी और रिकॉर्ड निर्यात की उपलब्धि की सराहना करते हुये कहा 'महामारी के बावजूद मिली इन उपलब्धियों ने भारत के आर्थिक पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।' उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र ने रोजगार सृजन के नए अवसरों के जरिए अर्थव्यवस्था के सर्वांगीण विकास और विकास में योगदान दिया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने निर्माताओं को 'मेक इन इंडिया' के लिए प्रोत्साहित करके वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में एक सक्षम दृष्टिकोण अपनाया है।

## डीजल वाहनों पर 10 प्रतिशत जीएसटी का प्रस्ताव नहीं: गडकरी



नई दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कहा कि डीजल वाहनों पर दस प्रतिशत अतिरिक्त जीएसटी लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। श्री गडकरी ने इन खबरों का खंडन करते हुए एक्स कर कहा, डीजल वाहनों की बिक्री पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त जीएसटी का सुझाव देने वाली मीडिया रिपोर्टों को लेकर स्पष्टीकरण की तत्काल आवश्यकता है और इस संदर्भ में यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।' उन्होंने आगे कहा 'देश में 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को नेट जीरो करने के लक्ष्य और डीजल जैसे खतरनाक ईंधन के कारण होने वाले वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के साथ ही वाहन बिक्री में तेजी लाने की हमारी प्रतिबद्धता है और इसके लक्ष्य को हासिल करने के लिए सक्रिय रूप से स्वच्छ और हरित वैकल्पिक ईंधन अपनानाने की जरूरत है और यह ईंधन आयात के विकल्प, कम लागत, स्वदेशी और प्रदूषण मुक्त होना चाहिए।'

## वैश्विक बिक्री के पहले दिन 'मेक इन इंडिया' आईफोन बेचने की तैयारी में एप्पल



नई दिल्ली, 12 सितम्बर (आईएएनएस)। एप्पल अपने वैश्विक बिक्री के पहले दिन 'मेक इन इंडिया' आईफोन 15 को देश के अंदर बेचने के साथ-साथ पहले से कहीं अधिक तेजी से कुछ अन्य बाजारों में निर्यात करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मामले से जुड़े करीबी लोगों ने बताया कि भारत निर्मित आईफोन 15 अपने वैश्विक बिक्री के पहले दिन उपलब्ध होगा। नई आईफोन 15 मंगलवार (अमेरिकी समय) को लॉन्च के बाद कुछ दिनों या हफ्तों में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। सूत्रों के अनुसार, 'मेक इन इंडिया' आईफोन 15 यूनिट्स का एक छोटा सेट इसके वैश्विक लॉन्च के कुछ ही समय के भीतर अन्य देशों में निर्यात किए जाने की तैयारी है। अगस्त में, एप्पल निर्माता फॉक्सकॉन ने तमिलनाडु के पास अपनी श्रीपेरंबुदूर फैसिलिटी में नेक्स्ट जनरेशन आईफोन 15 के लोकल प्रोडक्शन को पहले से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ाया, क्योंकि कंपनी ने 'मेक इन इंडिया' पहल को दोगुना कर दिया था। करीबी सूत्रों ने बताया कि ला ॅ न्च - ट ू - अवेलेबिलिटी अंतर को कम करने और भारत से अन्य देशों में निर्यात को बढ़ाने के लिए एप्पल का लक्ष्य अगले महीने में वैश्विक स्तर पर लॉन्च होते ही स्थानीय रूप से असेंबल किए गए आईफोन 15 को वितरित करना है।

पिछले साल, एप्पल ने सितंबर में भारत में फॉक्सकॉन फैसिलिटी में आईफोन 14 को असेंबल करना शुरू किया था, यह सालों में पहली बार था जब देश में वैश्विक लॉन्च के कुछ हफ्तों के भीतर एक नया आईफोन असेंबल किया गया था। उम्मीद है कि आईफोन 15 तीन सालों में डिवाइस का सबसे महत्वपूर्ण अपडेट होगा। इसमें पूरी रेंज में कैमरा सिस्टम अपग्रेड शामिल होगा, जिसमें प्रो मॉडल में एक बेहतर 3-नैनोमीटर प्रोसेसर मिलेगा।

## अगस्त में खुदरा महंगाई दर घटकर 6.83 फीसदी हुई



■ उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई भारत की खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई के 7.44 प्रतिशत के मुकाबले अगस्त में गिरकर 6.83 प्रतिशत हो गई

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई भारत की खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई के 7.44 प्रतिशत के मुकाबले अगस्त में गिरकर 6.83 प्रतिशत हो गई। साथ ही खाद्य मुद्रास्फीति जुलाई के 11.51 प्रतिशत से घटकर अगस्त में 9.94 प्रतिशत रह गई। हालांकि खुदरा मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने आरबीआई के टारगेट 6 प्रतिशत से काफी ऊपर रही। सीपीआई मुद्रास्फीति में गिरावट सब्जियों, मांस और अंडा उत्पादों और मछली की कीमतों में गिरावट के कारण आई है। हालांकि अनाज, दूध और फलों के साथ-साथ कपड़े और जूते और मसालों की कीमतें जुलाई की तुलना में अगस्त में काफी बढ़ गईं। अगस्त 2022 में खुदरा महंगाई दर 7 फीसदी थी, जबकि खाद्य महंगाई दर 7.62 फीसदी थी।

## कृषि में डेटा-संचालित नवाचार प्रोत्साहन के लिए संयुक्तराष्ट्र ऐजेंसी, नाबार्ड की पहल

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) तथा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने भारत में छोटे किसानों के सहायतार्थ कृषि और खाद्य प्रणालियों में डेटा-संचालित नवोन्मेष को प्रोत्साहित करने के लिए एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। नाबार्ड की ओर मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस समझौते के तहत, दोनों संगठन ओपन-सोर्स डेटा साझा करके छोटे किसानों के जीवन और आजीविका में सुधार करने के लिए काम करेंगे ताकि उत्पाद के विकास, प्रौद्योगिकी के अंतरण और कृषि नीतियों के निर्माण में सहायता प्रदान की जा सके। समझौते पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक संजीव रोहिला और यूएनडीपी की उप स्थानीय प्रतिनिधि इसाबेल त्शान ने हस्ताक्षर किए। नाबार्ड डीआईसीआरए प्लेटफॉर्म कोसंचालित करेगा और इसका रख रखाव करेगा तथा यूएनडीपी के तकनीकी सहायता के साथ नीति निर्माण, अनुसंधान और विकास गतिविधियों के लिए अपने प्रमुख भू-स्थानिक डेटासेट का उपयोग करेगा। इस अवसर पर नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के.वी. ने कहा, 'यह दोनों संगठनों के लिए डेटा का उपयोग करके किसानों के विशाल ग्रामीण भारतीय समुदाय के लिए सार्वजनिक डिजिटल आधारभूत संरचना के रूप में प्रस्तुत करने के कई अवसरों को पैदा करता है। आगे हम यूएनडीपी के साथ अधिक गहरे संबंधों की उम्मीद कर रहे हैं, और यह समझौता ज्ञापन इस दिशा में एक कदम है।'

सुश्री इसाबेल त्शान ने कहा, 'कृषि भारत में आजीविका का सबसे बड़ा स्रोत है, जो 80 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं को रोजगार देती है तथा महिलाओं पर जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक असर पड़ता है। डीआईसीआरए अत्याधुनिक डेटा विज्ञान और मशीन लर्निंग का उपयोग उन खेतों की पहचान करने के लिए करता है जो जलवायु परिवर्तन के लिए आघातसहनीय हैं और अत्यधिक संवेदनशील हैं।'

विज्ञप्ति के अनुसार इस समझौते के तहत, यूएनडीपी कृषि निवेश में डेटा-संचालित निर्णय लेने के नाबार्ड के एजेंडे को सहायताप्रदान करने के लिए खुले नवोन्मेषों, डेटा सहयोगों, डेटा विज्ञान दृष्टिकोणों और वैश्विक ज्ञान में अपनी विशेषज्ञता की सुविधा प्रदान करेगा।

### सार संक्षेप

#### रुपया नौ पैसे चढ़ा

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया नौ पैसे की बढ़त लेकर 82.95 रुपए प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.04 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 82.96 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान हुई बिकवाली की बदौलत 82.87 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि लिवाली होने से 83.01 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 83.04 रुपए प्रति डॉलर की तुलना में नौ पैसे की बढ़त लेकर 82.95 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।


#### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की 2023 सीबी300एफ

**नई दिल्ली।** दोपहिया बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने ओबीडी-2 ए कम्प्लायन्ट 2023 सीबी300एफ का लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी दिल्ली में एक्सशोरूम कीमत 1.70 लाख रुपए है।
कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इंटरनेशनल बिग-बाईक डिज़ाइन से प्रेरित स्पोर्टी परफोर्मेन्स और बेजोड़ व्यक्तित्व का शानदार संयोजन सीबी 300 एफ सही मायनों में स्ट्रीट फाइटर है। उपभोक्ता अब अपने नज़दीकी बिगविंग डीलरशिप पर 2023 होंडा सीबी300एफ के लिए बुकिंग कर सकते हैं। उसने कहा कि लॉन्च के बाद से होंडा सीबी300एफ ज़बरदस्त हैड टर्नर रही है। सही मायनों में स्ट्रीट फाइटर के जोश तथा परफोर्मेन्स, बहुमुखी प्रतिभा एवं आधुनिकता के बेहतरीन तालमेल से युक्त सीबी300एफ ने अपने बेजोड़ स्टाइल, आराम और ताकत के साथ नेक्स्ट-जैन राइडरों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा किया है। नया 2023 मॉडल ओबीडी-2 ए इंजन एवं अन्य आधुनिक तकनीकों के साथ और भी अडवान्स्ड है जो सड़क पर शानदार परफोर्मेन्स और ज़बरदस्त फुर्ती के साथ राइडर के अनुभव को और भी बेहतर बना देगी। पंची परफोर्मेन्स के लिए इसमें 293 सीसी, ऑयल-कूल्ड, 4 स्ट्रोक, सिंगल-सिलिंडर बीएस4 ओबीडी 2 ए कम्प्लायन्ट पीजीएम एफआई इंजन है, जो 18 के डब्ल्यू की पावर है।

#### यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड का आईपीओ 15 सितम्बर को खुलेगा

नई दिल्ली। कार्पोरेट ट्रेवल सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड का पूंजी बाजार से करीब 750 करोड़ रुपए जुटाने के उद्देश्य से लाये जा रहे प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 15 सितंबर को खुलेगा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव श्रिंगी ने आज वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि 20 सितंबर को बंद होने वाले इस आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 135 रुपए से लेकर 142 रुपए तय किया गया है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में घटबढ़




**मुंबई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लिवाली होने से सेंसेक्स में तेजी जबकि बिकवाली के दबाव में निफ्टी गिरकर सपाट बंद हुआ। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 94.05 अंक चढ़कर 67221.13 अंक पर पहुंच गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 3.15 अंक फिसलकर 19993.20 अंक पर सपाट रहा। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में हुई बिकवाली से बाजार पर दबाव रहा। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 2.96 प्रतिशत की गिरावट लेकर 32,084.93 अंक और स्मॉलकैप 4.02 प्रतिशत लुढ़ककर 36,982.74 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3805 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2934 में बिकवाली जबकि 745 में लिवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 20 तेजी पर रही।

बीएसई में आईटी, बैंकिंग और टेक की 0.79 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 17 समूहों में तेजी रही। इस दौरान यूटिलिटीज 3.74, पावर 3.66, दूरसंचार 3.63, सर्विसेज 3.38, रियल्टी 3.26, तेल एवं गैस 3.07, कमोडिटीज 2.26, सीडी 2.18, ऊर्जा 2.77, एफएमसीजी 0.57, वित्तीय सेवाएं 0.61, हेल्थकेयर 0.50, इंडस्ट्रियल्स 2.76, ऑटो 1.77, कैपिटल गुड्स 1.60, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.83 और धातु समूह के शेयर 2.58 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53 और जापान का निक्केई 0.95 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.41, हांगकांग का हैंगसेंग 0.39 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 380 अंक की जबरदस्त तेजी लेकर 67,506.88 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 67,539.10 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले यह 66,948.18 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 67,127.08 अंक के मुकाबले 0.14 प्रतिशत बढ़कर 67,221.13 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 114 अंक उछलकर 20,110.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,110.35 अंक के उच्चतम जबकि 19,914.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,996.35 अंक की तुलना में 0.02 प्रतिशत टूटकर 19,993.20 अंक पर सपाट रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टीसीएस 2.91, एलटी 1.68, इंफोसिस 1.66, अल्ट्रासिमको 1.49, आईसीआईसीआई बैंक 1.28, नेस्ले इंडिया 1.08, आईटीसी 0.91, सन फार्मा 0.71, बजाज फाइनेंस 0.42, एचडीएफसी बैंक 0.29, कोटक बैंक 0.19, भारती एयरटेल 0.19, एशियन पेंट 0.18, विप्रो 0.08 और एचसीएल टेक 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, पावरग्रिड 3.48, एनटीपीसी 3.31, टाटा मोटर्स 2.19, टाटा स्टील 1.68, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.55, रिलायंस 1.47, इंडसइंड बैंक 1.45, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.42, टाइटन 0.84, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.78, एसबीआई 0.56, बजाज फिनसर्व 0.37, टेक महिंद्रा 0.36, मारुति 0.26 और एक्सिस बैंक ने 0.06 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 पर उड़ान संचालन शुरू

**13 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शानदार टर्मिनल-2 से मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन शुरू हो गया**

**बेंगलुरु,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। 13 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शानदार टर्मिनल-2 से मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन शुरू हो गया। सभी निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानें सुबह 10.45 बजे से टर्मिनल 2 पर आना और प्रस्थान करना शुरू कर चुकी हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यात्रियों को अनुमानित कतार प्रतीक्षा समय और उड़ान की जानकारी के संबंध में पर्याप्त जानकारी प्राप्त करने की व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 11 नवंबर को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल -2 का उद्घाटन किया था। टर्मिनल अतिरिक्त 2.5 करोड़ हवाई यात्रियों को संभालेगा। आलीशान टर्मिनल-2 को एशिया में पहली बार हैंगिंग गार्डन के साथ दुनिया के सबसे बड़े टर्मिनलों में से एक माना जाता है। बेंगलुरु हवाई अड्डे ने 24 मई, 2008 को अपना परिचालन शुरू किया। 2019 में इसने 33 मिलियन से अधिक यात्रियों को संभाला। यह दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते हवाइअड्डों में से एक है। यह वर्तमान में दक्षिण भारत का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है। कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा था कि टर्मिनल -2 के उद्घाटन के साथ, बेंगलुरु केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (केएआईएल) देश का दूसरा सबसे बड़ा हवाई अड्डा बन गया है।

## भारत ने चुनिंदा चीनी स्टील पर पांच साल के लिए लगाया एंटी-डंपिंग शुल्क



**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्र ने कुछ चीनी स्टील पर पांच साल के लिए एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया है। सूत्रों ने कहा कि यह निर्णय तब लिया गया जब यह पाया गया कि चीनी निर्यातक अन्य देशों को बेहद कम कीमत पर स्टील उत्पाद निर्यात कर रहे थे। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार देर शाम एक अधिसूचना के माध्यम से इस निर्णय की घोषणा की गई। पिछले हफ्ते इस्पात मंत्रालय ने कहा था कि भारत में सस्ते चीनी इस्पात उत्पादों की डंपिंग की शिकायतें मिलने के बाद वह इस्पात आयात पर नजर रख रहा है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान चीन भारत को स्टील का सबसे बड़ा निर्यातक था, उसके बाद दक्षिण कोरिया था। चीन मुख्य रूप से भारत को शीट या कोल्ड-रोल्ड कॉइल्स का निर्यात करता है। यह विश्व का शीर्ष इस्पात उत्पादक भी है।

## भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम में दोनों देशों में कार्यालय बनाने का निर्णय

नई दिल्ली, 12 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम की बैठक में दोनों पक्षों के बीच पारस्परिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक-दूसरे के यहां विशेष कार्यालय स्थापित करने पर सहमति हुई है। फोरम ने भारत-सऊदी अरब स्टार्टअप / नवाचार सेतु पहल भी शुरू करने घोषणा की है और द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने के लिए 45 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सऊदी अरब के वली अहद (युवराज) एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद की भारत के दौरान सोमवार को अलग से इस फोरम की बैठक में इन पहलों की घोषणा की गयी । युवराज मोहम्मद बिन सलमान की जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की बैठक तथा भारत के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक के दौरान भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा सऊदी निवेश मंत्रालय द्वारा यहां भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम 2023 ('फोरम') का आयोजन किया गया। इस फोरम में भारत और सऊदी अरब की 500 से अधिक कंपनियों की भागीदारी रही। यह भारत और सऊदी अरब के बीच पहली औपचारिक निवेश संगोष्ठी है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न



क्षेत्रों में लगभग 100 अरब डॉलर का निवेश करने के बारे में सऊदी अरब के युवराज एवं प्रधानमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणा पर कार्रवाई के संबंध में आयोजित की गई ।

भारत-सऊदी निवेश फोरम 2023 के मंत्रिस्तरीय सत्र की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल और सऊदी अरब के निवेश मंत्री महामहिम खालिद ए अल फलीह ने की। इससे पूर्व दिन में, दोनों पक्षों के बीच जी2बी और बी2बी प्रारूप में 45 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर (एमओयू) हस्ताक्षर किए गए। इन समझौता ज्ञापनों से दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव और अधिक घनिष्ठ होने की उम्मीद है जिससे निवेश प्रवाह में भी तेजी आने की संभावना है। फोरम की बैठक में दोनों देशों की कंपनियों के प्रतिनिधियों की संयुक्त सभा को संबोधित करते हुए, दोनों मंत्रियों ने परस्पर स्टार्ट-अप, डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास, दोनों देशों के व्यापार और निवेशक परिवेश तंत्र के बीच घनिष्ठ सहयोग बढ़ाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों के बारे में चर्चा की। उन्होंने दोनों देशों की निवेश प्रोत्साहन एजेंसियों के बीच सहयोग तथा निवेश प्रोत्साहन कार्यालयों और सरकारी निवेश कोषों तथा संयुक्त परियोजनाओं की संभावनाओं के माध्यम से भारत में प्रत्यक्ष निवेश के बारे में चर्चा के लिए सऊदी की राजकीय निवेश निधि को प्रोत्साहित करने के बारे में भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

वाणिज्य मंत्रलाय की मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार दोनों मंत्रियों ने खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स एवं बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य देखभाल, ऊर्जा विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, कौशल विकास, अंतरिक्ष, आईसीटी और विशेष रूप से डिजिटल क्षेत्र में स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्रों में संभावित निवेश सहयोग की रूपरेखा के बारे में भी विचार-विमर्श किया।

